वर्ष-23 ■ अंक-281
■ पृष्ठ-8 ■ मूल्य-2.00

भोपाल
■ मंगलवार ■ 12 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष दसवीं
विक्रम संवत्-2083

E-mail
dainiksamayjagat@gmail.com
insmjagat@gmail.com

प्रधान संपादक : अशोक त्रिपाठी

दैनिक

# समय जगत



भोपाल, दिल्ली, म.प्र., उ.प्र. और अन्य राज्यों से एक साथ प्रकाशित

एक संदेश-पूरा देश

म.प्र. के सर्वाधिक केंद्रों तक प्रसारित प्रदेश का एकमात्र समाचार पत्र


ईश्वर से अधिक मूल्यवान दुनिया में कुछ भी नहीं...

शीर्ष की ओर 'समय जगत'
Facebook
asksamayjagat
Instagram
@asksamayjagat
Twitter
@asksamayjagat
यूट्यूब पर
'खबर समय जगत'
को भी सब्सक्राइब करें
www.dainiksamayjagat.in

# प्रधानमंत्री ने सोमनाथ अमृत महोत्सव में की पूजा- अर्चना

**अहमदाबाद।** गुजरात के गिर सोमनाथ में स्थित प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमनाथ के मंदिर में आज सोमनाथ अमृत महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। मंदिर के आधुनिक पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विशेष धार्मिक अनुष्ठानों और महापूजा में भाग लिया। पूरा मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार, शंखनाद और भक्तिमय संगीत से सराबोर रहा। इस अवसर पर देशभर के साधु-संतों, कलाकारों और हजारों श्रद्धालुओं की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी दिव्य बना दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमनाथ पहुंचकर सबसे पहले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा को नमन किया, जिन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार का संकल्प लिया था। इसके पश्चात, मंदिर के इतिहास में पहली बार शिखर पर कुंभाभिषेक का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। देश के 11 पवित्र तीर्थस्थलों के जल से भरे एक विशाल पांच फुट ऊंचे कलश को क्रेन की सहायता से करीब 90 मीटर ऊंचे मंदिर शिखर तक पहुंचाया गया, जहां शास्त्रों के अनुसार जलाभिषेक संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री ने इस आध्यात्मिक अनुष्ठान में पूरी श्रद्धा के साथ हिस्सा लिया। धार्मिक समारोह के साथ-

## सोमनाथ के शिखर पर पहली बार हुआ कुंभाभिषेक



साथ आज सोमनाथ की धरती पर राष्ट्रभक्ति और शौर्य का संगम भी देखने को मिला। भारतीय वायुसेना की प्रसिद्ध सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने मंदिर परिसर के ऊपर हैरतअंगेज एयर शो का प्रदर्शन किया। छह हॉक एमके-132 विमानों ने आसमान में आकर्षक फॉर्मेशन बनाकर दर्शकों का मन मोह लिया।

मंदिर के भव्य शिखर के ऊपर वायुसेना के इन विमानों की गूँज और कलाबाजियों ने श्रद्धालुओं के बीच रोमांच भर दिया। इससे पहले, प्रधानमंत्री मोदी का जामनगर से लेकर सोमनाथ तक अभूतपूर्व स्वागत किया गया। सोमनाथ पहुंचने पर उन्होंने एक भव्य रोड शो किया, जिसमें सड़क के दोनों ओर जमा जनसैलाब ने हर-हर महादेव के जयघोष के साथ उनका अभिनंदन किया। गुजरात सरकार और सोमनाथ ट्रस्ट ने इस महोत्सव को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की थीं। मंदिर को विशेष लाइटिंग और विदेशी फूलों से सजाया गया है, जिससे रात्रि के समय इसकी आभा और भी मनोरम हो गई है। यह उत्सव न केवल आस्था का प्रतीक बना, बल्कि आधुनिक भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक शक्ति के पुनर्जागरण का भी संदेश दे गया

# डॉ यादव ने 101 पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को दिये रुस्तमजी अवार्ड

**समय जगत, भोपाल।** भोपाल के रविंद्र भवन में सोमवार को आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने केएफ रूस्तमजी पुरस्कार से पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अलंकृत किया गया। यह सम्मान साल 2019-20 और 2021-22 की अवधि में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। पुलिस के 101 अधिकारियों और कर्मचारियों को डॉ मोहन यादव ने डीजीपी कैलाश मकवाना के साथ सम्मानित किया। इस दौरान मंच पर एडीजी चंचल शेखर, आदर्श कटियार मौजूद थे। इस दौरान सीएम ने कहा- पुलिस के जवानों को जिले के अंदर जहां उनकी पात्रता है, अगर वो आवास लेना चाहे तो वहां हाउसिंग बोर्ड, प्राधिकरण से मैं बात करने वाला हूं कि हमारे जवानों को भी आवास दीजिए। उनकी चिंता करना हमारी सरकार की आवश्यकता है। समारोह को संबोधित करते हुए डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा- 2013 से स्थापित रुस्तम जी पुरुस्कार जो हमारे 101 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को दिया जाएगा। यह पुरुस्कार 2019-20 और 2021-22 के दिए जा रहे हैं। शासन की स्वीकृतियों के बाद बजट और लायसेंस बनाने की प्रक्रिया भी पालन कराई गई। जब से यह पुरुस्कार शुरू हुआ है। उसके बाद 418 पुलिस अधिकारियों को आज तक पुरुस्कृत किया जा चुका है। इनमें दस्यु उन्मूलन, नक्सल विरोधी अभियान, दंगे या तनाव रोकने, कानून व्यवस्था की गंभीर परिस्थितियों को नियंत्रण करने में वीरता के

## जिले में पुलिसकर्मी ले सकेंगे आवास



प्रदर्शन और व्यवसायिक दक्षता के प्रदर्शन में यह पुरुस्कार दिए जाते हैं। समारोह में मौजूद पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चूंकि गृह विभाग उनके पास है, इसलिए उनका मन भी ऊंचाइयों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि सभी ने जो साहस दिखाया है और जिस दिन उन्होंने पुलिस में भर्ती होकर मेहनत की थी, उसका आज सम्मान करते हुए गर्व महसूस हो रहा है।

उन्होंने कहा कि पहले दो साल के पुरस्कार दिए जाते थे, अब कोशिश की जाएगी कि हर साल पुरस्कार दिए जाएं ताकि पेंडिंग न रहें। क्योंकि कुछ लोगों को रिटायरमेंट के बाद पुरस्कार मिला है, जिससे उनके मन में यह कसक रह सकती है कि यह सम्मान सेवा के दौरान मिलना चाहिए था। सीएम ने कहा कि रुस्तमजी अद्भुत व्यक्तित्व के धनी रहे हैं। उस दौर में जब मध्यप्रदेश कई राज्यों में बंटा हुआ था, तब हर जिले में पुलिस लाइन सहित तमाम व्यवस्थाओं को मजबूत करने में उनका योगदान रहा। सीएम ने कहा कि इतने बड़े भौगोलिक क्षेत्र और चुनौतियों के बावजूद कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की बड़ी भूमिका है। उन्होंने बताया कि अब डीजी से नीचे तक के अधिकारियों को पुरस्कार देने की सीमा बढ़ा दी गई है, जिससे डीजी अब 25 हजार की जगह 50 हजार तक का पुरस्कार दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग में नवाचार और परंपरा में बदलाव के लिए सरकार पूरी तरह सहयोग के लिए तैयार है। सीएम ने 1992 का जिक्र करते हुए कहा कि उस समय पुलिस पर खतरा अधिक था, लेकिन अब परिस्थितियां बदल चुकी हैं। उन्होंने कहा कि हथियार और आतंक से संविधान और कानून को डराना संभव नहीं है। उन्होंने बताया कि 2026 में पुलिस में 10 हजार भर्ती की जाएगी, जिसमें सब इंस्पेक्टर से लेकर अन्य पद शामिल होंगे। इसके बाद करीब 5-6 हजार पद ही शेष रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जिला पुलिस बल में पुलिस बैंड की भर्ती निकाली गई है और जवानों के आवास की व्यवस्था के लिए हाउसिंग बोर्ड और प्राधिकरण से बातचीत कर उन्हें आवास उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। डीजीपी कैलाश मकवाना ने कहा बचपन ने मैंने सुना है, खुसरो फरामोज रुस्तमजी जिन्हें केएफ रुस्तमजी के नाम से जाना जाता है। डीजीपी ने एक वाकिया सुनाया और कहा 1968 बैच में मेरे पिता डीएसपी में चयनित हुए थे। उसके 7 साल पहले रुस्तम जी 1958 से 1965 तक प्रदेश के दूसरे पुलिस मुखिया रहे हैं। उन्होंने मप्र पुलिस में कई परंपराएं स्थापित करने में योगदान दिया। मेरे पिता के बैचमेट रघुवंशी, आरके त्रिपाठी जो एडीजी से रिटायर हुए। चार डीएसपी चयनित हुए थे और ट्रेनिंग के दौरान पिताजी जब रतलाम से आ रहे थे तो बाजना की घाटी में बस ड्राइवर ने शराब के नशे में था उसने एक्सीडेंट कर दिया। उस घटना में कुछ लोगों की मृत्यु भी हुई कुछ घायल हुए उनमें मेरे पिता भी थे। बस का शीशा तोड़कर बाहर निकले फिर रतलाम के सरकारी अस्पताल में कुछ दिन भर्ती रहे। रीढ़ की हड्डी में चोट के बावजूद उन्होंने फिर से ट्रेनिंग जॉइन की। डीजीपी मकवाना ने कहा- आप सब जानते हैं कि पुलिस ट्रेनिंग में पीटी, परेड, रस्सा, बैक रोल, फ्रंट रोल ये सब होता है इसमें उन्हें दर्द रहने लगा। डॉक्टरों ने उन्हें सलाह दी कि आप पुलिस की नौकरी आगे कंटीन्यू मत करिए। वरना आगे आपको पैरालिसिस हो सकता है। डीजीपी ने कहा- जब 1988 में मेरा पुलिस में चयन हुआ तो उन्हें इस बात पर बहुत गर्व हुआ कि जिस खाकी की सेवा वो नहीं कर पाए वो खाकी में सेवा का काम उनका पुत्र करेगा। 1958 से 1965 तक रुस्तमजी प्रदेश के पुलिस मुखिया रहे। दस्यु उन्मूलन में उन दिनों उत्कृष्ट काम हुआ।



# प्रदेश ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर बनाया परिवार का हिस्सा: डॉ.यादव

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश की धरती ने चीतों को अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराकर , उन्हें पुनर्स्थापित करने का महत्वपूर्ण कार्य कर अपने परिवार का हिस्सा बनाया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने लगभग साढ़े तीन वर्ष पहले कूनो में चीता प्रोजेक्ट की शुरुआत की थी। आज देश में चीता पुनर्स्थापना का यह प्रोजेक्ट सफलता के साथ में आयामों की ओर तेजी से बढ़ रहा है। इस महत्वपूर्ण कार्य में मध्यप्रदेश नित नए कीर्तिमान रच रहा है। यह बात उन्होंने श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में 2 मादा चीतों को खुले जंगल में विमुक्त करते हुए कही।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कूनो नदी के किनारे स्थित चीता रिलीज साइट पर सीसीवी – 2, सीसीवी –3 चीतों को खुले जंगल में छोड़ा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश धर्म, निवेश एवं जैव विविधता के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। नाइजीरिया, दक्षिण अफ्रीका और अब बोत्सवाना से लाए गए चीतों के पुनर्स्थापन को निरंतर सफलता मिल रही हैं और आज प्रदेश ने देशभर में चीता स्टेट के रूप में पहचान बनाई है। वर्तमान में चीतों की संख्या 57 है, जिनमें से 54 कूनो नेशनल पार्क में और 03 गांधी सागर अभ्यारण्य में है। इस अवसर पर नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, मध्यप्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, शशांक भूषण, राघवेन्द्र जाट, सुमित सिंघल, शुभम मुदगल, बाबू सिंह यादव, कौशल गोयल आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके साथ ही पीसीसीएफ श्रीमती समिता राजौरा , डीआईजी श्री संजय कुमार जैन, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, डीएफओ कुनो आर थिरुकुराल, सामान्य केएस रंधा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, एडीएम रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री द्वारा 2 मादा चीते विमुक्त किए गये कूनो नेशनल पार्क के जंगल में**

# राहुल गांधी ने फिर साधा पीएम पर निशाना



**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम मोदी की हालिया सात अपीलों पर पलटवार किया। उन्होंने इसे नाकामी बताया। उन्होंने कहा कि अब देश चलाना पीएम मोदी के बस में नहीं रह गया है। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने लिखा- कल मोदीजी ने जनता से त्याग मांगा। सोना मत खरीदो, विदेश मत जाओ, पेट्रोल कम इस्तेमाल करो, खाद और खाने के तेल का इस्तेमाल घटाओ, मेट्रो से चलो, घर से काम करो। ये उपदेश नहीं हैं। ये विफलता हैं।

उन्होंने कहा कि 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि जनता को बताना पड़ रहा है। क्या खरीदें, क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं। दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके। पीएम मोदी रविवार को कहा था कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। पीएम ने कहा कि पेट्रोल, गैस और डीजल बचाने के लिए हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। अनावश्यक वाहन का इस्तेमाल कम करें। मेट्रो में सफर और कारपूलिंग करें। ज्यादा से ज्यादा लोगों को उसमें बैठाकर ले जाएं। हर परिवार अगर खाने के तेल का इस्तेमाल थोड़ा कम करे तो इससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी और लोगों की सेहत भी बेहतर रहेगी। देश को रासायनिक उर्वरकों की खपत आधी करने का लक्ष्य रखना चाहिए और तेजी से प्राकृतिक खेती की ओर बढ़ना चाहिए। शादियों, छुट्टियों और अन्य कारणों से विदेश यात्रा कुछ समय के लिए टालना देशहित में होगा।

# सांस्कृतिक स्वतंत्रता का जयघोष है सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : डॉ. यादव

**समय जगत, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि सदियों के संघर्ष के बाद प्राप्त सांस्कृतिक स्वतंत्रता का जयघोष है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुजरात की पुण्यधरा पर प्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में विराजमान भगवान श्री सोमनाथ जी के भव्य मंदिर के पुनर्निर्माण की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शिवभक्तों को सोशल मीडिया के माध्यम से मंगलकामनाएं देते हुए यह विचार व्यक्त किए।

# पाचन तंत्र के लिए अत्यधिक लाभकारी माना जाता है अंजीर

**नई दिल्ली।** प्राचीन समय से ही अंजीर के फल को पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर माना गया है। अब आधुनिक विज्ञान भी इसकी उपयोगिता को प्रमाणित करता है और इसे संतुलित आहार का अहम हिस्सा मानता है। आयुर्वेद में अंजीर को 'मधुर' और 'शीतल' प्रकृति का फल बताया गया है, जो शरीर के संतुलन को बनाए रखने में सहायक होता है। विशेष रूप से यह पाचन तंत्र के लिए बेहद लाभकारी माना जाता है। अंजीर में घुलनशील और अघुलनशील दोनों प्रकार के फाइबर मौजूद होते हैं, जो आंतों की सफाई में मदद करते हैं और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाते हैं। जब पाचन बेहतर होता है, तो शरीर पोषक तत्वों को भी अधिक प्रभावी ढंग से अवशोषित कर पाता है, जिससे समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है। हड्डियों की मजबूती के लिए भी अंजीर महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और फास्फोरस जैसे आवश्यक खनिज पाए जाते हैं, जो हड्डियों की संरचना को मजबूत बनाते हैं। विशेष रूप से उन लोगों के लिए यह फायदेमंद है, जिन्हें बोन डेंसिटी से जुड़ी समस्याएं होती हैं। ऊर्जा के स्रोत के रूप में भी अंजीर को प्रभावी माना जाता है। इसमें प्राकृतिक शर्करा और आयरन की मौजूदगी शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करती है और हीमोग्लोबिन के स्तर को बनाए रखने में मदद करती है। इससे थकान कम होती है और व्यक्ति दिनभर सक्रिय महसूस करता है। यही कारण है कि एनीमिया या कमजोरी से जूझ रहे लोगों को सीमित मात्रा में अंजीर का सेवन करने की सलाह दी जाती है। दिल की सेहत के लिहाज से भी अंजीर लाभकारी साबित होता है। इसमें मौजूद पोटेशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखने में मदद करते हैं और शरीर में हानिकारक फ्री रेडिकल्स को कम करते हैं। इससे हृदय संबंधी बीमारियों का जोखिम घटता है और कोलेस्ट्रॉल स्तर संतुलित बना रहता है।

# वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आया उछाल

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच पिछले कई हफ्तों से जारी सैन्य और कूटनीतिक तनाव को कम करने की कोशिशों को रविवार को उस समय बड़ा झटका लगा, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के शांति प्रस्ताव को सिरे से खारिज कर दिया। ईरानी प्रस्ताव के सामने आते ही राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया के जरिए अपनी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मुझे यह पसंद नहीं है, यह बिल्कुल भी मंजूर नहीं है। ट्रंप के इस क? संदेश के तुरंत बाद वैश्विक बाजार में खलबली मच गई और कच्चे तेल की कीमतों में करीब 3 डॉलर प्रति बैरल तक की तेजी दर्ज की गई। विशेषज्ञों का मानना है कि दोनों देशों के बीच यह टकराव अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बनता जा रहा है। 28 फरवरी से चल रहे इस संघर्ष के बीच उम्मीद की जा रही थी कि मध्यस्थता के जरिए कोई रास्ता निकलेगा, लेकिन ट्रंप के क? रुख ने अनिश्चितता को और बढ़ा दिया है।

## राजनीति

## दक्षिणी राज्य में सत्तासीन होना है पार्टी का लक्ष्य

# तमिलनाडु के लिये भाजपा ने बनाई विशेष रणनीति

**नई दिल्ली।** अरब सागर के तट से वर्ष 1980 में शुरू हुई भारतीय जनता पार्टी की राजनीतिक यात्रा 46 साल के लंबे सफर के बाद अब गंगासागर तक पहुंच गई है। पूर्वोत्तर और पूर्वी भारत के दुर्ग फतह करने के बाद अब पार्टी की नजरें हिंद महासागर की सीमा से लगे उन राज्यों पर हैं, जो अब भी उसके राजनीतिक प्रभाव से दूर हैं। भाजपा ने अगले एक दशक के लिए एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत भारत की समस्त समुद्री सीमाओं वाले राज्यों में पार्टी को सत्ता के शिखर तक पहुंचाना है। इस रणनीति के केंद्र में अब मिशन दक्षिण है, जिसे नई और बदली हुई ऊर्जा के साथ लागू किया जाएगा।

पार्टी के रणनीतिकारों के अनुसार, दक्षिण भारत में तेलंगाना भाजपा का पहला और सबसे प्रमुख लक्ष्य है। तेलंगाना में पार्टी की जमीन काफी हद तक तैयार हो चुकी है और उसे उम्मीद है कि वह वहां जल्द ही मुख्य सत्ताधारी दल के रूप में उभरेगी। इसके बाद केरल और तमिलनाडु जैसे चुनौतीपूर्ण राज्यों के लिए विशेष व्यूह रचना पर काम शुरू होगा। कर्नाटक में भाजपा को पूरा भरोसा है कि वह अगले ही विधानसभा चुनाव में सत्ता में वापसी करेगी। उल्लेखनीय है कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद जब अमित शाह ने संगठन की कमान संभाली थी, तभी उन्होंने पूर्वोत्तर और कोरोमंडल क्षेत्र में विस्तार का रोडमैप पेश किया था। पूर्वोत्तर से कांग्रेस का सफाया करने और बिहार, ओडिशा एवं पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने के बाद अब दक्षिण के अभेद्य किलों को भेदने की तैयारी है। तमिलनाडु में पार्टी ने पश्चिम बंगाल वाला फॉर्मूला अपनाने का संकेत दिया है। वहां अन्नाद्रमुक जैसे क्षेत्रीय दलों के कद्दावर नेताओं को अपने पाले में लाकर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष नागेंद्रन का अन्नाद्रमुक से आना इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। वहीं केरल में भाजपा ने इस बार के चुनावों में तीन सीटें जीतकर और पांच पर दूसरे स्थान पर रहकर अपने भावी अभियानों की सफल शुरुआत कर दी है। केरल में भाजपा की रणनीति वामपंथी दलों के घटते जनाधार को अपने पाले में करने की है। पार्टी ईसाई समुदाय के बीच भी अपनी पक? मजबूत कर रही है, ताकि वहां एक नया सामाजिक समीकरण तैयार किया जा सके। भाजपा का यह विस्तार अभियान भारतीय राजनीति की दिशा बदलने वाला साबित हो सकता है।

# कृषि उपज मंडी में हावी है अव्यवस्था

## बिना अनुमति कंटेनर प्रवेश काउंटर किया शिफ्ट, कृषकों को हो रही परेशानी

**समय जगत, खिरकिया।** कृषि उपज मंडी परिसर में कंटेनर प्रवेश काउंटर को अचानक दो नंबर गेट पर शिफ्ट किए जाने का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। किसानों एवं व्यापारियों ने मंडी प्रशासन पर बिना वैधानिक अनुमति एवं नियमों की अनदेखी करते हुए काउंटर स्थानांतरित करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि इस निर्णय से मंडी व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हुई है और उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सोमवार को नया शिफ्ट किया गया काउंटर बंद मिलने से किसानों में और अधिक नाराजगी देखने को मिली। मंडी में उपज लेकर पहुंचे किसानों के वाहन घंटों खड़े रहे, जिससे आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय की बर्बादी भी हुई। किसानों ने सवाल उठाया कि जब व्यवस्था सुचारू नहीं थी तो आखिर काउंटर को जल्दबाजी में क्यों बदला गया।



**मंडी अधिनियम के तहत अनुमति आवश्यक:** जानकारों के अनुसार कृषि उपज मंडी परिसर में किसी भी प्रकार की स्थायी प्रशासनिक व्यवस्था, प्रवेश मार्ग, तौल व्यवस्था या संचालन केंद्र में परिवर्तन किए जाने से पहले मंडी समिति की स्वीकृति एवं सक्षम अधिकारी की अनुमति आवश्यक होती है। मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 एवं उससे संबंधित नियमों के अनुसार मंडी परिसर की व्यवस्थाओं में परिवर्तन किसानों की सुविधा और पारदर्शिता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

**कृषि विश्राम गृह में डॉक्टर की मौजूदगी पर उठे सवाल:** मामले का दूसरा बड़ा पहलू कृषि विश्राम गृह को लेकर सामने आया है। जानकारी के अनुसार किसानों के रुकने एवं सुविधा के लिए बनाए गए शासकीय कृषि विश्राम गृह में एक डॉक्टर का आना-जाना एवं बैठने मरीजों का इलाज को लेकर अब कई सवाल खड़े हो रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन के शासकीय भवन उपयोग नियमों के अनुसार शासकीय विश्राम गृह का उपयोग निर्धारित उद्देश्य के लिए ही किया जा सकता है। यदि किसी निजी व्यक्ति या गैर-अधिकृत व्यक्ति को वहां बैठने या उपयोग की अनुमति दी जाती है तो उसके लिए सक्षम अधिकारी की अनुमति आवश्यक मानी जाती है। अब सवाल यह उठ रहा है कि डॉक्टर को कृषि विश्राम गृह में बैठने की अनुमति किस अधिकारी ने दी।

**जांच कर कार्रवाई की मांग:** किसानों एवं सामाजिक संगठनों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि मंडी प्रशासन की मनमानी के कारण किसानों को परेशान होना पड़ रहा है। किसान एवं शहर कांगेस अध्यक्ष आशुतोष कोठारी ने कहना है कि कृषि उपज मंडी जो अनियमितता चल रही है जो वर्तमान मे कंटेनर प्रवेश काउंटर शिफ्ट किया गया है, जिससे किसानों को असुविधा हो रही है जिसको तत्काल प्रभाव से यथास्थान किया जावे। किन किसानों की जांच की गई है जिसकी सूची सार्वजानिक की जावे। किसान देवेन्द्र राजपूत ने बताया कि पूर्व में भी सचिव भ्रष्टाचार में लिप्त थे, जिन्हें मंडी बोर्ड द्वारा सस्पेंड किया गया था। फिर दोबारा काम चालू कर दिया उन्होंने कहा कि कृषि विश्राम गृह के उपयोग की जांच की जाए।

### इनका कहना है

कृषि उपज मंडी सचिव ने अनुमति दी थी, हटवा दिया गया है, सचिव की अनुमती से किसानों की सुविधा के लिए डॉक्टर को बुलाया गया था।

**शिवांगी बघेल**
**प्रशासक एवं एसडीएम खिरकिया**

# धार में न्याय का महायज्ञ : एक दिन में 1625 मामलों का निपटारा, 11.34 करोड़ के अवार्ड से गूंजा जिला

**समय जगत, धार।** लंबी तारीखों और फाइलों में उलझे सपनों के बीच इस बार धार ने न्याय की एक नई मिसाल पेश की। यहां आयोजित द्वितीय नेशनल लोक अदालत महज एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं रही, बल्कि समाधान का महायज्ञ बनकर सामने आई–जहां विवाद खत्म हुए और रिश्तों ने फिर से सांस ली। जिला न्यायालय धार सहित सभी तहसील न्यायालयों में आयोजित इस लोक अदालत में एक ही दिन में 1625 लंबित और प्री-लिटिगेशन मामलों का निपटारा किया गया। यह उपलब्धि न सिर्फ न्याय व्यवस्था की गति को दर्शाती है, बल्कि उसकी संवेदनशीलता का भी सशक्त उदाहरण है। इस ऐतिहासिक आयोजन में 11.34 करोड़ रुपये के अवार्ड पारित और वसूली गई, जिससे 3895 लोगों को सीधा लाभ मिला। यहां फैसलों के साथ-साथ वर्षों से टूटे रिश्तों को भी नई शुरुआत मिली।



**न्यायिक नेतृत्व में सशक्त आयोजन:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष ममता जैन के मार्गदर्शन में यह आयोजन सफल रहा। राज्य स्तरीय ऑनलाइन उद्घाटन संजीव सचदेवा ने किया। कार्यक्रम में न्यायिक अधिकारी मेरी मार्गरेट फ्रांसिस डेविड, पावस श्रीवास्तव, रामसहारे राज, प्रदीप सोनी, सी.एस. सैयाम, धर्मकुमार सहित अन्य की सक्रिय भागीदारी रही।

**46 खंडपीठ, एक लक्ष्य समाधान:** जिलेभर में गठित 46 खंडपीठों ने मिलकर 669 न्यायिक प्रकरण, 956 राजस्व प्रकरण 645 प्री-लिटिगेशन मामले आपसी सहमति से निपटाए। न्याय के साथ प्रकृति का संदेश मामलों के निराकरण पर पक्षकारों को जाम, आंवला, बेलपत्र, कटहल जैसे पौधे भेंट किए गए एक संदेश के साथ कि न्याय सिर्फ विवाद खत्म नहीं करता, बल्कि जीवन को भी हरियाली देता है।

**दिल छू लेने वाली कहानी:** एक चेक बाउंस मामले में वर्षों से अलग हुए दो दोस्तों ने लोक अदालत में फिर से हाथ मिला लिया। समझौते के साथ केस भी खत्म हुआ और दोस्ती भी लौट आई। यही है लोक अदालत की असली ताकत जहां केस नहीं, रिश्ते जीते जाते हैं। एक दिन, एक इतिहास1625 मामलों का एक दिन में निपटारा सिर्फ आंकड़ा नहीं, बल्कि भरोसे का नया अध्याय है।

## संक्षिप्त समाचार

### जैविक हाट बाजार में 30300 रुपए से अधिक के जैविक उत्पादों का हुआ विक्रय

**समय जगत, रतलाम।** परियोजना संचालक आत्मा निर्भय सिंह नर्गेश ने बताया कि रविवार को जिले में आयोजित जैविक/प्राकृतिक हाट बाजार में विभिन्न विकासखंडों से आए किसानों ने अपने जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों का विक्रय किया। हाट बाजार में कुल 8 जैविक कृषक अपने उत्पाद लेकर पहुंचे और उपभोक्ताओं ने उत्साहपूर्वक जैविक उत्पादों की खरीदारी की। धामनोद से आए किसान चंद्रभानु द्वारा अनाज, दालें, सब्जियां, फल एवं मूंगफली का 12000 रुपये का विक्रय किया गया। उमेश धाकड़ (बांगरोद) द्वारा घी एवं दूध 800 रुपये का, तेजराम सांखला द्वारा हरी सब्जियां 1800 रुपये का, नरसिंह कालजी सैलाना द्वारा हरी सब्जी 1500 रुपये का, दिलीप पाटीदार (करिया) द्वारा देसी घी 10000 रुपये का, बालकृष्ण तिवारी द्वारा गेहूं 1200 रुपए का, दिलीप धाकड़ सादा खेड़ी द्वारा शहद 2820 रुपये का एवं टीकमचंद जोगचंद नामली द्वारा जैविक उत्पाद विक्रय किए गए।

### विविध खाद्य पदार्थों के नमूने लिए बिना लाइसेंस संचालित, दो फर्मों पर प्रकरण किया गया दर्ज

**रतलाम।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग रतलाम द्वारा जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच एवं खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश जमरा द्वारा ताल एवं आलोट क्षेत्र में निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। कार्यवाही के दौरान ताल स्थित फर्म विनयकुमार कैलाशचंद्र से हॉर्लिक्स पाउडर का नमूना लिया गया। इसके बाद ग्राम बामनखेड़ी स्थित कृष्णा दूध संग्रहण केन्द्र से गाय के दूध का नमूना संग्रहित किया गया। आलोट क्षेत्र में स्थित बजरंग आइसक्रीम एवं देवनारायण आइसक्रीम के निर्माण स्थलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बजरंग आइसक्रीम से कुल्फी तथा देवनारायण आइसक्रीम से गुलाब सिरप एवं शक्कर घोल के नमूने लिए गए। वहीं संजय चौक आलोट स्थित रचित किराना से बादाम, वनस्पति एवं रसोई रीत सोयाबीन तेल के नमूने भी जांच हेतु संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि बजरंग आइसक्रीम एवं रचित किराना दोनों फर्म बिना खाद्य लाइसेंस के संचालित हो रही थीं। इस पर दोनों के विरुद्ध बिना लाइसेंस संचालन का प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

### डॉ वैदेही शर्मा बनी चिकित्सा अधिकारी म प्र महिला समूह में 6 वीं रैंक हुई प्राप्त



**समय जगत, लटेरी।** मप्र लोक सेवा आयोग द्वारा चिकित्सा अधिकारी चयन परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें लटेरी की प्रतिभावान छात्रा डॉक्टर वैदेही शर्मा ने पूरे मप्र में 20वीं एवं महिला समूह में 6 वीं रैंक प्राप्त कर लटेरी क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। डॉ वैदेही ज्योतिषाचार्य दयानंद शर्मा की पोती एवं सांदीपनि विद्यालय लटेरी के प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद शर्मा की पुत्री है। ज्ञातव्य है कि डॉ वैदेही बाल्यकाल से ही मेधावी छात्रा रही है उन्होंने लटेरी जैसे ग्रामीण क्षेत्र के मॉडल स्कूल से 10 वी उत्तीर्ण कर सम्पूर्ण मप्र में सुपर 100 रैंक प्राप्त कर कक्षा 12 वीं तक की पढ़ाई शासकीय सुभाष स्कूल भोपाल से उत्तीर्ण की थी। उनकी इस उपलब्धि पर नगर के गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी है।

# एडवोकेट श्री पटेल को तीसरी बार पुनः सौंपा गया समाज अध्यक्ष का दायित्व

**समय जगत, मंडला।** कुर्मी समाज विकास संगठन जिला मंडला के त्रैवर्षिक चुनाव सैकड़ों स्वजातीय भाई ,बहनों की गरिमामयी उपस्थिति में सर्वसम्मति से निर्विरोध संपन्न हुए। उल्लेखनीय है कि कुर्मी समाज विकास संगठन के हर तीन वर्ष में जिला कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इसी प्रक्रिया के तहत बिंझिया स्थित स्थानीय सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन में नवीन कार्यकारिणी का गठन की कार्यवाही संपन्न हुई। निर्वाचन कार्य को संपन्न कराने में निर्वाचन अधिकारी राम भजन पटेल, कुंज बिहारी पटेल, कैलाश पटेल , एडवोकेट राजेंद्र चंद्रौल, श्रीमती संजू लता सिंगौर, श्रीमती रेखा सिंगौर ,श्री संजय पटेल की भूमिका उल्लेखनीय रही। सामाजिक प्रबुद्ध जनों एवं सैकड़ो मात्र शक्तियों की उपस्थिति में निर्वाचन की प्रक्रिया विधिवत संपन्न कराई गई। जिसमें अध्यक्ष पद पर एडवोकेट सी.बी. पटेल को निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष के रूप में वसंत पटेल स्नेहा ट्रैक्टर मंडला ,सुरेंद्र पटेल देवगांव, सुरेश चौधरी नेहा पैथोलॉजी मंडला एवं गणेश पटेल खैरी को उपाध्यक्ष के पद पर नवनिर्वाचित किया गया। सचिव के रूप में निर्मल पटेल नारा को दायित्व सौंपा गया। संयुक्त सचिव के रूप में कार्य करने के लिए चंदन पटेल को अवसर प्राप्त हुआ। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कुंदन पटेल मांद, संदीप सिंगौर बोरिया और अरविंद पटेल जंतीपुर को जिम्मेदारियां सौंपी गई। कोषाध्यक्ष के रूप में प्रियदर्शन पटेल को पुनः अवसर प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध जनों में से केशरी पटेल रेवाड़ा,अमरसिंह चंदेला गोकुलथाना , कुंजबिहारी पटेल अंजनिया व अन्य वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक विकास, कुरीतियों का त्याग,महिला सशक्तिकरण,बच्चों की शिक्षा आदि विषयों पर अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर रघुनंदन पटेल ,राजाराम पटेल ,महेश पटेल, दादू भाई पटेल, बसंत पटेल ,केसरी पटेल, यदुनंदन सिंह पटेल आदि ने भी समाज को मार्गदर्शित किया। सामाजिक संस्कारों के आयोजनों के संबंध में नारा से पधारे अमूल पटेल ने विचार रखते हुए समाज में नवीन चेतना लाने का प्रयास किया।कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन में एडवोकेट सी.बी. पटेल ने कहा कि हमारा प्रयास होगा कि हम समाज के विकास के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे और हमारा प्रयास होगा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर हम सामाजिक संगठन को सशक्त बनाते हुए उनके उत्थान के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। भीषण गर्मी और दूर दराज ग्रामों से आए हुए सजातीय भाई बहनों का ध्यान रखते हुए स्वल्पाहार,शीतल पेयजल के साथ-साथ छाछ की भी व्यवस्था की गई थी। नवीन कार्यकारिणी को बम्हनी बंजर से महेश चंद्रोल, संतोष चंद्रोल, ओमप्रकाश चंद्रोल, ककैया से महेश पटेल, मनहरण पटेल, अंजनिया मांद से के के पटेल, अवधेश पटेल, सुशील पटेल, पिंडरई से बसंत पटेल, राजेंद्र पटेल, मंडला से अखिलेश चंद्रोल, किशोर पटेल, राजकुमार सिंगोर,सुरेंद्र पटेल,अखिल-निखिल, दिनेश पटेल, दिव्या पटेल, रश्मि सिंगार, ज्योति सिंगोर, सीमा चंद्रोल, महेंद्र सिंगोर, चंदा गुमास्ता, सविता पटेल, जागृति पटेल सहित विभिन्न सजातीय भाई- बहनों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाइयां प्रेषित किया है। सभी नए आशा व्यक्त किया है कि नवीन कार्यकारिणी एक नई ऊर्जा के साथ समाज को सशक्त एवं संगठित बनाने में भरसक प्रयास करेगी।जय सरदार, जय शिवाजी, जय कुर्मी।



# मां और एसडीओपी दोनों का फर्ज अदा कर रही सोनाली गुप्ता



**समय जगत, बेगमगंज।** पुलिस सेवा और मां का फर्ज ये दोनों ही जिम्मेदारियां निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और साहस की मांग करती हैं। जब एक महिला पुलिसकर्मी इन दोनों भूमिकाओं को एक साथ निभाती है, तो वह सुपर कॉप और सुपर मॉम का एक मिसाल पेश करती है। महिला पुलिस अधिकारियों के लिए वर्दी पहनकर देश की सेवा करना और साथ ही अपने बच्चों की परवरिश करना एक कठिन, लेकिन प्रेरणादायक संतुलन है।वर्दी और ममता का संगम महिला पुलिसकर्मी अपराधियों से निपटने और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपने बच्चों की जरूरतों का ध्यान रखती हैं एसडीओपी सोनाली गुप्ता ने मातृ दिवस सभी महिलाओं को शुभकामनाएं दी और बताया कि पुलिस सेवा और मां का फर्ज निःस्वार्थ है बहुत सारी कठनाई आती है मेरे परिवार और मेरी मां के सहयोग से मैने दोनों ही फर्ज बहुत अच्छे से निभा रही हु मेरा डेढ़ बर्ष का बेटा है उसकी परबारिस ओर पुलिस सेवा दोनों ही सेवा निःस्वार्थ भाव से निभा रही हूं।

### विद्युत वितरण कंपनी सुनेगी उपभोक्ताओं की समस्या

**बेगमगंज।** शहर में विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा संपर्क अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विद्युत वितरण केंद्र बेगमगंज शहर द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह अभियान 14 मई से 26 मई तक नगर के विविध वार्डों में शिविर लगाया जाएगा।

# पुलिस द्वारा की गई तत्परतापूर्ण कार्यवाही

## 60 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**समय जगत, मैहर।** पुलिस अधीक्षक मैहर श्री अवधेश प्रताप सिंह के निर्देशन एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी ताला निरी. महेन्द्र कुमार मिश्रा के नेतृत्व में आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

**घटना का संक्षिप्त विवरण:** दिनांक 11 मई को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम धोबहट नहर के किनारे एक व्यक्ति दो पीले व दो सफेद रंग के डिब्बों में हाथ भट्ठी की बनी महुआ शराब बिक्री हेतु रखा है। सूचना पर थाना ताला की पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान पर दबिश दी गई। पुलिस को देखकर एक व्यक्ति भागने लगा जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ पर उसने अपना नाम समरजीत पटेल पिता मणिलोचन सिंह पटेल, उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम धोबहट थाना ताला जिला मैहर (म.प्र.) बताया।आरोपी की सहमति से गवाहों के समक्ष तलाशी लेने पर उसके पास से चार प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60 लीटर देशी हाथ भट्ठी की कच्ची महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी अनुमानित कीमत 12,000 रूपये है। आरोपी को धारा 47 BNSS के तहत गिरफ्तार कर नियमानुसार कार्यवाही की गई। कार्यवाही में दो पीले रंग के एवं दो सफेद रंग के प्लास्टिक के डिब्बों में कुल 60 लीटर देशी हाथ भट्ठी की कच्ची महुआ शराब, अनुमानित कीमत 12,000 की जप्ती की गई है।




**मामले में** समरजीत पटेल पिता मणिलोचन सिंह पटेल, उम्र 54 वर्ष, निवासी ग्राम धोबहट, थाना ताला, जिला मैहर को गिरफ्तार किया गया है।

**प्रकरण दर्ज:** आरोपी समरजीत पटेल के विरुद्ध थाना ताला में अपराध क्रमांक 148/26 धारा 34(2) म.प्र. आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

**सराहनीय भूमिका:** इस कार्यवाही में निरी. महेन्द्र कुमार मिश्रा थाना प्रभारी ताला, सउनि. समयलाल ठकुरिया, प्र.आर. राकेश मिश्रा, प्र.आर. पंकज मिश्रा, प्र.आर. संजय तिवारी, आर. जितेन्द्र दुबे, आर. शम्भू प्रसाद राय, आर. नागेन्द्र यादव एवं आर. विवेक मिश्रा की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# तीन दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का भव्य समापन

**समय जगत, नरसिंहगढ़।** स्थानीय मंदिर श्री जमात में प्रतिभा मंच द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कथक नृत्य कार्यशाला का सोमवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। डॉ. दीपक वर्मा ने बताया कि नृत्य के द्वारा जीवन को किस तरह सुंदरता से जिया जाए। 8 मई से 10 मई तक चली इस कार्यशाला में क्षेत्र की प्रतिभाओं ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य की बारीकियों को सीखा। समापन अवसर पर सर्वप्रथम ठाकुर जी के दरबार में दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प माला भोग अर्पित कर डॉ दीपक वर्मा ने महंत दीपेंद्र दास जी का मंगल तिलक अंग वस्त्र शाल श्रीफल से अभिनंदन किया कार्यशाला के मुख्य प्रशिक्षक सुप्रसिद्ध नृत्य गुरु डॉ. दीपक वर्मा रहे, जिन्होंने सहभागियों को कथक के पद संचालन, हस्त मुद्राओं और भाव पक्ष का गहन प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में महंत श्री दीपेंद्र दास खाकी का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। इस प्रशिक्षण शिविर में रचना प्रजापति, नैना कुशराम, कशिश जाटव, श्रद्धा पाल, सलोनी पाल, शेलकुमारी विश्वकर्मा, प्रियंका महावर, शालिनी महावर, हेमलता विश्वकर्मा, वंदना कजोतिया और सुभाष नरवारे ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला के सफल आयोजन में हेमेंद्र यादव का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थियों ने सीखे हुए नृत्य अंशों की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित जनों ने काफी सराहा। प्रतिभा मंच के इस प्रयास का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर शास्त्रीय कलाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाना और नई पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ना है। समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को प्रशंसनीय प्रमाण पत्र महंत श्री दीपेंद्र दास खाकी द्वारा प्रदान किए गए तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।



# सरदारपुर पुलिस ने लूट के आरोपियों को किया गिरफ्तार, लाखों की रकम की गई बरामद

**समय जगत, धार।** रिंगनोद क्षेत्र के ताराघाटी में हुई दिनदहाड़े लूट की वारदात का सरदारपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस सनसनीखेज मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 लाख 61 हजार रुपये का मश्रुका बरामद किया है, जिसमें नगदी और वारदात में इस्तेमाल मोटरसाइकिल शामिल है। घटना 5 मई की है, जब चामझर निवासी पप्पू अपनी पत्नी के साथ रिंगनोद से चांदी गिरवी रखकर लौट रहा था। टांडा रोड स्थित वन चौकी के पास बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें गिरा दिया और नगदी से भरी थैली छीनकर फरार हो गए। इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विजय डावर एवं पारूल बेलापुरकर तथा एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार के मार्गदर्शन में टीम गठित की गई। थाना प्रभारी अनिल कुमार जाधव और चौकी प्रभारी गुलाबसिंह भयड़िया के नेतृत्व में पुलिस ने लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया। साइबर टीम की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए गए और मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दबिश देकर गोकुल और मुकाम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वे अपने साथियों के साथ दो समूहों में मौके पर पहुंचे थे और घेराबंदी कर लूट की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद बदमाशों ने आपस में रकम का बंटवारा कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,01,000 रुपये नगद और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। वहीं, इस मामले में शामिल चार अन्य आरोपी अभी फरार हैं, जिनकी तलाश में पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। इस पूरी कार्रवाई में सरदारपुर थाना, रिंगनोद चौकी और साइबर सेल की टीम की अहम भूमिका रही।




### विमुक्त घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समुदाय के अभ्यर्थियों के स्वरोजगार हेतु ऋण योजना हुई लागू

**समय जगत, बिस्टान।** विमुक्त घुमन्तू एवं अर्द्धघुमन्तू समुदाय के अभ्यर्थियों हेतु वितीय वर्ष 2026-27 मे पिछडा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमक्कड एवं अर्द्धघुमक्कड विभाग अतर्गत संचालित मुख्यमंत्री विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना अंतर्गत शासन द्वारा नोमोडिक तथा डीनोटिफाईड ट्राईब्स की सूची में आने वाले विमुक्त घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु समुदाय के अभ्यार्थीयो के भाग एक में (विभाग द्वारा संचालित) लिए व्यक्तिमूलक प्रकरण में राशि एक लाख तक का अधिकतम स्वरोजगार हेतु ऋण दिये जाने का प्रावधान है ,जिसमे मध्यप्रदेश का मूल निवासी होकर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष सक्षम प्राधिकारी द्वारा विमुक्त घुमतु एवं अर्द्धघुमन्तु जाति का प्रमाण जारी किया गया है तथा आयकरदाता ना हो योजना के आवेदन किये जाने हेतु पात्र होगे। भाग-2 (अभिकरण द्वारा संचालित) जिसमे न्युन्नतम आई.टी.आई द्वारा प्रशिक्षित एवं चयनसमिति द्वारा प्रस्तावित व्यक्ति मूलक प्रकरण मे अधिकतम ऋण राशि रूपये दो लाख- तक के ऋण दिये जाने के प्रावधान है।

# आम आदमी पार्टी द्वारा साधा गया भाजपा सरकार पर निशाना

**समय जगत, मैहर।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह ने केंद्र की मोदी सरकार और मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश दोनों आर्थिक बदहाली, भारी कर्ज़, महंगाई और बेरोजगारी से जूझ रहे हैं, लेकिन भाजपा सरकार जनता को विश्वगुरु और अमृतकाल के नारों में उलझाने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में डॉलर के मुकाबले रुपया लगभग 58-60 था, जो आज गिरकर 94 प्रति डॉलर तक पहुंच चुका है। इसका सीधा असर आम जनता पर पड़ा है। पेट्रोल, डीजल, गैस, खाद्य सामग्री, दवाइयां और रोजमर्रा की लगभग हर वस्तु महंगी हो चुकी है।



पुष्पेंद्र सिंह ने कहा कि वर्ष 2014 में देश पर कुल सरकारी कर्ज़ लगभग 55 लाख करोड़ था, जो अब बढ़कर 214 लाख करोड़ से अधिक हो चुका है। यानी मोदी सरकार ने देश को कर्ज़ के दलदल में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा शासित मध्यप्रदेश पर भी लगभग ?4.5 लाख करोड़ से ज्यादा का कर्ज़ हो चुका है। इस हिसाब से प्रदेश के हर नागरिक पर लगभग 50 हजार से ज्यादा का कर्ज़ लाद दिया गया है।इतने भारी कर्ज़ के बावजूद युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, किसान कर्ज़ और महंगी लागत से परेशान है, सरकारी अस्पताल बदहाल हैं, शिक्षा व्यवस्था कमजोर होती जा रही है, छोटे व्यापारी टैक्स और मंदी से टूट चुके हैं। पुष्पेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि जनता के टैक्स का पैसा विकास पर कम, विधायक-सांसद खरीदने, सरकारें बचाने और गिराने, केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग, चुनावी प्रचार और इवेंट मैनेजमेंट पर ज्यादा खर्च किया जा रहा है।

# जेसीबी कार्रवाई के बीच पलटा ऑटो महिलाओं को लोगों ने सुरक्षित निकाला

**समय जगत, रीवा।** शहर में चल रहे अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान सोमवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सिरमौर चौराहे से अस्पताल तक चल रही प्रशासनिक कार्रवाई के बीच मैया दरगाह के पास अचानक अफरातफरी मच गई, जब एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के समय ऑटो में कई महिलाएं सवार थीं, जो पलटने के बाद वाहन के अंदर ही फंस गईं। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई और कुछ देर के लिए पूरे इलाके में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। बताया जा रहा है कि प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के तहत सड़क किनारे बने अवैध निर्माणों को जेसीबी मशीन से तोड़ा जा रहा था। कार्रवाई के चलते सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई थी। इसी दौरान वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई और अफरातफरी के बीच एक ऑटो चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा। देखते ही देखते ऑटो सड़क पर पलट गया।

**ऑटो में फंसी महिलाओं को लोगों ने निकाला बाहर:** हादसे के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोग और युवक मदद के लिए दौड़ पड़े। लोगों ने बिना देर किए पलटे हुए ऑटो को संभाला और उसके अंदर फंसी महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय महिलाएं काफी घबरा गई थीं और मदद के लिए चिल्ला रही थीं। स्थानीय लोगों की तत्परता से बड़ा हादसा टल गया। यदि समय रहते लोगों ने मदद नहीं की होती तो स्थिति गंभीर हो सकती थी। घटना के बाद कुछ महिलाएं घायल भी हुईं, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

# पुलिस लाइन में आपस में भिड़े पुलिस वाले, जमकर हुआ विवाद, अस्पताल में भर्ती

**समय जगत, रीवा ।** पुलिस लाइन में दो पुलिसकर्मियों के बीच विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। आरोप है कि सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा और उसके साथियों ने प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी पर तलवार, गड़ासे और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल तिवारी अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि पुलिस मामले की जांच कर रही है। शहर के बिछिया थाना क्षेत्र स्थित पुलिस लाइन रविवार देर रात उस समय रणक्षेत्र में तब्दील हो गई, जब दो पुलिसकर्मियों के बीच हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। इस सनसनीखेज घटना में प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद पूरे पुलिस



लाइन परिसर में हड़कंप और दहशत का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार प्रधान आरक्षक मुकेश तिवारी वर्तमान में मनगवां थाने में पदस्थ हैं और इन दिनों रीवा न्यायालय में ड्यूटी कर रहे थे। रविवार रात करीब 11÷30 बजे जब वे पुलिस लाइन स्थित अपने आवास पहुंचे, तभी किसी बात को लेकर उनका विवाद पुलिस लाइन निवासी सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा÷ से हो गया। देखते ही देखते कहासुनी हिंसक झड़प में बदल गई। आरोप है कि सुरेंद्र पांडे ने अपने बेटे समन पांडे और दो अन्य साथियों के साथ मिलकर मुकेश तिवारी पर तलवार, गड़ासे और लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में प्रधान आरक्षक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। चीख-पुकार सुनकर जब परिवार के लोग बीच-बचाव करने पहुंचे तो आरोपियों ने उनके पुत्र के साथ भी मारपीट की। घटना के बाद घायल प्रधान आरक्षक की पत्नी सुभाषिनी तिवारी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सुरेंद्र पांडे उर्फ मामा का पुलिस लाइन में लंबे समय से विवादित व्यवहार रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वह अक्सर नशे की हालत में गाली-गलौज और हंगामा करता है तथा पहले भी कई बार विवाद कर चुका है। इसके बावजूद उस पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। सूत्रों के मुताबिक सुरेंद्र पांडे के खिलाफ पूर्व में भी विभागीय कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन उसके व्यवहार में सुधार नहीं आया। फिलहाल पुलिस अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस लाइन जैसी संवेदनशील जगह पर पुलिसकर्मियों के बीच हुए इस खूनी संघर्ष ने विभागीय अनुशासन और कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# अमहिया मार्ग में चला बुलडोजर: जाम से राहत दिलाने प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, सिरमौर चौराहे से हॉस्पिटल चौराहे तक हटेगा अतिक्रमण

**रीवा ।** शहर में लगातार बढ़ती यातायात समस्या और आए दिन लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के लिए प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। सोमवार सुबह नगर निगम, राजस्व विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने अमहिया मार्ग में अतिक्रमण हटाने की बड़ी कार्रवाई शुरू की। जेसीबी मशीनों और भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों ने सड़क चौड़ीकरण के लिए चिन्हित किए गए अवैध निर्माणों को हटाना शुरू किया।प्रशासन की इस कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। कई दुकानदार और मकान मालिक अपने प्रतिष्ठानों के बाहर खड़े नजर आए। कुछ लोगों ने कार्रवाई का विरोध भी किया, लेकिन प्रशासन ने पहले से दी गई चेतावनी और नोटिस का हवाला देते हुए अभियान जारी रखा। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई शहर की यातायात व्यवस्था को सुधारने और आम जनता को जाम की समस्या से राहत दिलाने के उद्देश्य से की जा रही है।

**शहर का सबसे व्यस्त मार्ग बना परेशानी का कारण:** अमहिया मार्ग रीवा शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में गिना जाता है। इसी मार्ग पर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल स्थित है, जहां हर दिन हजारों मरीज और उनके परिजन पहुंचते हैं। इसके अलावा यह सड़क बाजार क्षेत्र को भी जोड़ती है, जिसके कारण दिनभर वाहनों का भारी दबाव बना रहता है।

बीते कई वर्षों से इस सड़क पर अतिक्रमण लगातार बढ़ता गया। दुकानों के आगे बनाए गए शेड, सड़क तक फैले निर्माण और अवैध कब्जों के कारण सड़क की चौड़ाई लगातार कम होती चली गई। परिणामस्वरूप यहां आए दिन लंबा जाम लगने लगा, जिससे आम नागरिकों, मरीजों और एंबुलेंस तक को परेशानी का सामना करना पड़ता था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह और शाम के समय अमहिया मार्ग पर हालात सबसे अधिक खराब हो जाते हैं। कई बार एंबुलेंस जाम में फंस जाती थीं, जिससे मरीजों की जान पर भी बन आती थी। लगातार मिल रही शिकायतों और यातायात विभाग की रिपोर्ट के बाद प्रशासन ने सड़क चौड़ीकरण की योजना बनाई।

**12 मीटर चौड़ी होगी सड़क:** प्रशासन के अनुसार अमहिया मार्ग को लगभग 12 मीटर चौड़ा किया जाना है ताकि यहां यातायात सुचारू रूप से संचालित हो सके।




अधिकारियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए पहले सर्वे कराया गया था, जिसमें यह चिन्हित किया गया कि किन-किन स्थानों पर अतिक्रमण किया गया है। राजस्व विभाग द्वारा सीमांकन की कार्रवाई पूरी करने के बाद अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किए गए थे। प्रशासन ने लोगों को लगभग एक महीने का समय दिया था ताकि वे स्वयं अपने अतिक्रमण हटा लें। कई लोगों ने प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए अपने निर्माण स्वयं हटा लिए, जबकि कुछ लोगों ने ऐसा नहीं किया। सोमवार को संयुक्त टीम ने ऐसे ही स्थानों पर पहुंचकर बुलडोजर की मदद से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की। अधिकारियों ने कहा कि जिन लोगों को निर्माण हटाने में कठिनाई थी, उन्हें प्रशासनिक सहयोग भी दिया गया।

**भारी पुलिस बल रहा तैनात:** कार्रवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिसकर्मी पूरे समय क्षेत्र में गश्त करते रहे और भीड़ को नियंत्रित करते नजर आए। कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई से उनके व्यापार पर असर पड़ेगा और उन्हें नुकसान उठाना पड़ेगा। हालांकि प्रशासन का कहना है कि सभी को पर्याप्त समय दिया गया था और यह कार्रवाई सार्वजनिक हित में की जा रही है। नगर निगम और राजस्व अधिकारियों ने साफ कहा कि सड़क और सरकारी भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि शहर के अन्य क्षेत्रों में भी अतिक्रमण के खिलाफ इसी तरह की कार्रवाई आगे जारी रहेगी।

**अधिकारियों ने क्या कहा:** कार्रवाई के दौरान मौजूद प्रशासनिक अधिकारी ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई पहले से निर्धारित योजना के तहत की जा रही है। उन्होंने कहा कि अमहिया मार्ग में कई स्थानों पर लोगों द्वारा सड़क तक निर्माण कर लिया गया था, जिससे मार्ग संकरा हो गया था। अधिकारी ने बताया कि लगभग 12 मीटर चौड़ी सड़क की आवश्यकता है और उसी के अनुरूप सीमांकन कर कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक महीने से लोगों को लगातार सूचना दी जा रही थी। कई लोगों ने स्वेच्छा से अतिक्रमण हटा लिया, जबकि जिन लोगों ने ऐसा नहीं किया, वहां प्रशासनिक टीम को कार्रवाई करनी पड़ी

उन्होंने कहा कि नगर निगम, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम मिलकर अभियान चला रही है ताकि सुपर स्पेशलिटी अस्पताल और बाजार क्षेत्र तक आने-जाने वाला मार्ग सुचारू रूप से चालू रह सके।

सिरमौर चौराहे से हॉस्पिटल चौराहे तक चलेगा अभियानप्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान केवल एक हिस्से तक सीमित नहीं रहेगा। अधिकारियों के अनुसार सिरमौर चौराहे से लेकर हॉस्पिटल चौराहे तक पूरे मार्ग में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।इस पूरे मार्ग में सड़क किनारे बने अवैध निर्माण, दुकान के आगे बढ़ाए गए हिस्से और अन्य कब्जों को हटाया जाएगा। प्रशासन का कहना है कि जब तक पूरा मार्ग अतिक्रमण मुक्त नहीं हो जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा।

## सार संक्षिप्त

### इंस्टाग्राम से खुला दूल्हे का अफेयर, तिलक समारोह बना रणक्षेत्र



**समय जगत, रीवा ।** जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र में शादी से ठीक पहले तिलक समारोह के दौरान बड़ा विवाद सामने आया है । दूल्हे के कथित अफेयर का खुलासा होने के बाद लड़की पक्ष ने शादी से इंकार कर दिया, जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई । पीड़ित पक्ष ने दूल्हा और उसके परिजनों पर नकदी, बाइक और तिलक का सामान छीनने का आरोप लगाया है । घटना ग्राम डिहिया की बताई जा रही है । जानकारी के अनुसार गढ़ थाना क्षेत्र के देवकोठार निवासी युवती का रिश्ता डिहिया निवासी दिवाकर यादव के बेटे ओम यादव से तय हुआ था । रविवार को तिलक कार्यक्रम आयोजित था, जिसमें लड़की पक्ष के लोग तिलक लेकर दूल्हे के घर पहुंचे थे । समारोह के दौरान सब कुछ सामान्य चल रहा था, तभी सोशल मीडिया पर दूल्हे की किसी दूसरी लड़की के साथ फोटो और वीडियो वायरल हो गए । लड़की पक्ष का आरोप है कि तिलक चढ़ाने से करीब एक घंटा पहले इंस्टाग्राम के जरिए उन्हें दूल्हे के अफेयर की जानकारी मिली । जब उन्होंने दूल्हे और उसके परिवार से इस संबंध में सवाल किए तो स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया । इसके बाद लड़की पक्ष ने शादी से साफ इंकार कर दिया । आरोप है कि शादी से इंकार करते ही दूल्हा पक्ष के लोगों ने विवाद शुरू कर दिया और लड़की पक्ष के लोगों के साथ लाठी–डंडों से मारपीट की । पीड़ितों का कहना है कि उन्हें दौड़ा–दौड़ाकर पीटा गया, जिसमें दुल्हन के भाई सहित कई लोग घायल हो गए । घायलों ने यह भी आरोप लगाया कि तिलक में ले जाए गए 80 हजार नकद, पल्सर बाइक और अन्य सामान को भी दूल्हा पक्ष ने जबरन रख लिया । पीड़ित पक्ष के मुताबिक दूल्हा पक्ष ने पहले से 21 हजार नकद और एक पल्सर बाइक की मांग की थी । तिलक कार्यक्रम में बाइक और नकदी भी ले जाई गई थी । मारपीट के बाद पूरा सामान घर के अंदर रख लिया गया और वापस नहीं किया गया । घटना के बाद डायल 100 को सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को बैकुंठपुर थाने ले गई । हालांकि पीड़ित परिवार का आरोप है कि स्थानीय पुलिस ने उनकी शिकायत के अनुसार कार्रवाई नहीं की और बयान भी सही तरीके से दर्ज नहीं किए गए । सोमवार को पीड़ित पक्ष पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और न्याय की गुहार लगाई । फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है ।

### सभी अधिकारी दो दिन में टूर डायरी बनाकर उसके अनुसार करें दौरा : श्री सूर्यवंशी



**समय जगत, रीवा ।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कहा कि सभी अधिकारी दो दिन में टूर डायरी बनाकर प्रस्तुत करें । उसके अनुसार क्षेत्र का भ्रमण करके विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करें । सभी एसडीएम खण्ड स्तरीय अधिकारियों के भ्रमण की मानीटरिंग करें । जिले में मैदानी स्तर के अधिकारी और कर्मचारी अपने कार्य में दक्ष हैं । उनके कार्यों की जिला स्तरीय अधिकारी सतत मानीटरिंग करके विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति कराएं । कलेक्टर ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में 50 दिन से अधिक समय से लंबित शिकायतों का निराकरण कराएं । प्रकरणों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करके जिले का सीएम हेल्पलाइन में वेटेज स्कोर 80 से अधिक करें । विभाग यदि सी और डी श्रेणी में रहेगा तो संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी । राजस्व, ग्रामीण विकास विभाग, खाद्य विभाग, ऊर्जा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय तथा श्रम विभाग में बड़ी संख्या में प्रकरण लंबित हैं । इनके निराकरण पर विशेष ध्यान दें । आवेदकों से स्वयं फोन से संपर्क करके प्रकरणों का निराकरण कराएं । कलेक्टर ने कहा कि श्रम विभाग, सामाजिक न्याय, आयुष्मान कार्ड तथा सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के प्रत्येक प्रकरण के लिए जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदार हैं । इन विभागों के प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें । बिना अनुमति तथा अवैध कब्जा करके मकान बनाने की शिकायतों पर शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय तथा ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम पंचायतें कार्यवाही करें । सभी अधिकारी मांग आधारित शिकायतों पर भी तत्परता से कार्यवाही करें । पेंशन अधिकारी 50 दिनों से अधिक समय से लंबित 19 प्रकरणों का निराकरण कराएं । इनमें लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी ।

# सड़क हादसे में घायल युवक की मौत अस्पताल में परिजनों का हंगामा

**रीवा।** जिले के सगरा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत के बाद संजय गांधी अस्पताल में परिजनों ने जमकर हंगामा किया और हादसे को लेकर गंभीर आरोप लगाए। परिजनों का कहना है कि मृतक के साथ गए युवक की भूमिका संदिग्ध है और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। जानकारी के अनुसार 4 मई को 35 वर्षीय रावेंद्र सोधिया अपने परिवार के साथ बैकुंठपुर गया हुआ था। वापसी के दौरान वह परिवार के साथ न लौटकर पिंटू सोधिया नामक युवक के साथ बाइक से निकला। बताया जा रहा है कि रास्ते में दोनों ने शराब भी पी थी। इसके बाद लवा के समीप उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें रावेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में रावेंद्र को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप है कि यह केवल सड़क हादसा नहीं बल्कि किसी साजिश का हिस्सा हो सकता है। मृतक की भाभी निर्मला ने आरोप लगाते हुए कहा कि रावेंद्र को जबरदस्ती साथ ले जाया गया था। उन्होंने बताया कि रास्ते में तेज रफ्तार से बाइक चलाई गई और शराब भी पी गई थी। परिजनों का कहना है कि घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने भी बताया कि वहां किसी बड़े सड़क हादसे जैसी स्थिति नहीं थी, जिससे उन्हें संदेह हो रहा है। वहीं हादसे में शामिल युवक पिंटू सोधिया ने बताया कि तीन लोग साथ निकले थे। रास्ते में शराब पी गई और आगे बढ़ने के दौरान अचानक झटका लगा, जिसके बाद उसे कुछ याद नहीं है। उसने माना कि शराब पी गई थी और बाइक तेज रफ्तार में थी। इधर सगरा पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला सड़क दुर्घटना का सामने आया है। पुलिस के अनुसार बाइक सवार दोनों युवक नशे की हालत में थे और उन्होंने सड़क पर पैदल चल रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में पैदल व्यक्ति भी घायल हुआ था, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बाद में छुट्टी दे दी गई।

# खजुहा कला का शासकीय तालाब अतिक्रमण की भेंट चढ़ने की कगार पर

## हाईकोर्ट के दिशा निर्देशों के पालन की है दरकार

**रीवा।** गुढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खजुहा कला में स्थित प्राचीन शासकीय तालाब इन दिनों अवैध अतिक्रमण की चपेट में है। ढुडेश्वर नाथ मंदिर के सामने स्थित इस तालाब की भूमि पर स्थानीय अतिक्रमणकारियों द्वारा लगातार कब्जा किया जा रहा है, जिससे तालाब का मूल स्वरूप बिगड़ता जा रहा है और उसका अस्तित्व खतरे में दिखाई दे रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि तालाब की भूमि पर कच्चे,पक्के मकान एवं टीना सेट लगाकर अनेकों निर्माण किए जा रहे हैं, लेकिन राजस्व विभाग के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी मूकदर्शक बने हुए हैं। प्रशासन की निष्क्रियता के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं और सार्वजनिक जलस्रोत धीरे-धीरे समाप्ति की ओर बढ़ रहा है।



गौरतलब है कि शासकीय तालाबों एवं जलस्रोतों के संरक्षण को लेकर सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न हाई कोर्ट समय-समय पर स्पष्ट निर्देश जारी कर चुके हैं। न्यायालयों ने कहा है कि तालाबों का मूल स्वरूप किसी भी परिस्थिति में परिवर्तित नहीं किया जा सकता तथा तालाब की भूमि पर निजी स्वामित्व या निर्माण पूरी तरह अवैध माना जाएगा। न्यायालयों ने यह भी निर्देशित किया है कि यदि किसी तालाब की भूमि पर अतिक्रमण पाया जाता है, तो राजस्व प्रशासन तत्काल कार्रवाई कर उसे हटाए और जलस्रोत को उसके मूल स्वरूप में बहाल करे।

इसके बावजूद खजुहा कला में न्यायालयीय आदेशों की खुलेआम अवहेलना होती दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो आने वाले समय में यह तालाब पूरी तरह समाप्त हो सकता है, जिससे जल संरक्षण और पर्यावरण दोनों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन, राजस्व विभाग एवं जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि मामले की तत्काल जांच कर अवैध अतिक्रमण हटाया जाए तथा शासकीय तालाब को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए यह जलस्रोत सुरक्षित रह सके।

# कोई भी पात्र हितग्राही योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे, विकास कार्यों की गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान: मंत्री श्री सारंग

## खरगोन के समग्र विकास को लेकर प्रभारी मंत्री ने दिये निर्देश, केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**समय जगत, खरगोन।** प्रदेश के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री तथा खरगोन जिले के प्रभारी मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने सोमवार को जिला विकास सलाहकार समिति की महत्वपूर्ण बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्र और राज्य सरकार की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र व्यक्तियों तक शत-प्रतिशत पहुंचे और जिले में योजनाओं का ÷सैचुरेशन मॉडल÷ लागू करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे।

बैठक में मंत्री श्री सारंग ने कहा कि सरकार की मंशा केवल योजनाएं चलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि योजनाओं का वास्तविक लाभ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, यही प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विभाग की योजनाओं की नियमित समीक्षा करें और जिले में योजनाओं के पूर्ण सैचुरेशन का लक्ष्य लेकर कार्य करें।

**जल गंगा संवर्धन अभियान में खरगोन को प्रदेश में नंबर-1 पर बने रहने का लक्ष्य:** मंत्री श्री सारंग ने जल संरक्षण एवं प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए कहा कि ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के अंतर्गत खरगोन जिले को प्रदेश में नंबर-1 बना रहे। उन्होंने अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत शेष बचे 5 सरोवरों के निर्माण और मरम्मत के कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही ऐसे क्षेत्रों को चिन्हित करने को कहा जहां जल स्रोत अस्थायी हैं और वहां स्थायी जल संरचनाओं की विकसित किया जाए। उन्होंने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नल-जल योजना के प्रभावी संचालन पर जोर देते हुए कहा कि हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध होना चाहिए। गर्मी के मौसम को देखते हुए हैंडपंपों एवं बोरिंग के मरम्मत कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए ताकि आमजन को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े।



**शिक्षा व्यवस्था में सुधार और आधारभूत सुविधाओं पर जोर:** बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री सारंग ने बचे हुए विद्यालयों में शौचालय निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल भवनों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि बच्चों को बेहतर वातावरण और मूलभूत सुविधाएं मिलना भी आवश्यक है।

आंगनवाड़ी केंद्रों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि अधिकांश आंगनवाड़ियों का कार्य पूर्ण हो चुका है। मंत्री सारंग ने निर्देश दिए कि निजी भवनों में संचालित आंगनवाड़ियों में भी पानी, बिजली और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं।

उन्होंने संदीपनी एवं पीएम श्री स्कूल बनने के बाद बच्चों के ड्रॉप आउट रेट, परीक्षा परिणाम एवं गुणवत्ता पर पड़े प्रभाव का मूल्यांकन करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण कर विद्यालयों में उपस्थिति सुधारने पर भी जोर दिया।

महिला शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मंत्री सारंग ने जिले में कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय के पहुंच मार्गों पर बिजली, स्ट्रीट लाइट, पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बेटियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

**जिले की कानून व्यवस्था पर फोकस:** मंत्री श्री सारंग ने निर्देश दिए कि संवेदनशील क्षेत्रों में कानून व्यवस्था और पुलिस की गस्त बढ़ाई जाए एवं आवश्यकता अनुसार पुलिस चौकी का निर्माण किया जाए, महिला सुरक्षा पर विशेष जोर दिया जाए

**ग्रामीण विकास, पशुपालन और गौशालाओं पर ध्यान:** बैठक में ग्रामीण विकास एवं पशुपालन विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री सारंग ने ÷क्षीर सागर योजना÷ के अंतर्गत चिन्हित गांवों में प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने पशुओं के नियमित टीकाकरण, गौशालाओं के बेहतर संचालन एवं पशु स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के निर्देश दिए।इसके साथ ही पंचायत भवनों के नए निर्माण एवं पुराने भवनों की मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने का निर्देश दिया। सभी ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की निर्वाध उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ।

**जनजातीय क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के निर्देश:** जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री सारंग ने सभी जनजातीय छात्रावासों में पानी, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों के स्कूलों, कॉलेजों में मूलभूत सुविधायओं की व्यवस्थाओं में सुधार करने को कहा ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

**गेहूं उपार्जन केंद्रों पर किसानों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता:** गेहूं उपार्जन व्यवस्था की समीक्षा करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कृषि, खाद्य एवं सहकारिता विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्रों पर किसानों के लिए छांव, पीने का पानी एवं बैठने जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों। उन्होंने कलेक्टर को निर्देश दिए कि उपार्जन केंद्रों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाए ताकि भ्रष्टाचार एवं अव्यवस्थाओं पर रोक लगाई जा सके। साथ ही खरीदे गए गेहूं के समय पर उठाव एवं परिवहन व्यवस्था को भी प्राथमिकता देने को कहा।

**गुणवत्ता से समझौता नहीं, लापरवाही पर होगी सख्त कार्रवाई:** बैठक में मंत्री श्री सारंग ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि किसी निर्माण कार्य या योजना के क्रियान्वयन में लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के लिए कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर योजनाओं के डिस्प्ले लगाने के निर्देश दिए ताकि पात्र हितग्राही योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकें। जिला विकास सलाहकार समिति में खरगोन बड़वानी संसद श्री गजेंद्र पटेल, खंडवा संसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, बड़वाह विधायक श्री सचिन बिरला, अन्य जनप्रतिनिधि एवं कलेक्टर भव्य मित्तल सहित जिला प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

## संपादकीय

# स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों का है महत्वपूर्ण योगदान

देश की स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों का योगदान महत्वपूर्ण है। दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी इस वर्ष हम 206वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को एक विशेष थीम के साथ 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। इस वर्ष यह दिवस 'हमारी नर्सें। हमारा भविष्य। सशक्त नर्सें जीवन बचाती हैं।' थीम के साथ मनाया जा रहा है। इस विषय का उद्देश्य सुरक्षित वातावरण, उचित वेतन और नेतृत्व के अवसरों के माध्यम से नर्सों को सहायता और प्रशिक्षण प्रदान करना है ताकि रोगी देखभाल और स्वास्थ्य परिणामों में सुधार किया जा सके। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 206 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। वर्तमान समय में देश से लेकर विदेशों तक स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका देखी जाती है तथा इस पेशे को सम्मानित स्थान प्राप्त है।

# अटूट आस्था का शाश्वत प्रतीक है सोमनाथ

## नजरिया

**स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी जब देश विभाजन की पीड़ा, विस्थापन और अनिश्चितताओं से गुजर रहा था, तब हर भारतवासी यह अनुभव कर रहा था कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है, भारत को सांस्कृतिक स्वाधीनता का भी पुनर्स्थापन करना होगा। ऐसे समय में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर का पुनरुद्धार नहीं, स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान की पुनर्प्रतिष्ठा का संकल्प था। सरदार पटेल जानते थे कि यदि राष्ट्र को आत्मबल के साथ आगे बढ़ना है, तो उसे अपनी सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक गौरव से जुड़ना ही होगा। सोमनाथ का पुनर्निर्माण एक उद्घोष था कि स्वतंत्र भारत जड़ों से कटकर नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं के साथ आगे बढ़ेगा।**

**योगी आदित्यनाथ**



भारत केवल एक भूभाग नहीं, अपितु हजारों वर्षों की सभ्यता, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परंपरा का जीवंत राष्ट्र है। भारतीय दर्शन कहता है कि आत्मा अजर-अमर है, वह केवल रूप बदलता है। इसी प्रकार भारत की सनातन संस्कृति और उसकी आस्था भी अनश्वर है। इतिहास साक्षी है कि इस चेतना को मिटाने के अनेक प्रयास हुए, किंतु न इसे झुकाया जा सका, न समाप्त किया जा सका।

सौराष्ट्र में समुद्र तट पर अवस्थित श्री सोमनाथ मंदिर उसी अमर राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का तेजस्वी प्रतीक है। विगत एक हजार वर्षों का कालखंड इसका प्रमाण है कि विदेशी आक्रांताओं की घृणा, कट्टरता और विध्वंस की नीति के आगे हमारी आस्था, साहस और सृजनशीलता हर क्षण अडिग रही। आज जब भारतवर्ष 20वीं शताब्दी में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है, तब यह केवल एक ऐतिहासिक घटना का स्मरण मात्र नहीं, अपितु भारत के आत्मा, उसकी आस्था और उसके स्वाभिमान को पुनः अनुभव करने का पावन अवसर भी है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रथम श्री सोमनाथ ने शताब्दियों के असंख्य आक्रमण और विध्वंस देखे, किंतु हर बार वह और अधिक गौरव एवं तेज के साथ पुनः स्थापित हुआ। महमूद गजनवी से लेकर औरंगजेब तक अनेक आक्रांताओं ने इसे मिटाने का प्रयास किया, पर वे स्वयं इतिहास में विलीन हो गए और सोमनाथ मंदिर अडिग खड़ा है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भी जब देश विभाजन की पीड़ा, विस्थापन और अनिश्चितताओं से गुजर रहा था, तब हर भारतवासी यह अनुभव कर रहा था कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है, भारत को सांस्कृतिक स्वाधीनता का भी पुनर्स्थापन करना होगा। ऐसे समय में लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने सोमनाथ के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया। यह केवल एक मंदिर का पुनरुद्धार नहीं, स्वतंत्र भारत के सांस्कृतिक स्वाभिमान की पुनर्प्रतिष्ठा का संकल्प था। सरदार पटेल जानते थे कि यदि राष्ट्र को आत्मबल के साथ आगे बढ़ना है, तो उसे अपनी सांस्कृतिक चेतना और ऐतिहासिक गौरव से जुड़ना ही होगा। सोमनाथ का पुनर्निर्माण एक उद्घोष था कि स्वतंत्र भारत जड़ों से कटकर नहीं, बल्कि अपनी परंपराओं के साथ आगे बढ़ेगा। हालांकि सरदार पटेल अपने उस स्वप्न को साकार होते नहीं देखे सके, पर प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की अनिच्छा के बावजूद सोमनाथ मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल हुए थे। डा. राजेंद्र प्रसाद का यह निर्णय इसकी उद्घोषणा था कि भारत के सांस्कृतिक आत्मा को किसी वैचारिक आग्रह से दबाया नहीं जा सकता। आज, अमृतकाल के कालखंड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत 'स्व' से साक्षात्कार कर रहा है। यह सांस्कृतिक पुनर्जागरण का ही कालखंड है। जो कार्य स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल और डा. राजेंद्र प्रसाद जी ने प्रारंभ किया था, वही चेतना आज मोदी जी के नेतृत्व में नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती दिखाई देती है। अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण भी पांच शताब्दियों के संघर्ष, धैर्य और सांस्कृतिक स्वाभिमान की ऐतिहासिक परिणति है। कभी जिन आक्रांताओं ने श्रीरामजन्मभूमि को अपमानित कर भारत की आस्था पर प्रहार किया था, आज उनका नाम इतिहास के अंधकार में खो चुका है, किंतु प्रभु श्रीराम का भव्य मंदिर पूरे वैभव के साथ खड़ा है।

इसी क्रम में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास काशी की जीवंतता और भारत की सनातन चेतना के पुनरुत्थान का प्रतीक है। आज वैश्विक स्तर पर भी भारत की इस सांस्कृतिक चेतना को नई स्वीकृति प्राप्त हो रही है। योग, आयुर्वेद, भारतीय दर्शन, अध्यात्म और सनातन जीवनदृष्टि के प्रति विश्व का आकर्षण निरंतर बढ़ रहा है। यह केवल सांस्कृतिक प्रभाव नहीं है, यह भारत की उस शाश्वत दृष्टि की स्वीकृति है, जो मानवता को संतुलन, सहअस्तित्व और समरसता का मार्ग दिखाती है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में 'नया भारत' आज 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के रूप में सनातन आस्था के सांस्कृतिक गौरव का उत्सव मना रहा है और गजनी जैसे आततायियों के विध्वंस पर उल्लास, सृजन और वैभव का नव-अंकुर प्रस्फुटित हो रहा है।

सोमनाथ का पुनर्निर्माण इसी व्यापक सांस्कृतिक विमर्श का महत्वपूर्ण आधार है। यह हमें स्मरण कराता है कि कोई भी राष्ट्र केवल आर्थिक शक्ति से महान नहीं बनता। उसकी वास्तविक शक्ति उसकी सांस्कृतिक चेतना, उसके ऐतिहासिक आत्मविश्वास और उसकी सभ्यतागत निरंतरता में निहित होती है। जिन राष्ट्रों ने अपनी जड़ों को भुला दिया, वे इतिहास में धीरे-धीरे कमजोर पड़ गए, किंतु भारत ने हर युग में अपने आत्मा को सुरक्षित रखा। आज जब हम पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं, तब यह अवसर नई पीढ़ी को भारत के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराने का भी है।

यह पीढ़ी भारत की सांस्कृतिक विरासत की उत्तराधिकारी भी है। उसे यह समझना होगा कि भारत का उत्थान केवल आर्थिक प्रगति से संभव नहीं है। भारत तब पूर्ण रूप से विकसित और शक्तिशाली बनेगा, जब वह अपने आत्मा से जुड़कर आगे बढ़ेगा। श्री सोमनाथ मंदिर हमें यह भी स्मरण कराता है कि पुनर्निर्माण केवल भौतिक नहीं होता, वह मानसिक और राष्ट्रीय भी होता है। जब कोई समाज अपने टूटे हुए प्रतीकों को पुनः स्थापित करता है, तब वह केवल भवन नहीं बनाता, बल्कि अपने आत्मविश्वास को पुनर्जीवित करता है। पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर की 75वीं वर्षगांठ हमें यही प्रेरणा देती है कि राष्ट्र का स्वाभिमान उसकी सांस्कृतिक चेतना से जुड़ा होता है। यदि संस्कृति सुरक्षित है, तो राष्ट्र का भविष्य भी सुरक्षित है। आइए, इस अवसर पर हम सब यह संकल्प लें कि भारत की महान सांस्कृतिक परंपरा, आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय मूल्यों को और अधिक सशक्त बनाएंगे। भावी पीढ़ियों को अपनी सभ्यता का गौरव समझाएंगे और अमृतकाल में भारत को उसके वास्तविक वैश्विक स्वरूप तक पहुंचाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएंगे। जय सोमनाथ !

# दुनिया में सबसे अनमोल है जीवन की शांति

**डॉ मधुसूदन शर्मा**

वर्तमान में पूरी दुनिया को शांति के संदेश की जरूरत है। संघर्ष नहीं, समझौता जरूरी है। हमें अपने अहंकार को नियंत्रित करना है। अपने लोक को संयम में रखना बहुत जरूरी है। आज दुनिया को जिस चीज की सर्वाधिक आवश्यकता है वह है जीवन की शांति। व्यक्ति के जीवन की शांति से ही, परिवार, समाज व देश में शांति संभव है। अक्सर पूछा जाता है कि शांति की परिभाषा क्या है, किसको शांति कहते हैं। किसी ने कहा, युद्ध न होना ही शांति है। लेकिन दुनिया में कई ऐसे देश हैं जहां युद्ध नहीं है तो क्या वहां शांति है... किसी ने कहा कि आवाज का अभाव शांति है... तो क्या आवाज नहीं होना शांति है। दरअसल, जीवन में जैसा आप सोचेंगे वैसे ही अनुभव करेंगे। वैसा ही हमारा जीवन होगा। लेकिन जो मन की शांति है, वो बाहर नहीं मिलेगी। इसीलिए कहा जाता है कि अंदर शांति है तो बाहर शांति।

सही मायने में शांति मन की स्थिति है। शांति आत्मा का स्वभाव है। आत्मा का स्वधर्म शांति। जहां आत्मा अपने स्वधर्म को महसूस करती है, वहां शांति व्याप्त होती है। हर चीज का अपना स्वभाव होता है। प्रकृति का अपना स्वभाव है। जैसे हवा का स्वभाव वेग है। जल का स्वभाव शीतलता है। आत्मा का स्वभाव स्वभावतः शांति है। इसी कारण हर कोई शांति चाहता है। हम अपने कर्म और स्वभाव के अनुसार शांति की इच्छा रखते हैं, क्योंकि यह हर किसी का मूल स्वभाव है। शांति का अनुभव किया जा सकता है और इसे ध्यान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। पहले हम अपनी आत्मा को पहचानें कि मैं कौन हूं। मैं वही हूं जिसका स्वभाव शांति है। निस्संदेह, ये संसार एक मुसाफिरखाना है। हमारे जीवन का लक्ष्य हो कि न दुख दो न दुख लो। ये आत्मा का ट्रीटमेंट है। शांति से संतुलित करुणामय समाज का निर्माण होगा। हमें नफरत की आग को बुझाना है। शांति का सपना सजाना है हमें। लेकिन आत्मा की शान है शांति की अनुभूति। आज वैश्विक आवश्यकता है शांति। युद्ध के बादल पूरी दुनिया में छाये हुए हैं। निस्संदेह, हमारे जीवन से दूसरों के जीवन में शांति आएगी। लेकिन आज हम अपने स्वधर्म को भूल गए हैं। उच्च आत्मा का स्वधर्म शांति है। जब हम स्वधर्म में स्थापित हो जाएंगे तो शांति आ जाएगी। जीवन में सुख-शांति अनुभव करेंगे। हमें अपने को शांति स्वरूप बनाना है। वर्तमान समय में दुनिया में कई जगह युद्ध चल रहे हैं। लेकिन समाज व परिवार में भी किसी प्रकार का कोई संघर्ष है वो समाप्त हो। मनुष्य के जीवन व परिवार में शांति हो। जीवन में प्रगति तभी संभव है जब वहां शांति हो। जब आपका मन शांत होता है, तो आपकी निर्णय क्षमता स्पष्ट हो जाती है। शांत मन में बुद्धि में रचनात्मकता और श्रेष्ठ संकल्प उत्पन्न होते हैं। शांत स्वभाव दूसरों पर भी प्रभाव डालता है। विश्व शांति के साथ-साथ हमारे मन में भी शांति होना आवश्यक है। हम सभी की सोच श्रेष्ठ हो। सकारात्मक सोच हो। हमारे हर कार्य में शांति का संदेश हो। ऐसा जीवन का लक्ष्य हो कि शांति व्यापक हो जाए।

शांति के लिए अपने अंदर झांकिए मैं कौन हूं। मैं क्यों इस दुनिया में आया हूं। मुझे क्या करना है। मुझे कहां जाना है। आपको भीतर से जवाब मिलेगा कि मैं एक आत्मा हूं। एक सूक्ष्म ज्योति हूं। हम जीवन में जो कार्य करते हैं वो हमारा अभिनय मात्र है। यह दुनिया हमारा कर्म क्षेत्र है। हमारा निवास पांच तत्वों से निर्मित शांति का धाम है। मन और बुद्धि से हम उसी धाम में पहुंच जाएं। तब असीम शांति मिलेगी, क्योंकि हमारी आत्मा शांति स्वरूप है। संसार में हर आत्म शांति का अनुभव करें। तब यह संसार सुख शांति से संपन्न हो जाएगा। हम सबको सुख देने का प्रयास करें। कर्मक्षेत्र में सोच श्रेष्ठ है तो जीवन श्रेष्ठ होगा। जीवन में आनंद से रहें। श्रीकृष्ण की मुरली ने दुनिया में शांति का संदेश फैलाया। बंधुत्वता में शांति का संदेश निहित है।

शांति वो नहीं जो शांति की स्मृति है। तूफान में भी शांति बनाये रखें। ताकि विपरीत परिस्थितियों में भी हम शांति स्थापित कर सकें। अपने जीवन में शांति को अनुभव करते हुए दूसरों को शांति दें। हम व्यक्तिगत जीवन से शुरुआत करें। स्वार्थ, क्रोध, अविश्वास आदि अशांति का कारण बनता है। साधन सुविधा जुटाकर शांति जुटाने का प्रयास निरर्थक है। जैसे धन से किताब खरीद सकते हैं ज्ञान नहीं। धन से बिस्तर मगर नींद नहीं खरीदी जा सकती है। हम साधन तो खरीद सकते हैं। शांति नहीं खरीद सकते। लेकिन आज सब कुछ तो है तो शांति नहीं है। धर्म की शरण में हम शांति के लिए जाते हैं। आज धर्म का स्वरूप कट्टरता हो गया है। हम सबके भीतर आत्मा एक है। उसका धर्म शांति है। आत्मा आनन्द स्वरूप, सुख स्वरूप, प्रेम स्वरूप है। सभी धर्म शांति का संदेश देते हैं।

# तमिलनाडु के द्रविड़ राजनीति में विजय का उदय

**राज कुमार सिन्हा**



वर्तमान तमिलनाडु की राजनीति में ऐतिहासिक बदलाव आया है। दशकों से चले आ रहे द्रविड़ राजनीति के दो पार्टियां द्रविड़ मुनेत्र कड्गम (डीएमके) और ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड्गम (एआईएडीएमके) के वर्चस्व को पीछे छोड़ते हुए अभिनेता से नेता बने जोसेफ विजय की पार्टी तमिलगा वेट्री कड्गम (टीवीके) ने 234 सदस्यीय विधानसभा में 107 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में अपनी जगह बनाई है। तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर ने तमिलगा वेट्री कड्गम (टीवीके) पार्टी के अध्यक्ष जोसेफ विजय द्वारा सरकार बनाने के दावे को खारिज कर दिया था।जबकि टीवीके के संस्थापक जोसेफ विजय राज्यपाल अर्लेकर से दो बार मुलाकात कर सरकार बनाने का निमंत्रण देने का अनुरोध किया था। जोसेफ विजय को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करने में राज्यपाल की देरी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका भी दायर की गई। यह सर्वविदित है कि संविधान द्वारा शासित संसदीय लोकतंत्र में, किसी राजनीतिक दल या गठबंधन को बहुमत प्राप्त है या नहीं, यह प्रश्न केवल सदन के पटल पर ही निर्धारित किया जा सकता है। दूसरी ओर डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वार्ता और एडप्पाडी पलानीस्वामी के नेतृत्व में सरकार बनाने के प्रयासों की खबरें भी आई जो जनादेश के खिलाफ था। तमिलनाडु में अंदरखाने राष्ट्रपति शासन लगाने की चर्चा होने लगा था। तमिलनाडु में विजय की सरकार को कांग्रेस, लेफ्ट और वीसीके ने अपना समर्थन दिया है। आईयूएमएल ने भी टीवीके को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की है। तमिलनाडु में सरकार गठन के लिए 118 विधायकों का समर्थन चाहिए था जो अब 121 विधायकों का समर्थन मिल गया है। इसके बाद टीवीके की सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। इस चुनाव में विजय ने दो विधानसभा सीटों से जीत हासिल की है। हालांकि मुख्यमंत्री बनने के बाद उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के बाद टीवीके सबसे बड़ी पार्टी बनी लेकिन उसके बाद भी सरकार बनाने को लेकर जोसेफ विजय को काफी दिक्कतें आई हैं। हालांकि, मुश्किलों को हल करने में राहुल गांधी की भूमिका काफी अहम रही है। तमिलनाडु में टीवीके चीफ विजय रविवार को राज्य के 9 वें मुख्यमंत्री पद की शपथ लिया है। इनके साथ नौ लोगों ने मंत्री पद का शपथ लिया है।जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके का उदय तमिलनाडु की राजनीति में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। यह केवल एक फिल्म अभिनेता के राजनीति में आने की घटना नहीं है, बल्कि राज्य की बदलती सामाजिक-राजनीतिक परिस्थितियों, युवाओं की अपेक्षाओं और द्रविड़ राजनीति के भीतर उभरते खाली स्थान का परिणाम भी है।विजय तमिल सिनेमा के सबसे लोकप्रिय सितारों में से हैं। उनकी फिल्मों में अक्सर सामाजिक न्याय, भ्रष्टाचार विरोध और युवा शक्ति जैसे मुद्दे दिखाए जाते रहे हैं। उनका प्रशंसक नेटवर्क वर्षों से संगठित रूप में काम कर रहा था, जो अब राजनीतिक ढांचे में बदला गया है। टीवीके ने अभी तक खुद को पूरी तरह किसी एक वैचारिक ध्रुव से नहीं जोड़ा है।वे द्रविड़ पहचान, सामाजिक न्याय और तमिल अस्मिता को बनाए रखते हुए सर्वसमावेशी छवि बनाना चाहते हैं।वे युवाओं को रोजगार, पारदर्शी व्यवस्था और सुशासन पर जोर देकर नई पीढ़ी को द्रविड़ राजनीति में जोडा है। इस बार के चुनाव में एआईएडीएमके का वोट शेयर लगभग 12 प्रतिशत तक गिरा है। इस बार सिर्फ पार्टी तीसरे नंबर पर पहुंच गई है, बल्कि वह मुख्य विपक्षी दल का दर्जा भी गंवा बैठी है। डीएमके और एआईएडीएमके दोनों पार्टियां पेरियार और अन्नादुरई के सिद्धांतों जैसे सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्षता, हिंदी विरोध को मानती है।1967 से तमिलनाडु में केवल इन दो पार्टियों ने ही सरकारें बनाई हैं, जो बारी-बारी से सत्ता में आती रही हैं। दोनों ही पार्टियों का फिल्मी जगत से गहरा संबंध रहा है, जहां नेता अक्सर पटकथा लेखक या अभिनेता रहे हैं।डीएमके का उदय 1949 में हुआ था।सी.एन. अन्नादुरई ने पेरियार के कुछ विचारों से असहमति के बाद डीएमके बनाई, जो चुनावी राजनीति में उतरी। दक्षिण के बडे अभिनेता एम.जी. रामचंद्रन ने करुणानिधि से विवाद के बाद डीएमके से अलग होकर 1972 में एआईएडीएमके बनाई।बाद में जयललिता ने इस पार्टी की कमान संभाली थी। जयललिता भी दक्षिण की मशहूर अभिनेत्री थी। तमिलनाडु की द्रविड़ राजनीति का इतिहास 1916 में जस्टिस पार्टी की स्थापना से शुरू होकर आज की डीएमके और एआईएडीएमके के बीच वैचारिक और सत्ता संघर्ष का 110 साल पुराना सफर है। जस्टिस पार्टी की शुरुआत गैर-ब्राह्मण आंदोलन से हुई, जो प्रशासन और शिक्षा में ब्राह्मण वर्चस्व के खिलाफ था।बाद में जस्टिस पार्टी को पेरियार ई.वी. रामासामी ने द्रविड़ कड्गम में बदला, जिसका उद्देश्य स्वतंत्र द्रविड़ नाडु और सामाजिक सुधार था।तमिलनाडु की राजनीति देश के बाकी राज्यों से काफी अलग मानी जाती है। ऐसा इसलिए कि यहां जाति, भाषा, धर्म, क्षेत्रीय पहचान और सामाजिक न्याय की राजनीति ने एक ऐसी विचारधारा को जन्म दिया जिसे द्रविड़ राजनीति कहा जाता है। राज्य की दो सबसे बड़ी पार्टियां डीएमके और एआईएडीएमके एक ही द्रविड़ आंदोलन से निकली है, दोनों की विचारधारा लगभग समान है, लेकिन राजनीतिक रूप से दोनों दशकों से कट्टर प्रतिद्वंद्वी बनी हुई है और पिछले पांच दशक से ज्यादा समय से तमिल राजनीति पर कब्जा किया हुआ है। 1967 का विधानसभा चुनाव तमिलनाडु की राजनीति का सबसे बड़ा मोड़ साबित हुआ, जहां डीएमके ने कांग्रेस को हराकर सत्ता हासिल कर ली और सी. एन. अन्नादुरई मुख्यमंत्री बने। यह पहली बार था जब किसी क्षेत्रीय दल ने राज्य में कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया था। इसके बाद तमिलनाडु की राजनीति लगभग पूरी तरह द्रविड़ दलों के नियंत्रण में आ गई। अन्नादुरई की मृत्यु के बाद एम. करुणानिधि डीएमके के सबसे बड़े नेता बनकर उभरे।1969 में सी.एन. अन्नादुरई के निधन के बाद, कलाइग्नार एम. करुणानिधि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने और पांच बार इस पद पर आसीन हुए। उन्होंने 2016 तक हुए सभी 13 विधानसभा चुनावों में जीत हासिल करके एक रिकॉर्ड बनाया। 2018 में, उनके बिगड़ते स्वास्थ्य के कारण, डीएमके की आम सभा की बैठक हुई और एम.के. स्टालिन को डीएमके को अध्यक्ष चुना गया था।1980 और 1990 के दशक में तमिलनाडु की राजनीति पूरी तरह करुणानिधि बनाम जयललिता में बदल गई। दोनों नेताओं के बीच राजनीतिक संघर्ष बेहद तीखा था। विधानसभा से लेकर सड़कों तक टकराव दिखाई देता था।

तमिलनाडु की राजनीति में फिल्मी लोकप्रियता महत्वपूर्ण है, लेकिन केवल स्टारडम से सत्ता नहीं मिलती।एम.जी. रामचंद्रन और जे. जयललिता सफल हुए क्योंकि उन्होंने मजबूत संगठन और जनकल्याणकारी राजनीति भी विकसित की थी। नई पार्टियों पर अक्सर आरोप लगता है कि वे केवल एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द बनी हैं। यदि टीवीके अलग-अलग चेहरों को आगे करती है, तो वह खुद को संगठन आधारित पार्टी के रूप में पेश कर सकती है। तमिलनाडु की राजनीति में क्षेत्रीय और जातीय संतुलन बेहद महत्वपूर्ण है।यदि विजय किसी विशेष समुदाय से जुड़े माने जाते हैं, तो पार्टी दूसरे समुदाय और धर्म के चेहरे को आगे कर व्यापक सामाजिक गठबंधन बनाना चाहिए। विजय की लोकप्रियता और उसकी दीर्घकालिक सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वह पार्टी को मजबूत संगठन, स्पष्ट नीतियां और विश्वसनीय राजनीतिक नेतृत्व कितना विकसित कर पाते हैं।

# माखनलाल सरकार और राष्ट्रवादी आंदोलन की मौन यात्रा

**राजेश कुमरावत सार्थक**

भारत के सार्वजनिक जीवन में अक्सर बड़े नेताओं और ऐतिहासिक घटनाओं की चर्चा होती है, लेकिन राष्ट्र निर्माण की वास्तविक नींव उन अनगिनत कार्यकर्ताओं ने तैयार की है, जिन्होंने बिना किसी पद, प्रचार या राजनीतिक महत्वाकांक्षा के अपना पूरा जीवन विचार और संगठन को समर्पित कर दिया। पश्चिम बंगाल के वरिष्ठ स्वयंसेवक माखनलाल सरकार ऐसी ही पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। हाल के दिनों में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सार्वजनिक मंच पर उनके चरण स्पर्श कर सम्मान व्यक्त किया, तब देशभर में इस दृश्य की चर्चा हुई। किंतु यह सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं था, बल्कि उन हजारों अनाम कार्यकर्ताओं की दशकों लंबी तपस्या का प्रतीक था, जिन्होंने प्रतिकूल परिस्थितियों में भी राष्ट्रवादी विचारधारा को जीवित रखा। माखनलाल सरकार उन शुरुआती कार्यकर्ताओं में माने जाते हैं जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद बंगाल में राष्ट्रवादी आंदोलन को संगठित रूप देने का कार्य किया। वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सहयोगियों में रहे और लंबे समय तक संगठन विस्तार में सक्रिय भूमिका निभाते रहे। उस दौर में बंगाल की राजनीति वैचारिक संघर्षों से गुजर रही थी। राष्ट्रवादी विचारधारा के लिए जमीन तैयार करना आसान नहीं था। राजनीतिक विरोध, हिंसा और सामाजिक दबाव सामान्य स्थिति मानी जाती थी।

इसके बावजूद माखनलाल सरकार जैसे कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर लोगों को जोड़ते रहे। परिवारजनों के अनुसार, एक समय ऐसा भी आया जब राष्ट्रवादी गतिविधियों को संदेह की दृष्टि से देखा जाता था और प्रतिबंधों का वातावरण था। इसी दौरान राष्ट्रगान गाने के कारण उन्हें गिरफ्तार भी किया गया। यह प्रसंग उस दौर की वैचारिक परिस्थितियों को रेखांकित करता है, जब राष्ट्रवादी प्रतीकों और नारों को लेकर भी संघर्ष की स्थिति बन जाती थी। सन् 1952 के कश्मीर आंदोलन में भी माखनलाल सरकार सक्रिय रूप से जुड़े। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ चल रहे तिरंगा आंदोलन में उन्होंने भाग लिया और इसी दौरान गिरफ्तारी भी दी। उस समय एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे का नारा पूरे देश में व्यापक जनचर्चा का विषय बना हुआ था। बंगाल के एक साधारण स्वयंसेवक के रूप में माखनलाल सरकार भी इस आंदोलन का हिस्सा बने। बाद के वर्षों में संगठन निर्माण के क्षेत्र में उनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण मानी गई। सन् 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के बाद बंगाल में संगठन विस्तार चुनौतीपूर्ण कार्य माना जाता था। माखनलाल सरकार को पश्चिम दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी और दार्जिलिंग क्षेत्रों में संगठनात्मक दायित्व सौंपा गया। बताया जाता है कि अल्प समय में उन्होंने हजारों नए कार्यकर्ताओं को संगठन से जोड़ा और लगातार वर्षों तक जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए राष्ट्रवादी राजनीति की मजबूत आधारशिला तैयार की।

विशेष बात यह रही कि लंबे सार्वजनिक जीवन के बावजूद उनका जीवन अत्यंत साधारण बना रहा। न प्रचार की अपेक्षा, न राजनीतिक महत्वाकांक्षा और न व्यक्तिगत पहचान का आग्रह। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया सम्मान एक व्यापक प्रतीक के रूप में देखा गया। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, यह दृश्य उस कार्यकर्ता परंपरा को सम्मान देने का संकेत था, जिसने दशकों तक मौन रहकर संगठनात्मक आधार तैयार किया। वर्तमान समय में जब राजनीति प्रायः त्वरित प्रसिद्धि और दृश्यता के इर्द-गिर्द केंद्रित दिखाई देती है, तब माखनलाल सरकार जैसे व्यक्तित्व संगठनात्मक जीवन के उस पक्ष की याद दिलाते हैं, जिसमें विचार, अनुशासन और दीर्घकालिक समर्पण को सर्वोच्च माना जाता था।

जिस प्रकार मोरेपंत पिंगले ने सांस्कृतिक चेतना के अभियानों को दिशा दी और एकनाथ रानाडे ने संगठनात्मक दृष्टि से राष्ट्रीय स्तर पर स्थायी प्रेरणा केंद्र निर्मित किए, उसी प्रकार माखनलाल सरकार जैसे कार्यकर्ताओं ने बंगाल में राष्ट्रवादी विचार की जड़ों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## शहर की पॉश टाउनशिप में दहशत का माहौल, बैंक मैनेजर पर गंभीर आरोप



**आकाश दुबे-समय जगत,ग्वालियर।** शहर की पॉश सन वैली टाउनशिप में रहने वाले नागरिक इन दिनों भय और दहशत के माहौल में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। टाउनशिप के रहवासियों एवं सोसायटी पदाधिकारियों ने मंगलवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एक युवक के खिलाफ गंभीर शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि उक्त युवक आए दिन रहवासियों के साथ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देता है। सोसायटी के अध्यक्ष पवन बंसल ने बताया कि टाउनशिप में रहने वाले गौरव सिंह सिकरवार, जो स्वयं को सेंट्रल बैंक का मैनेजर बताते हैं, लंबे समय से लोगों को परेशान कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि 7 तारीख को जब वह अपने घर सामान लेकर जा रहे थे, तभी गौरव सिंह सिकरवार ने बंदूक दिखाकर उन्हें धमकाया, मारपीट की और अगवा करने का प्रयास किया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है। रहवासियों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी सिकरवार द्वारा सोसायटी संचालक माखीजा के पुत्र के साथ मारपीट की जा चुकी है। इतना ही नहीं, एक दिन बैडमिंटन कोर्ट में हवाई फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है, जिससे टाउनशिप में रहने वाले बच्चे और परिवार दहशत में आ गए थे। सोसायटी के लोगों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि गौरव सिंह सिकरवार के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, उनकी बंदूक जब्त कर हथियार लाइसेंस निरस्त किया जाए ताकि भविष्य में कोई बड़ी घटना न हो सके। वहीं मामले को लेकर एडिशनल एसपी जयराज कुबेर ने कहा कि सन वैली टाउनशिप सोसायटी के कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सिवनी मालवा पुलिस ने लुटेरों को किया गिरफ्तार



**समय जगत, सिवनी मालवा।** सिवनी मालवा के शिवपुर रोड़ स्थित घर में आराम कर रहें व्यक्ति पर तीन नकाबपोश लुटेरों ने धारदार हथियार ( चाकू ) से हमला कर, डरा धमकाकर नगदी, जेवरात की लूटपाट कर फरार हो गए थे। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक, जिला नर्मदापुरम सांई कृष्ण एस थोटा ने दल गठित कर तकनीकी मदद से 2 लुटेरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। वहीं 1 आरोपी की तलाश जारी हैं। जिसका सोमवार को खुलासा किया गया। पुलिस ने बताया कि 7 मई 2026 को फरियादी रामभरोस जाट उम्र 60 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 07 शिवपुर रोड सिवनी मालवा की रिपोर्ट पर थाना सिवनी मालवा में अपराध क्रमांक 312/26 धारा 331(6), 309(6) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना अनुसार 06 मई 2026 की रात्रि लगभग 09:30 बजे की हैं। जब फरियादी अपने घर पर आराम कर रहे थे। तभी तीन अज्ञात नकाबपोशों ने अचानक घर में घुसकर धारदार हथियार से हमला कर फरियादी के साथ मारपीट करते हुए डराकर चोट पहुंचाते हुए घर में रखे नगद 10,000 रुपये, सोने-चांदी तथा बेंटेक्स के आभूषण लूटकर फरार हो गए। घटना की सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने तत्काल दल गठित कराया। पुलिस मुखबीर तंत्र तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्ध आशीष कटारे पिता गोबर्धन कटारे, अनिल बाथव उर्फ लुक्खा पिता राजेश बाथव सिवनी मालवा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई। जिन्होंने घटना करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त छुरा, लूटी गई नकदी 7,000 रुपये, चांदी व बेंटेक्स के जेवर तथा सोने की अंगूठी जब्त की गई। वहीं पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने एक अन्य साथी अनिल बाथव पिता राम बाथव का नाम बताया। जो घटना दिनांक से फरार हैं। घटना में शामिल तीनों आरोपियों की पहचान कर ली गई हैं। फरार आरोपी अनिल बाथव की तलाश जारी हैं। लूट के आरोपियों को पकड़ने में निरीक्षक सुधाकर बारस्कर थाना सिवनी मालवा, उप निरीक्षक नागेश वर्मा, प्रधान आरक्षक प्रीतम बाबरिया, आरक्षक कपिल जाट, केतन, गौरीशंकर, अर्जुन, महिला आरक्षक आरती, साइबर सेल आरक्षक संदीप यदुवंशी, दीपेश सौलंकी की सराहनीय भूमिका रही।

## नरवाई की आग ने बढ़ाया खतरा, फायर ब्रिगेड और ग्रामीणों की तत्परता से टला बड़ा हादसा



**गैरतगंज।** तहसील के केशली, सहजपुर क्षेत्र में रविवार और सोमवार की दरमियानी रात खेतों में रखी नरवाई में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दूर-दूर तक लपटें दिखाई देने लगीं। आग की भयावहता को देखकर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने सबसे पहले धधकती आग को देखा और अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। साथ ही तत्काल प्रशासन को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। समय रहते आग पर काबू पा लेने से एक बड़ा हादसा टल गया। यदि आग तेजी से फैलती तो आसपास के खेतों के साथ निकटवर्ती गांव भी इसकी चपेट में आ सकते थे। गर्मी के मौसम और सूखी नरवाई के कारण आग तेजी से फैलने की आशंका बनी रहती है। प्रशासन ने किसानों और ग्रामीणों से अपील की है कि खेतों में नरवाई न जलाएं तथा आग लगने की स्थिति में तुरंत संबंधित विभाग को सूचना दें, ताकि समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

## चितारा गांव में दो पक्षों में विवाद, मामले दर्ज

**समय जगत, श्योपुर।** बरगवां थाना क्षेत्र के ग्राम चितारा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। घटना में दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी कान्हा पुत्र वर्धा गुर्जर 50 वर्ष निवासी चितारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 10 मई को सुबह करीब 11:30 बजे उनके घर के पास गांव चितारा में रंगलाल गुर्जर, रहमा गुर्जर, शौजी गुर्जर और राजू गुर्जर ने पुरानी रंजिश के चलते गंदी-गंदी गालियां देते हुए मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में बरगवां थाना पुलिस ने अपराध प्रकरण दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से राजू पुत्र पांचू गुर्जर निवासी चितारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसी दिन और उसी स्थान पर कान्हा गुर्जर, नंदा गुर्जर, रामकरण गुर्जर और लहरी गुर्जर ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में अपराध क्रमांक 26:26 के तहत धारा के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से व्यक्ति घायल, मामला दर्ज

**समय जगत, श्योपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र नया बस स्टैंड के सामने ब्लॉक कॉलोनी रोड पर तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग घायल हो गए। मामले में कोतवाली थाना पुलिस ने चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार फरियादी मुकुट बिहारी पुत्र भैरूलाल सेन निवासी वार्ड क्रमांक 13 मुक्तिनाद नगर श्योपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 11 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे नया बस स्टैंड के सामने ब्लॉक कॉलोनी रोड पर एमपी 31 एल 0221 नंबर की पिकअप के चालक ने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उनके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में उनके पिता घायल हो गए।

# कुराश संघ अध्यक्ष अमित अग्रवाल के प्रयास व खिलाड़ियों की मेहनत से दतिया का नाम होगा रोशन: विधायक श्री अग्रवाल

## राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों व उनकी माताओं का विधायक द्वारा किया गया स्वागत एवं सम्मान



**दतिया।** अंतरराष्ट्रीय मां दिवस के अवसर पर जिला कुराश संघ अमित अग्रवाल द्वारा रविवार को स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों एवं उनकी माताओं के सम्मान समारोह में सेंवढ़ा विधायक प्रदीप अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में मयंक ढेंगला, महेश दुबे एवं राजेन्द्र नर्गाच उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता दतिया जिला कुराश संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने की। कार्यक्रम में जिले के खेल प्रेमी, अभिभावक, खिलाड़ी एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक प्रदीप अग्रवाल ने कहा दतिया जैसे छोटे से जिले से कुराश जैसे जटिल खेल में हमारी बच्चियों ने जो शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया उस पर सभी लोगों को गर्व है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि अमित अग्रवाल के अध्यक्षीय कार्यकाल में बच्चें मन लगाकर खेलें और अपनी प्रतिभा में निखार लाएं। इस दौरान संघ के अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और राष्ट्र निर्माण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि दतिया के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। अमित ने खिलाड़ियों की माताओं के योगदान को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि हर सफल खिलाड़ी के पीछे परिवार और विशेष रूप से माँ का त्याग एवं प्रेरणा होती है। समारोह में भूमि पाल, हासिम खान, चंचल पटवा, कृष्णा यादव, माही साहू, नव्या रजक, लवेश नायक, रुद्र शर्मा, ऋषि राय, निकुंज गुर्जर, अनन्या प्रजापति, प्रतीक्षा दोहरे, इंद्रकांत पाल, आस्था सेन एवं मानवी राजा बुंदेला सहित अन्य खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा युवाओं को खेलों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का उद्देश्य जिले में खेलों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना एवं युवा प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करना रहा। अंत में सभी अतिथियों एवं उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया गया।

# बढ़ते तापमान से जनजीवन प्रभावित



**समय जगत, श्योपुर।** जिले में इन दिनों मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण लोगों को तेज गर्मी और उमस का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में तापमान में लगातार बदलाव दर्ज किया गया है। 10 मई को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 26 डिग्री रहा। इससे पहले 9 मई को अधिकतम 40 और न्यूनतम 24 डिग्री, जबकि 8 मई को अधिकतम 40 और न्यूनतम 22 डिग्री तापमान दर्ज किया गया था। 7 मई को अधिकतम 40 और न्यूनतम 26 डिग्री, वहीं 6 मई को अधिकतम 38 और न्यूनतम 25 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया।

तापमान के इस उतार-चढ़ाव और तेज धूप के कारण दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है। लोग केवल आवश्यक काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्म हवाओं और उमस से बच्चे, बुजुर्ग और मजदूर वर्ग विशेष रूप से प्रभावित हो रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग ठंडे पेय पदार्थों और छांव का सहारा ले रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों को दोपहर में धूप में निकलने से बचने, पर्याप्त पानी पीने और हल्के कपड़े पहनने की सलाह दी है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले दिनों में तापमान में और बदलाव देखने को मिल सकता है, जिससे गर्मी और उमस का असर बना रहेगा।

### कब कितना तापमान

10 मई अधिकतम 39 न्यूनतम 26
09 मई अधिकतम 40 न्यूनतम 24
08 मई अधिकतम 40 न्यूनतम 22
07 मई अधिकतम 40 न्यूनतम 26
06 मई अधिकतम 38 न्यूनतम 25

# बिजली बिल में सुधार सहित अन्य समस्याओं के संबंध में कैंप 14 से

**समय जगत, श्योपुर।** मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं से संपर्क में रहने के उद्देश्य से संपर्क अभियान योजना लागू की गई है, जिसके तहत जिले के समस्त ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र के वार्डो को शामिल कर कलस्टर बनाये गये है। विधुत वितरण केन्द्रवार बनाये गये इन कलस्टरों पर आगामी निर्धारित तिथियों पर शिविर लगाये जायेंगे। प्रथम कलस्टर अंतर्गत 14 मई को सभी विधुत वितरण केन्द्रों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। महाप्रबंधक लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने बताया कि शिविर के माध्यम से बिल सुधार, मीटर से संबंधित तथा सर्विस केबल से संबंधित, कनेक्शन, भुगतान सहित तकनीकी सेवाओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 14 मई को विधुत वितरण केन्द्र भोगिका तिराहा अंतर्गत दांतरदा, ढोढर केन्द्र अंतर्गत ग्राम ढोढर में, वितरण केन्द्र ढोटी अंतर्गत ग्राम अडवाड में, वितरण केन्द्र सोईकंला अंतर्गत ग्राम सोईकलां में, वितरण केन्द्र विजयपुर-2 अंतर्गत ग्राम सुनवई में, वितरण केन्द्र गसवानी अंतर्गत ग्राम गसवानी में, वितरण केन्द्र रघुनाथपुर अंतर्गत ग्राम बरोली में, वितरण केन्द्र वीरपुर अंतर्गत ग्राम भमपुरा में, वितरण केन्द्र विजयपुर-1 अंतर्गत ग्राम मैदावली में, वितरण केन्द्र बडौदा अंतर्गत ग्राम अलापुरा में, वितरण केन्द्र कराहल अंतर्गत ग्राम सिलपुरी में, वितरण केन्द्र पाण्डोला अंतर्गत ग्राम पांडोला में, वितरण केन्द्र श्योपुर ग्रामीण अंतर्गत नयागांव ढोढपुर में तथा वितरण केन्द्र श्योपुर शहर अंतर्गत वार्ड नंबर 02 में शिविर लगाये जाएंगे।

# भारत विकास परिषद शाखा दतिया का दायित्व ग्रहण संपन्न



**समय जगत, दतिया।** रविवार को भारत विकास परिषद शाखा दतिया का दायित्व ग्रहण, कार्यशाला, प्रतिभा व पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकारों एवं शासकीय सेवाओं में चयनित होकर जिले का नाम रोशन करने वाले युवाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक श्री गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वहीं भारत विकास परिषद के प्रांतीय पदाधिकारी, दतिया शाखा के सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आयोजित शाखा कार्यशाला में प्रांत अध्यक्ष, प्रांत महासचिव सहित प्रांतीय दायित्वधारियों ने शाखा संचालन, संगठन विस्तार एवं सेवा कार्यों को लेकर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इसके बाद नव निर्वाचित अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं विभिन्न कार्यक्रम संयोजकों को दायित्व एवं पद की शपथ दिलाई गई।

**इन प्रतिभाओं व पत्रकारों का किया सम्मान:** इस अवसर पर शासकीय सेवाओं में चयनित प्रतिभाओं का सम्मान किया गया जिनमें विश्वजीत गुप्ता (आईएएस), रक्षा गुप्ता (इनकम टैक्स), सुयश पाठक एवं भारत पांडे (जीएसटी) प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम में उपस्थित जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का भी सम्मान किया गया। सम्मानित पत्रकारों में श्रीमती गायत्री मोर, सतीश सिहारे दैनिक समय जगत, मनोज गोस्वामी, संजय तिवारी, अब्दुल शरीफ, शैलेंद्र बुंदेला, संतोष तिवारी, कुलदीप सक्सेना, शुभम मुड़िया, विकास सेन, रमाकांत मिश्रा एवं अनिल रजक शामिल रहे। इस दौरान परिषद के सदस्यों द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली प्रतिभाओं को भी मंच से सम्मानित किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम Deeksha Rajpoot था। जो मेरे शैक्षणिक अभिलेख में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Diksha Rajput हो गया है। अत: अब मुझे Diksha Rajput से जाना व पहचाना जाए।
ADDRESS : Post-Atari khejda, Madhipur, Vidisha, Atarikhejda (M.P.) - 464001

# ऊर्जा एवं प्रभारी मंत्री श्री तोमर का पांढुर्णा प्रवास, संगठन और विकास कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक निर्देश



**छिंदवाड़ा / पांढुर्णा।** मध्यप्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर पांढुर्णा प्रवास पर रहे। उनके आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने आत्मीय स्वागत किया।

अपने प्रवास के दौरान मंत्री जी ने संगठनात्मक बैठकों, विकास कार्यों की समीक्षा और प्रशासनिक भवनों के निरीक्षण में सहभागिता की। संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण हेतु कोर कमेटी की बैठक भाजपा जिला कार्यालय पांढुर्णा में आयोजित कोर कमेटी की महत्वपूर्ण बैठक में मंत्री जी ने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर जिला संगठन प्रभारी श्री दीपांकर बैनर्जी, जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड,एवं पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीमती वैशाली महाले की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठन की मजबूती पर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री जी ने कहा कि कार्यकर्ताओं का उत्साह और जनसेवा का संकल्प ही भाजपा की असली ताकत है।

जिला विकास सलाहकार समिति की समीक्षा नगर पालिका सभा कक्ष में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और विभागीय प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास कार्यों का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचना चाहिए। प्रमुख विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण मंत्री जी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं का जायजा लिया-अनाज मंडी परिसर- जिला अस्पताल के स्थानांतरण हेतु प्रस्तावित स्थल का अवलोकन। प्रशासनिक अधोसंरचना- निर्माणाधीन नवीन कलेक्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की प्रगति रिपोर्ट जानी। पुलिस लाइन- निर्माणाधीन आवास, प्रशासनिक कार्यालय, परेड एवं प्रशिक्षण मैदान का निरीक्षण कर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मंत्री तोमर ने कहा कि इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं बेहतर होंगी और प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिकों की खुशहाली के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

## डगरई टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि और सुरक्षा को लेकर एसपी और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**दतिया।** झांसी रोड स्थित डगरई टोल प्लाजा के कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि को लेकर सोमवार को एसपी मयूर खण्डेलवाल और कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े को ज्ञापन सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने कर्मचारियों को आश्वासन दिया कि आपकी समस्याओं को लेकर टोल प्रबंधन से चर्चा की जाएगी। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि नियम अनुसार वेतन में हर वर्ष 12 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की जानी चाहिए लेकिन हमारी वेतन बढ़ोत्तरी नहीं की जा रही है। हम सभी कर्मचारियों को बहुत कम वेतन दी जा रही है समय पर वेतन भी नहीं मिलता है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं, कि मेरी पुत्री का नाम सुहाना लोधी पिता विक्रम लोधी (SUHANA LODHI D/O VIKRAM LODHI) निवासी हाउस नं. 238, पुरूषोत्तम नगर, दुर्गा मन्दिर के पास, सेमरा कलां, भोपाल हुजूर, जिला भोपाल, मध्य प्रदेश हैं। परंतु मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम सुहानी लोधी पिता विक्रम (SUHANI LODHI D/O VIKRAM) अंकित हो गया हैं, जो की गलत है मेरी पुत्री का वास्तविक सही नाम उसके शैक्षणिक दस्तावेजों व जन्म प्रमाण पत्र में भी दर्ज होने से प्रमाणित है।
प्रकाशन उपरांत मेरी पुत्री का नाम सुहाना लोधी पिता विक्रम लोधी (SUHANA LODHI D/O VIKRAM LODHI) के नाम से जाना, पहचाना व पढ़ा जावें।

पुराना नाम
सुहानी लोधी पिता विक्रम
(SUHANI LODHI D/O VIKRAM)
नया नाम
सुहाना लोधी पिता विक्रम लोधी
(SUHANA LODHI D/O VIKRAM LODHI)

**न्यायालय नजूल अधिकारी तहसील कोलार, भोपाल**

प्रकरण क्रमांक 241/अ-6/25-26

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संतोष कुमार दुबे पुत्र स्व. श्री हरीप्रसाद दुबे निवासी ई-3/203, अरेरा कॉलोनी, जिला भोपाल मप्र के द्वारा ग्राम शाहपुरा, अरेरा कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक ई-3/203 क्षेत्रफल 2400 वर्गफिट में से 1200 वर्गफिट ई-पंजीकृत हकत्याग विलेख क्रमांक एमपी 059702025 ए1048004 पंजीयन दिनांक 22/01/2025 के आधार पर स्वयं के पक्ष में नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जो कि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत उपरोक्त पट्टा नामान्तरण के संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से नियत दिनांक के भीतर इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/04/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
तहसील कोलार, भोपाल

**कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगोन (म.प्र.)**

दूरभाष (कोड-07282) 231333 फेक्स-21333-E-Mail: cmokhargone@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक / 431/MCK/ई-टेंडर/2026 खरगोन, दिनांक 07/05/26

**// निविदा सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_505885_1 Dt. 08/05/26 | वेस्ट मटेरियल को संग्रहण किये जाने हेतु 4 क्यूबीक कचरा कंटेनर नग-10 क्रय करने की आवश्यकता है। | 6.00 लाख | 1.2000/- 2.6000/- | 14/05/26 5.30 PM |

नोट :-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेवसाईड़ पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी)
अध्यक्ष
न.पा. परिषद, खरगोन

(भोलू कर्मा)
उपाध्यक्ष
न.पा. परिषद, खरगोन

(श्रीमति कविता अरविंद पाटीदार)
सभापति
स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन न.पा. परिषद, खरगोन

(सु.श्री कमला कोन)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
न.पा. परिषद, खरगोन

**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**

आम सूचना

सतलापुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी मण्डीदीप जिला रायसेन में भूखण्ड / भवन क्रमांक एम.आई.जी. -1 39 मण्डल द्वारा श्रीमती नेहा यती पत्नी श्री भगवान यती के नाम हस्तान्तरण आदेश क. 36 दिनांक 15/04/2024 को हस्तान्तरित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 30/01/2024 को उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन से पंजीकृत है। आवंटी द्वारा लीज नवीनीकरण दिनांक 15/05/2024 को उप पंजीयक कार्यालय में पंजीकृत करवा ली गई है। केता / विक्रेता द्वारा आवेदन, परिचय पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्री संदीप कुमार साहू आत्मज श्री शिवनारायण साहू के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय औबेदुल्लागंज जिला रायसेन द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 30/09/2025 को केता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेजो के आधार पर उक्त संपत्ति श्री संदीप कुमार साहू आत्मज श्री शिवनारायण साहू के नाम पर हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें, समयावधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नही की जायेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण सहकारी एवं अधोसंचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-2 भोपाल

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलर जिला भोपाल**

सुचना पत्र (कयो सीमांकन)

क्रमांक क्यू/2026

भोपाल, दिनांक 06/05/2026

प्रति,

1. मनवारी लाल, छगनलाल, लखनलाल पिता नन्नूलाल नि. भोपाल। 2. श्यामलाल, मदनलाल, लखन दिवाकर, सुनील दिवाकर पिता बाबूलाल नि. भोपाल। 3. कैलाश स्वामी पिता श्री लाल स्वामी नि. समरदा भोपाल ग्राम कोटवार। 4. सर्वसाधारण एवं समस्त हितबंध पक्षकारों को सूचनार्थ।

विषय : सीमांकन किये जाने वावत् सूचना पत्र।

संदर्भ-न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोलार जिला भोपाल के रा.प्र.क्र. 0394/अ-12/2025-26 दिनांक के संबंध में।

उपरोक्त विषयांतर्गत ग्राम समरदा कलियासोत प.ह.नं. 04 रा.नि.नं. वृत्त 02 तहसील कोलार जिला भोपाल की भूमि खसरा क्रमांक 331/2-232 रकवा 0.2650 हेक्टेयर कुल रकबा 0.2650 हेक्टेयर जो कि आवेदक/आवेदिका श्री छोटेलाल पिता/पति श्री काशीराम अहिरवार निवासी राधापुरम होशंगाबाद रोड भोपाल के नाम से है, का सीमांकन संदर्भित प्रकरण में राजस्व निरीक्षक कोलार, तहसील-कोलार, जिला भोपाल द्वारा दिनांक 12/05/26 समय 5:00 पीएम को किया जाना सुनिश्चित किया गया है।

इस हेतु आप लोग मौके पर सीमांकन के समय उपस्थित रहे। यदि सूचना पत्र तामीली उपरांत आप लोग अनुपस्थित रहते है तो सीमांकन कार्य आपकी अनुपस्थिति की दशा में च्वणित नहीं किया जावेगा। अत्यावश्यक शासकीय कार्य होने की स्थिति में सीमांकन की दिनांक में परिवर्तन किया जा सकता है। पड़ोसी शूगिट्यागी के पता स्पष्ट न होने से आवेदक स्वयं के व्यय पर उक्त सूचना पत्र का प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में करा सकता है।

राजस्व निरीक
तहसील कोलार जिला भोपाल

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार नीलम कुमार चौकसे आयु वयस्क एवं लखन चौकसे पुत्रगण श्री गोकुल प्रसाद चौकसे निवासीगण:- मकान नंबर-238, मेन चौराहा बरखेडा पठानी जिला भोपाल (मध्यप्रदेश) ने एक किता कृषिभूमि जो खसरा क्रमांक 311 है। जिसका कुल क्षेत्रफल 0.3080 हैक्टेयर में से 37 डिशिमिल के के अंश भाग पर स्थित है। होकर ग्राम बरखेडा पठानी पटवारी हल्का एम.पी. नगर राजस्व निरीक्षक मण्डल ईटखेड़ी जिला भोपाल में है। उक्त भूखण्ड विक्रेतागण 1- श्रमती रामकली बाई पत्नी स्व: श्री सवाचन्द 2-श्री अभिमन्यु माली 3-श्री राजकुमार माली 4 श्रीमती लक्ष्मी माली 5- श्रीमती कविता 6- श्रीमती नंदनी पुत्र/पुत्रीगण स्व: श्री सवाचन्द निवासीगण मकान नंबर-48, होली वाड़ा पुरानी बस्ती बरखेडा पठानी जिला भोपाल मध्यप्रदेश है। उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार ने केय करने हेतु लिखित अनुबंध किया है। उक्त भूमि व उसके किसी भी भाग पर किसी भी प्रकार का हित, स्वामित्व, दखल, कब्जा, ऋणभार, प्रतिभूति, जमानत या बैंक ऋण, कोई शासकीय, अशासकीय, अर्द्धशासकीय, संस्था, आदि या किसी व्यक्ति का बकाया बंधक, हस्तांतरण, विक्रय, गिरवी ऋण, संस्था, आदि का बकाया वसीयत या अन्य कोई झगड़ा दावा हो तो मेरे कार्यालय में मय दस्तावेज एवं सबूत के साथ इस आम सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिन के अंदर सम्पर्क करें।

अत: समय सीमा समाप्त होने के बाद मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का विक्रय पत्र (रजिस्ट्री) का पंजीयन करा लेगें। इसके बाद कोई भी आपत्ति या विरोध मान्य नहीं होगी।

भवदीय
(अजीत सिंह) अधिवक्ता
शॉप नं. 154, 155 नेहरू मार्केट ई सेक्टर बरखेडा भेल भोपाल
मोबाईल नंबर -9826010266

# श्रीराम कथा में दिखाई दिया श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम

**समय जगत, गुना।** शिक्षा विभाग के पीछे स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चल रही भव्य श्रीराम कथा के सातवें दिवस पर श्रद्धा, भक्ति और भावनाओं का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा का शुभारंभ रामायण के अत्री अनसुईया आश्रम जाने से प्रारंभ हुई जहां अनसुईया जी ने नारी धर्म की शिक्षा प्रदान की आज के दौर में टूटते परिवारों के दौरा में प्राशगिक है इस के पश्चात जयते दौर मां सीता को चोंच मारने का प्रसंग सुनते हुए कहा की पुनः राम के सरण में आने पर उसकी एक आंख को फोड़ कर छोड़ दिया क्योंकि नारी के प्रति दृष्टि रखने वाले का नेत्र हीन होना चाहिए अत्यंत मार्मिक ÷जटायू संवाद÷ प्रसंग से हुआ, जिसे कथा वाचिका साध्वी प्रियंका भारती ने इतनी भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया कि पूरा पंडाल भावविभोर हो उठा। कथा स्थल पर ÷जय श्रीराम÷ के गगनभेदी जयघोष लगातार गूंजते रहे और हजारों श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आए। शाम होते-होते कथा पंडाल श्रद्धालुओं से पूरी तरह भर गया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों की भारी उपस्थिति ने आयोजन को विराट धार्मिक उत्सव का रूप दे दिया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी विद्युत सज्जा, पुष्प मालाओं और आकर्षक धार्मिक झांकियों से विशेष रूप से सजाया गया था, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कथा प्रारंभ होने से पूर्व संगीतमय भजनों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें राम नाम सुखदाई , मेरे राम आएंगे और श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में जैसे भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे।



साध्वी प्रियंका भारती ने जटायू प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जटायू केवल एक पक्षी नहीं, बल्कि धर्म, निष्ठा और त्याग के प्रतीक थे। उन्होंने बताया कि जब रावण माता सीता का हरण कर ले जा रहा था, तब वृद्ध अवस्था में भी जटायू ने अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया और अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म की रक्षा का संदेश दिया। कथा के दौरान उन्होंने कहा कि समाज में जब भी अन्याय बढ़े, तब प्रत्येक व्यक्ति को जटायू की तरह साहस के साथ धर्म और सत्य के पक्ष में खड़ा होना चाहिए।

कथावाचिका ने भगवान श्रीराम और जटायू के मिलन का प्रसंग अत्यंत मार्मिक अंदाज में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम ने जटायू को अपने पिता तुल्य सम्मान दिया और उनके अंतिम संस्कार स्वयं किए। यह प्रसंग मानवता, करुणा और सम्मान की सर्वोच्च मिसाल है। कथा सुनते समय अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गई और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

सातवें दिवस की कथा में भगवान श्रीराम के वनवास काल, सीता हरण के बाद की व्यथा, भाईचारे, कर्तव्य और धर्म की महिमा का विस्तार से वर्णन किया गया। साध्वी प्रियंका भारती ने कहा कि रामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति, संस्कार और पारिवारिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि आधुनिकता के इस दौर में भी रामायण समाज को दिशा देने का कार्य कर रही है। कथा के दौरान वासना से भरि सुफ़नाका राम से विवाह का प्रस्ताव. लक्ष्मण के द्वारा नाक कान हीन कर उसे लंका वापस भेज दिया खरदूषण का वध संवाद का वर्णन किया गया अत्यंत भावुक चित्रण किया गया। भाईयों के बीच प्रेम, त्याग, मर्यादा और तपस्या का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा पंडाल में कई श्रद्धालु भावनाओं में डूबकर आंसू पोंछते नजर आए। साध्वी प्रियंका भारती ने कहा भारतीय संस्कृति में आदर्श भाईचारे की सबसे बड़ी मिसाल है।

आयोजन समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से हरि इच्छा तक आयोजित की जा रही है। कथा के समापन अवसर पर 14 मई को निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से आयोजन में सहयोग करने और धर्म लाभ लेने की अपील की है। श्रद्धालुओं के लिए बैठने, पेयजल, प्रसाद वितरण और पार्किंग की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

कार्यक्रम के अंत में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान श्रीराम की आरती उतारी। पूरे मंदिर परिसर में देर रात तक ÷जय श्रीराम÷ के जयघोष गूंजते रहे और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। मरीच का स्वर्ण का हिरण बनाकर आना मारीच का वध हुआ सीता हरण संवाद किया इसी दौरान राम कथा को आगे बढ़ाया गया राम कथा के दौरान भगवान श्री राम शबरी आश्रम पहुंचे जहां नवधा भक्ति के बारे में भगवान ने शबरी को विस्तार पूर्वक वर्णन किया।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर महासंघ आगर ने श्री शर्मा के उज्जैन निवास पर पहुंचकर किया स्वागत



**समय जगत, आगर मालवा।** रमेशचंद्र शर्मा को मध्य प्रदेश शासन द्वारा कर्मचारी कल्याण समिति का अध्यक्ष ( कैबिनेट मंत्री दर्जा ) मनोनीत होने पर सेवा निवृत अधिकारी कर्मचारी पेंशनर महासंघ आगर के अध्यक्ष सत्य नारायण शर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार गोयल, सचिव दुर्गा शंकर पाठक, कैलाश उपाध्याय, मोहनलाल किथोदिया ने उनके उज्जैन निवास पर जाकर स्वागत किया तथा म. प्र. शासन द्वारा सहायक शिक्षको, शिक्षको को 35 वर्ष सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ क्रमोन्नति प्रदान करने हेतु माननीय मुख्य मंत्री को धन्यवाद दिया व धारा 49/(6) की बाध्यता समाप्त, 6 वे और 7 वे वेतन मान का एरियर, 65 वर्ष आयु उपरांत 20 प्रतिशत अतिरिक्त वेतन, 50,000 एसग्रेसिया राशि , 65 वर्ष आयु पूर्ण होने पर आयुष्मान योजना का लाभ आदि मांगे पूरी करवाने का निवेदन किया।

### नेहरू स्टेडियम हरदा में कार्यक्रम का आज होगा दिव्य व भव्य आयोजन

**समय जगत,हरदा।** जिले का बहुत ही पुराना और पारंपरिक खेल राजस्थानी गैर का आयोजन किया जा रहा है,आयोजक विजय जेवल्या ने बताया कि हमारे हरदा जिले का बहुत ही पुराना और पारंपरिक खेल खिलता कमल राजस्थानी गैर महोत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है यह आयोजन हमारे पारंपरिक धरोहर के रूप में उसे आगे बढ़ाते हुए इस आयोजन को जिले में पुन : इसकी शुरुआत की जा रही है ।पहले हर गांव में राजस्थानी गैर की टीम हुआ करती थी और एक मंडल में लगभग पचास लोगों की टीम रहती है और वह धीरे-धीरे कम हो गई है, लेकिन खिलता कमल राजस्थानी गैर महोत्सव के माध्यम से इस खेल को पुन : आयोजित किया जा रहा है,जिसमें हजारों की संख्या में दर्शक रहते हैं और यह प्रतियोगिता रात भर चलती है ।आज मंगलवार नेहरू स्टेडियम हरदा में मां नर्मदा के वरद पुत्र मध्य प्रदेश के गौरव हरदा जिले की शान पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल के मार्गदर्शन में खिलता कमल राजस्थानी गैर महोत्सव के रूप में आयोजित होगी। आयोजक विजय जेवल्या ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार इक्यावन हजार एक सी एक रुपए संदीप पटेल जिला अध्यक्ष ओलंपिक संघ हरदा द्वारा दिया जाएगा ।दूसरा इनाम इकतीस हजार एक सो एक रुपए राहुल पुनिया जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता युवा मोर्चा हरदा एवं रवि मातवा हंडिया मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा द्वारा दिया जाएगा, तृतीय इनाम इक्कीस हजार एक सो एक रुपये मुकेश पटेल भाजपा मंडल अध्यक्ष हंडिया एवं राहुल पटेल जेवल्या सागर कंस्ट्रक्शन द्वारा दिया जाएगा। चतुर्थ इनाम ग्यारह हजार एक सो एक रुपए ललित पटेल जिला पंचायत सदस्य वार्ड क्रमांक दो द्वारा दिया जाएगा। विशेष पुरस्कार कन्हैया पटेल सोनखेड़ी द्वारा सभी को एक हजार एक सो ग्यारह रुपए की राशि दी जाएगी ।प्रतियोगिता में एंट्री फीस ल ग्यारह सो रुपए रखी गई है ।प्रतियोगिता में विशेष अतिथि पूर्व मंत्री कमल पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा, पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद पटेल,नगर पालिका अध्यक्ष भारती कमेडिया,जिला पंचायत उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत,नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे ।आयोजन समिति ने सभी मंडलों को आमंत्रित किया है,जिसमें आसपास के जिलों से भी मंडल हिस्सा लेंगे और समस्त खेल प्रेमी इस प्रतियोगिता में सादर आमंत्रित है और महिलाओं की बैठने की व्यवस्था अलग से रहेगी।

## अस्पताल के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल तीसरे दिन भी रही जारी, मांगें पूरी करने पर दिया जोर



**समय जगत, टीकमगढ़।** जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारियों की हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी अस्पताल चौराहे पर अनशन पर बैठे हुए हैं। सफाई कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बेहद कम वेतन में कठिन परिस्थितियों में काम करना पड़ता है, जो उनके साथ अन्याय और शोषण है।

हड़ताल के समर्थन में करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गोविंद सिंह भी धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने शासन और प्रशासन से कर्मचारियों की जायज मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की और धरना स्थल से तत्काल प्रशासन अधिकारियों को फोन मिला दिया। डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि सफाई कर्मचारी अस्पताल की व्यवस्था का अहम हिस्सा हैं, लेकिन उन्हें उनकी मेहनत के अनुसार उचित वेतन और सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि इतने कम पैसों में कर्मचारियों से काम लेना उनका शोषण है और सरकार को इस मामले में संवेदनशीलता दिखानी चाहिए।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द सुनवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं हड़ताल के चलते अस्पताल की सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## नीम के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**समय जगत, टीकमगढ़।** जिले के हनुमान सागर इलाके में जुआ और सट्टे के कथित दबाव ने एक परिवार की खुशियां उजाड़ दीं। 38 वर्षीय सुपरत लोधी पिता राजाराम लोधी का शव नीम के पेड़ पर फांसी के फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद परिजनों ने जुआ के पैसों को लेकर प्रताड़ना और धमकियों के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिवार के लोगों का कहना है कि मृतक पर लंबे समय से जुआ के पैसों का दबाव बनाया जा रहा था। मृतक के भाई सुरेंद्र राजपूत ने आरोप लगाते हुए बताया कि रवि अहिरवार और रुद्र वाल्मीक नाम के लोग पैसों की मांग करने घर आए थे। इसी दौरान धमकियां दी गई और कथित रूप से फर्जी स्टाम्प पर हस्ताक्षर भी कराए गए। परिजनों के मुताबिक करीब 2 लाख 70 हजार रुपए के लेनदेन की जानकारी उन्हें हाल ही में लगी थी। आरोप है कि लगातार मानसिक दबाव और पैसों की मांग के चलते सुपरत लोधी तनाव में था। घटना के बाद उसका शव जिला अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। इस पूरे मामले ने जिले में चल रहे अवैध जुआ और सट्टे के कारोबार पर फिर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लंबे समय से जुआ-सट्टा खुलेआम संचालित हो रहा है, लेकिन जिम्मेदार विभाग प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम साबित हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते अवैध जुए पर सख्ती होती, तो शायद एक परिवार उजड़ने से बच सकता था। अब परिजन दोषियों पर कड़ी कार्रवाई और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। फ़िलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

**इनका कहना है-**

प्रथमदृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेजा गया है। परिजनों द्वारा लगाए गए जुआ और पैसों के लेनदेन से जुड़े आरोपों की भी गंभीरता से जांच की जाएगी। जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**रविभूषण पाठक, थाना प्रभारी कोतवाली**

## रीवा राजवंश के महाराज पुष्पराज सिंह एवं युवराज दिव्यराज सिंह का सिरोंज आगमन पर हुआ स्वागत

**समय जगत, सिरोंज।** ऐतिहासिक रीवा राजवंश के उत्तराधिकारी महाराज श्रीमंत पुष्पराज सिंह जूदेव एवं युवराज दिव्यराज सिंह जूदेव को विदिशा, रायसेन, होशंगाबाद, सागर जिले के बघेल समाज के वरिष्ठ नागरिकगण, युवा एवं समस्त नर-नारी, यजमान, माता-बहिनें अपने बीच पाकर गौरवान्वित होकर गदगद हो गए, अत्यंत गौरवपूर्ण उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ। महाराज एवं युवराज ने सर्वप्रथम श्री महामाई माता के दर्शन, पूजन, अर्चन एवं आरती कर मस्तक नवाया, इसके बाद उन्होंने यज्ञवेदी एवं यज्ञपुरूष भगवान के दर्शन कर ब्रह्मऋषि, यज्ञाचार्य पं. नलिनीकांत जी शर्मा का पुष्पमाला आदि से स्वागत किया, तत्पश्चात्



पं. नलिनीकांत शर्मा प्रधान पुजारी श्री महामाई माता मंदिर ने उनको राज परंपरानुसार तिलक लगाकार, अंगवंस्त्रम तथा मातारानीकी चुनरी ओढ़ाकर स्वस्तिवाचन कर आशीर्वाद प्रदान किया। इसके बाद महाराज एवं युवराज विराट संख्या में उपस्थित क्षत्रिय-बघेल समाज द्वारा आयोजित कथा स्थल पहुंचे और वहां उनका बड़ी माला से समस्त क्षत्रिय-बघेल समाज के नागरिकों द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर विधायक उमाकांत शर्मा ने महाराज पुष्पराज सिंह एवं युवराज दिव्यराज सिंह को महमाई माता का सामूहिक चित्र भेंट कर सम्मानित किया। वहीं लक्ष्मण सिंह बघेल एवं जितेंद्र बघेल द्वारा राधा-कृष्ण का चित्र, राजकंवर बघेल, कपिल चौहान, सुरेंद्र सिंह चौहान एवं देवेंद्र सिंह बघेल द्वारा गदा, तथा इंद्रभान सिंह बघेल, कमलेश सिंह बघेल एवं राजेश सिंह बघेल द्वारा तलवार भेंट कर सम्मान किया गया।

समाज के अनेक वरिष्ठजनों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्पमालाओं से स्वागत कर आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान महाराज पुष्पराज सिंह जूदेव ने अपने उद्बोधन में कहा कि महमाई माता के दरबार में आकर उन्हें अद्भुत आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति हुई है। उन्होंने कहा कि यदि वे श्री महामाई माता के दरबार में तथा अपने बघेल समाज के स्वजनों बीच नहीं आते तो इस दिव्य अनुभूति से वंचित रह जाते। उन्होंने यज्ञ एवं कथा की महत्ता बताते हुए कहा कि यज्ञ केवल अग्नि में आहुति देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है। कथा मनुष्य को धर्म, मर्यादा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

## प्रभारी मंत्री के दौरे से गरमाई सियासत

**समय जगत, पांढुरना।** नवगठित पांढुरना जिले में आयोजित जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक विकास कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ राजनीतिक चर्चाओं और विवादों के कारण भी सुर्खियों में रही। मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने नगर पालिका परिषद सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिले के स्वास्थ्य, सिंचाई, शिक्षा, पुलिस अधोसंरचना, पेयजल एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विभागवार विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान अवैध कारोबार और गौ-तस्करी का मुद्दा उठने से माहौल अचानक गरमा गया। प्रभारी मंत्री सुबह गोंडवाना एक्सप्रेस से पांढुरना पहुंचे थे। बैठक में कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ ने जिले में संचालित विकास योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि जामसांवली हनुमान मंदिर परिसर में लगभग 35 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित हनुमान लोक परियोजना का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया जा चुका है। वहीं जिला अस्पताल के लिए भूमि चयन और डिजाइन प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा अस्पताल संचालन हेतु दो डायलिसिस मशीनें प्राप्त हो चुकी हैं। जिले में ब्लड बैंक स्थापना का प्रस्ताव भी शासन को भेजा गया है।



बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री ने छिंदवाड़ा सिंचाई कॉम्पलेक्स परियोजना को जिले की महत्वाकांक्षी योजना बताते हुए, कहा कि इसके माध्यम से लगभग 89 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। पांढुरना बांध के लिए भू-अर्जन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है तथा विशेष पैकेज की स्वीकृति भी मिल चुकी है। डूब प्रभावित किसानों को प्रति हेक्टेयर लगभग 12.5 लाख रुपये तक मुआवजा एवं पुनर्वास लाभ के रूप में अतिरिक्त सहायता मिलने की संभावना जताई गई।

### देवर्षि नारद जी के आदर्शों से ही संभव है जन कल्याणकारी पत्रकारिता

**समय जगत, आगर मालवा।** विश्व संवाद केंद्र, जिला आगर मालवा के तत्वावधान में रविवार को उज्जैन रोड स्थित होटल यशोदा में ''देवर्षि नारद जयंती'' समारोह का गरिमामय आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में उज्जैन संभाग के जनसंपर्क अधिकारी अरुण कुमार राठौर उपस्थित रहे, जबकि अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार बसन्त गुप्ता ने की। लोकहित और राष्ट्रवाद पर केंद्रित रहा संबोधन- कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा देवर्षि नारद एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के साथ हुआ। मुख्य वक्ता अरुण राठौर ने अपने संबोधन में लोकतंत्र में मीडिया की अपरिहार्य भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा जनता की समस्याओं के समाधान में मीडिया और शासन, दोनों की महत्वपूर्ण सहभागिता है। वर्तमान दौर में हमें अपनी पत्रकारिता में राष्ट्रीय की अवधारणा को और अधिक स्पष्ट और प्रखर करने की आवश्यकता है। संकीर्ण सोच के कारण अतीत में राष्ट्र का काफी नुकसान हुआ है, जिसे अब सकारात्मक और राष्ट्र-निष्ठ सोच से ही बदला जा सकता है। उन्होंने जापान जैसे देशों का उदाहरण देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण के लिए हमें अंतरराष्ट्रीय पत्रकारिता के नजरिए को भी समझना होगा। उन्होंने पत्रकारों का आह्वान किया कि वे केवल समस्याओं को न दिखाएं, बल्कि स्थानीय विकास और भविष्य की संभावनाओं पर भी बौद्धिक विमर्श करें।

## पुलिस अधीक्षक ने किया थानों का औचक निरीक्षण

### सुरक्षा प्रबंधन, अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई एवं थाना कार्यप्रणाली के संबंध में दिये आवश्यक निर्देश

**आगर मालवा।** जिले में कानून-व्यवस्था को अधिक प्रभावी, संवेदनशील एवं परिणाममुखी बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी द्वारा दिनांक 10 मई 2026 को थाना सोयत कलां एवं थाना सुसनेर का विस्तृत औचक निरीक्षण किया गया। उनके साथ अनुविभागीय पुलिस अधिकारी सुसनेर देवनारायण यादव भी उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान थाना सोयत कलां के थाना प्रभारी रामगोपाल वर्मा एवं थाना सुसनेर के थाना प्रभारी अक्षय सिंह बैस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों की कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं पुलिस व्यवस्थाओं की जानकारी प्रस्तुत की गई।



पुलिस अधीक्षक द्वारा दोनों थाना परिसरों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अनुशासन, रात्रिकालीन गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, अपराधियों पर नियंत्रण, थाना सुरक्षा व्यवस्था, रिकॉर्ड संधारण एवं प्रशासनिक कार्यप्रणाली की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, सीसीटीएनएस कक्ष, लंबित अपराधों की समीक्षा, शिकायत पंजी, अपराध रजिस्टर, वारंट तामिली, हिस्ट्रीशीटर मॉनिटरिंग, शस्त्रागार, दस्तावेज संधारण, परिसर स्वच्छता एवं सुरक्षा संसाधनों का सूक्ष्म परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देशित किया कि थाना स्तर पर प्रत्येक व्यवस्था व्यवस्थित, अद्यतन एवं जवाबदेह होनी चाहिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनकी ड्यूटी संबंधी चुनौतियों, संसाधन आवश्यकताओं एवं व्यक्तिगत समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि पुलिस बल की मजबूती केवल संसाधनों से नहीं, बल्कि अनुशासन, मनोबल, कर्तव्यनिष्ठा एवं टीम भावना से निर्मित होती है। उन्होंने अधिकारियों-कर्मचारियों को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि ÷हर पुलिसकर्मी जनता की सुरक्षा का प्रहरी है। आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान, निष्पक्ष कार्रवाई, संवेदनशील व्यवहार एवं सतत सतर्कता ही श्रेष्ठ पुलिसिंग की पहचान है।

पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि थानों में आने वाले प्रत्येक फरियादी की शिकायत को गंभीरता से सुना जाए, अनावश्यक विलंब न हो तथा पुलिस कार्यवाही पारदर्शी, प्रभावी एवं विश्वासपूर्ण हो। उन्होंने विशेष रूप से रात्रिकालीन गश्त, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी, अपराधियों की धरपकड़, महिला सुरक्षा, जनसंवाद एवं क्षेत्रीय उपस्थिति को और अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया।

## समर कैंप में खिलाड़ी सीख रहे हैं खेलों की बारीकियां

**समय जगत, मण्डीदीप ।** नगर की सामाजिक संस्था सेवा समिति द्वारा बास्केटबॉल मैदान में आयोजित एक माह के समर कैंप में खिलाड़ियों का उत्साह देखने को मिल रहा है। कैंप में 80 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेकर खेलों की विभिन्न बारीकियां सीख रहे हैं। सोमवार को सेवा समिति के अध्यक्ष जीवनसिंह पाल एवं स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष विनोद जैन आरएनजी ने समर कैंप का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। खेल प्रशिक्षक अमन पातरे ने बताया कि समर कैंप की शुरुआत 1 मई से हुई है, जो 30 मई तक संचालित होगा। कैंप में 6 वर्ष से 18 वर्ष तक आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाएं भाग ले रहे हैं। यहां खिलाड़ियों को खेल की तकनीकी जानकारी के साथ फिटनेस और अनुशासन का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने कहा कि बच्चों और युवाओं में समर कैंप को लेकर खासा उत्साह दिखाई दे रहा है।

### 80 से अधिक खिलाड़ी ले रहे हैं हिस्सा



ऐसे आयोजन बच्चों को खेलों के प्रति प्रेरित करने के साथ उनकी प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कैंप में शामिल खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका हौसला बढ़ाया। वहीं स्वामी विवेकानंद स्पोर्ट्स एकेडमी के अध्यक्ष विनोद जैन ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक विकास का सबसे सशक्त जरिया है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चे पढ़ाई और मोबाइल-कंप्यूटर के कारण मैदानी खेलों से दूर होते जा रहे हैं, जो चिंता का विषय है। बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गर्मी की छुट्टियों में आयोजित इस तरह के प्रशिक्षण शिविर प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने और उनकी प्रतिभा को तराशने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अलग-अलग खेल विधाओं के खिलाड़ी ऐसे आयोजनों के माध्यम से अपनी क्षमता को नई पहचान दे सकते हैं।

## डीजल, इलेक्ट्रिक लोको शेड और आरओएच डिपो का निरीक्षण

# यात्रियों की सुरक्षा है सर्वोपरिः जीएम



**समय जगत, कटनी।** पश्चिम मध्य रेलवे के नवागत महाप्रबंधक दिलीप कुमार सिंह ने शनिवार को कटनी जंक्शन और एनकेजे क्षेत्र का वार्षिक निरीक्षण करते हुए रेलवे अधिकारियों से कहा कि यात्रियों की सुरक्षा, तकनीकी गुणवत्ता और मेंटनेंस व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। सफाई और पेयजल व्यवस्था में लापरवाही पर समझौता नहीं किया जाएगा । जीएम विशेष सैलून से कटनी पहुंचे, जहां प्लेटफार्म क्रमांक 2 पर रेलवे अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कटनी रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्म, साफ सफाई, यात्री सुविधाओं, संचालन व्यवस्था और रेलवे परिसर का जायजा लिया। इसके बाद वे मुख्य न्यू कटनी जंक्शन एनकेजे के लिए रवाना हुए। निरीक्षण के दौरान जीएम ने डीजल शेड, इलेक्ट्रिक लोको शेड और आरओएच डिपो का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इंजनों के रखरखाव की तकनीकी प्रक्रिया देखी और कर्मचारियों से सुरक्षा मानकों अनुरूप पूरी सावधानी के साथ कार्य करने को कहा। साथ ही अमृत भारत योजना के तहत स्टेशन पर चल रहे आधुनिकीकरण कार्यों और ग्रेड सेपरेटर परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की। जीएम ने रेलवे ट्रैक, पुलों, सिग्नल सिस्टम और ओवरहेड इलेट्रिक लाइन की तकनीकी स्थिति का भी परीक्षण किया।

**यात्री सुविधाओं के विस्तार की मांग:** इस दौरान शहरवासियों और जनप्रतिनिधियों ने कटनी को प्रमुख रेलवे जंक्शन बताते हुए यहां यात्री सुविधाओं के विस्तार और महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टॉपेज बढ़ाने की मांग रखी। जेडआरयूसीसी सदस्य केशव मोहनानी ने महाप्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए पांच प्रमुख ट्रेनों के कटनी स्टॉपेज की मांग की। उनका कहना था कि इन ट्रेनों के रुकने से यात्रियों, व्यापारियों और रेलवे सभी को लाभ मिलेगा। उधर वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ, कटनी एवं एनकेजे क्षेत्र के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भी जीएम को कर्मचारियों की ज्वलंत समस्याओं और मूलभूत मांगों से जुड़ा ज्ञापन सौंपा। संघ की ओर से कर्मचारियों की समस्याओं के जल्द निराकरण की मांग उठाई गई। निरीक्षण कार्यक्रम के दौरान डीआरएम कमल कुमार तलरेजा सहित रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में कर्मचारी संगठन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## महाअभियान वर्ग का प्रथम दिवस हुआ संपन्न

# भाजपा संगठन सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण



**समय जगत, दमोह।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत दमोह जिला का दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का प्रथम दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण वर्ग में संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति एवं समसामयिक विषयों पर कार्यकर्ताओं को विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण वर्ग की शुरुआत में सभी प्रशिक्षणार्थियों का पंजीकरण हुआ। पंजीकरण के पश्चात अतिथियों जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती नंदिता पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतानंद गौतम, संस्कृति पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्य विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल, सांसद राहुल सिंह, हटा श्रीमती उमादेवी खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पटेल, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रीति सिंह द्वारा भाजपा के प्रारम्भ से वर्तमान का सफर केंद्रीय एवं प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रदर्शनी का उद्घाटन कर अवलोकन किया। प्रथम सत्र में हमारा सैद्धांतिक अधिष्ठान विषय पर विस्तार से चर्चा की गई जिसमें एकात्म मानव दर्शन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद एवं पंच निष्ठाओं पर प्रकाश डाला गया। इस सत्र के वक्ता संस्कृतिए पर्यटन, धार्मिक एवं धर्मस्य विभाग राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी रहे। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला उपाध्यक्ष आलोक गोस्वामी ने की। द्वितीय सत्र में भाजपा का इतिहास एवं विकास विषय पर वक्ता पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल ने संगठन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और उसके विस्तार की जानकारी दी। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री गंगाराम अहिरवार ने की। तृतीय सत्र में कार्य पद्धति विषय पर सदानंद गौतम ने संगठन के कार्य करने के तरीकों और संरचना को समझाया। सत्र की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष प्यारेलाल भारती ने की। भोजन उपरांत चतुर्थ सत्र आयोजित हुआए जिसमें श्भाजपा सरकारों की गरीब कल्याण योजनाएं एवं उनके क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका विषय पर सांसद राहुल सिंह ने विस्तार से जानकारी दी।

## संक्षिप्त समाचार

### पेड़ पर लटका मिला युवक का शव परिजनों ने लगाये आरोप

**समय जगत, सिरोंज।** ग्राम दीपनाखेड़ा थाना क्षेत्र में रविवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब थाने से महज 100-150 मीटर की दूरी पर स्थित एक खेत में एक युवक का शव पेड़ से लटका हुआ पाया गया। मृतक की शिनाख्त ग्राम चाठोली निवासी महेश शर्मा के रूप में हुई है। घटना स्थल पर शराब की बोतल भी बरामद हुई है, जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। परिजनों ने लगाया साजिश और हत्या का आरोप इस घटना के बाद मृतक के पिता, ब्रज सुंदर शर्मा ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि यह आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। पिता ने चाठोली गांव के ही तीन व्यक्तियों पर जमीन विवाद के चलते महेश की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। साथियों के बयान और घटनाक्रम पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि महेश शर्मा घटना के समय अपने दो साथियों, लवकुश विश्वकर्मा और आदित्य दांगी के साथ घटनास्थल पर मौजूद था और वहां शराब पी रहा था। लवकुश और आदित्य ने पुलिस को दिए बयान में कहा कि वे कुछ समय के लिए गांव के भीतर गए थे। जब वे वापस लौटे, तो उन्होंने महेश का शव पेड़ से लटका हुआ देखा। इसके तुरंत बाद उन्होंने दीपनाखेड़ा थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की सूचना दी। जांच में जुटी पुलिस और स्रस्रुटीम सूचना मिलते ही दीपनाखेड़ा थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की गंभीरता से अवगत कराया। घटना की बारीकी से जांच के लिए विदिशा से स्रस्रु( फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी ) की टीम को बुलाया गया है। टीम मौके से साक्ष्य जुटा रही है।

### केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया मामा कोचिंग का शुभारंभ



**समय जगत, विदिशा।** रविवार को केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान इंद्रप्रस्थ कॉलोनी स्थित ओशो आश्रम पहुंचे और उन्होंने निशुल्क मामा कोचिंग क्लास का शुभारंभ किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मामा कोचिंग क्लासेस का लाभ सभी बच्चों को मिलेगा। ऐसे बच्चे जो प्रतिभावान होते थे, लेकिन आर्थिक परेशानियों के कारण अच्छी कोचिंग क्लास नहीं कर पाते थे। अब ऐसे बच्चों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मामा कोचिंग का ऐसे प्रतिभावान विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा जो शासकीय नौकरियों में जाने की इच्छा रखते हैं और आर्थिक परेशानियों के चलते हुए अच्छी और बड़े कोचिंग क्लासों में नहीं पहुंच पाए थे, जिससे उनकी प्रतिभा कहीं न कहीं दब जाती थी। उन्होंने कहा कि मामा कोचिंग से गरीब और प्रतिभावान बच्चों को इसका लाभ मिलेगा और वह भी अपने सपनों को साकार कर पाएंगे। इस दौरान उन्होंने सभी प्रतिभावान बच्चों से आव्हान करते हुए कहा कि वह मामा कोचिंग में आए और अपने सपने पूरे करें। उन्होंने कहा कि मन में एक विचार आया और गरीब और प्रतिभावान बच्चों के लिए कुछ करने है संकल्प लिया है और मामा कोचिंग बच्चों के लिए उनकी राह आसान करने

## न्यायालय में लंबित 268 प्रकरणों का हुआ निराकरण

# नेशनल लोक अदालत में सुलह व समझौते से आपसी विवादों का हुआ समाधान



**समय जगत, दमोह।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय दमोह तथा तहसील न्यायालय, हटा, पथरिया, तेंदूखेड़ा में सुभाष सोलंकी प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में किया गया। जिला मुख्यालय दमोह पर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुभाष सोलंकी द्वारा एडीआर भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मोहम्मद अजहर, विशेष न्यायाधीश/प्रभारी अधिकारी नेशनल लोक अदालत उदय सिंह मरावी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री स्नेहा सिंह सहित जिला मुख्यालय दमोह में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ दमोह कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश कुमार खत्री, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, चीफ लीगल एड डिफेंस कार्उसिल मनीश नगाइच सहित समस्त डिफेंस कार्उसिल, उप प्रशासनिक अधिकारी जिला न्यायालय शमीम कुरैशी, अध्यक्ष तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ दीपक सोनी, अध्यक्ष चतुर्थ श्रेणी न्यायिक कर्मचारी संघ विश्वानाथ बिल्थरे सहित न्यायालयीन व विधिक सेवा प्राधिकरण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित हुये। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुभाष सोलंकी ने संबोधित करते हुये कहा कि वर्ष की इस द्वितीय लोक अदालत के सफल बनाये जाने हेतु लंबित प्रकरणों की प्रिसिटिंग आयोजित किये जाने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके परिपालन में प्रिसिटिंग आयोजित की जाकर अनेक प्रकरणों में सहमति बनाने का प्रयास किया गया जिसमें अधिवक्ताओं का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है प्रकरणों के निराकरण हेतु संपूर्ण जिले में 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है। कि उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य दांडिक, सिविल, चैक अनादरण, वाहन दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, वैवाहिक मामले, विद्युत से संबंधित प्रकरणों के साथ.साथ बैंकों, दूरसंचार, विद्युत एवं नगर पालिका के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों को निराकरण हेतु रखा गया था। नेशनल लोक अदालत में मोटर दुर्घटना के 7 प्रकरणों में राषि 4925000/ रूपये के अवार्ड पारित किये जाकर न्यायालयों में लंबित विद्युत के 46, वैवाहिक के 14, चैक अनादरण के 19 एवं दांडिक के 78 प्रकरणों सहित कुल 268 प्रकरणों का नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकरण किया।

# 'सुखी परिवार की आधारशिला है मां' पर कार्यक्रम आयोजित



**समय जगत, पन्ना।** ब्रह्माकुमारी विद्यालय अमानगंज में मातृ दिवस का आयोजन किया गया। मां सुखी परिवार की आधारशिला विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीता बहन जी ने कहा कि आज बहुत महत्वपूर्ण दिन है, क्योंकि आज हम उस शक्ति, ममता और उस त्याग को प्रणाम करने के लिए एकत्रित हुए हैं । जिसे हम मां कहते हैं,मां केवल एक शब्द नहीं है बल्कि प्रेम, करुणा,त्याग और भगवान का जीवंत स्वरूप है, संसार में यदि कोई बिना स्वार्थ के प्रेम करता तो वह सिर्फ मां ही है,मां और मातृभूमि स्वर्ग से भी महान है, एक सच्ची आदर्श मां बनकर बच्चों की पालना के साथ-साथ उनमें श्रेष्ठ संस्कार का सृजन करें क्योंकि मां चाहे तो बच्चों को बचपन से ही वह संस्कार जो बड़े होकर वह अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकें, आज हर एक मां की जिम्मेदारी है कि वह अपने बच्चों में वह संस्कार का बीजारोपण करें जिससे समाज में आज जो विकृतियां, घटनाएं हो रही हैं उनको रोका जा सके। हर नारी के ऊपर हर मां के ऊपर बहुत बड़ी जिम्मेदारी है इसलिए मां को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है, मां को गुरु की भी उपाधि दी गई तो अपने स्वरूप को पहचान कर हम समाज को आदर्श समाज मूल्यवान समाज बनाने में सहयोग प्रदान करें, अपने परिवार को अपने बच्चों को श्रेष्ठ संस्कार रोपित करने में अपना समय देकर बच्चों को आदर्शवान,चरित्रवान व्यसनमुक्त बनाकर मूल्यवान समाज बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

# अव्यवस्थाओं के खिलाफ हुआ चक्काजाम



**समय जगत, विदिशा।** ग्यारसपुर के पीपलखेड़ी गेहूं तुलाई केंद्र पर किसानों ने रविवार को भारी अव्यवस्थाओं और वारदाने की कमी को लेकर नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। किसानों का आरोप है कि तुलाई केंद्र पर पिछले एक सप्ताह से व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं, जिसके कारण सैकड़ों ट्रालियां गेहूं तुलाई के इंतजार में खड़ी रहीं और किसानों को दिन-रात लाइन में लगकर परेशान होना पड़ा। किसान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष बबलू रघुवंशी ने बताया कि केंद्र पर फसल तुलाई पूरी तरह ठप्प पड़ी थी। सबसे बड़ी समस्या वारदाने की कमी रही। करीब 6 दिन पहले भी इसी प्रकार की स्थिति बनी थी, तब प्रशासन द्वारा केंद्र पर 5 कांटे चालू किए गए थे, लेकिन वह व्यवस्था केवल एक दिन ही चल सकी और उसके बाद फिर से सिर्फ एक कांटे से तुलाई शुरू कर दी गई, जिससे किसानों की परेशानी और बढ़ गई। इसी बीच किसानों की समस्या की सूचना दूरभाष के माध्यम से किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनीत सिंह दांगी को मिली। सूचना मिलते ही उन्होंने किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बब्लू रघुवंशी, ब्लॉक अध्यक्ष नौबत लोधी एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं को तत्काल मौके पर पहुंचकर किसानों की समस्याएं सुनने तथा संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए। समस्या बढ़ने और लगातार कई दिनों तक तुलाई नहीं होने से नाराज किसानों ने रविवार को नेशनल हाईवे पर चक्का जाम कर दिया। किसान कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष बब्लू रघुवंशी ने बताया कि सैकड़ों किसान 5-5 दिनों से केंद्र पर फसल तुलाई का इंतजार कर रहे थे, लेकिन वारदाना उपलब्ध नहीं होने एवं अन्य अव्यवस्थाओं के कारण व्यवस्थाएं पूरी तरह ठप्प थीं। किसानों की इसी नाराजगी के चलते चक्का जाम करना पड़ा। करीब दो घंटे तक चले चक्का जाम की सूचना मिलने पर ग्यारसपुर तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की, लेकिन किसान तत्काल समाधान की मांग पर अड़े रहे। किसानों ने साफ कहा कि जब तक वारदाना उपलब्ध नहीं कराया जाएगा।

# रैपुरा में शराब दुकान कर्मचारियों ने युवक को बेरहमी से पीटा, क्षेत्र में आक्रोश






**समय जगत, पन्ना।** जिले के रैपुरा में कटनी रोड पर स्थित शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा एक ग्राहक के साथ सरेआम गुंडागर्दी और मारपीट का मामला सामने आया है। नियमों को ताक पर रखकर मंदिर और स्कूल के पास संचालित हो रही इस शराब दुकान के कर्मचारियों ने एक युवक को सिर्फ इसलिए बेरहमी से पीट दिया क्योंकि उसने बातचीत में रे शब्द का इस्तेमाल किया था। जानकारी के अनुसार,10 मई की सुबह लगभग 11:00 बजे भरवारा निवासी संदीप बसोर (अनुसूचित जाति)कटनी रोड स्थित शराब दुकान पर गया था। बताया जा रहा है कि संदीप ने परिचय के नाते दुकान के कर्मचारियों से बोलचाल के दौरान मुझे दारू दे रे कह दिया। इतनी सी बात पर कर्मचारी आगबबूला हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कर्मचारियों ने संदीप को पकड़कर दुकान के अंदर एक कमरे में बंद कर दिया और उसकी जमकर पिटाई की। कर्मचारी उसे पीटते हुए सड़क तक ले आए। युवक की चीख-पुकार सुनकर मौके पर मौजूद कुछ स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर उसकी जान बचाई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह शराब दुकान शुरुआत से ही विवादों में रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह दुकान नियमों के विपरीत मंदिर और स्कूल के पास खोली गई है। आए दिन कर्मचारियों के इस तरह के हिंसक व्यवहार के कारण क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। घटना के बाद पीड़ित युवक और उसके परिजनों ने रैपुरा थाना पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और दुकान के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

# श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में बह रही है ज्ञान की गंगा



**समय जगत, सिरोंज।** नगर की आराध्य देवी श्री महामाई माता मंदिर डांग वाली के जागृत दरबार में आयोजित 121 कुंडात्मक विशाल श्री विद्या महालक्ष्मी महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन धर्म एवं अध्यात्म की अमृत वर्षा हो रही है। बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्री महामाई माता मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय बघेल राजपूत समाज द्वारा 7 मई से 15 मई तक आयोजित इस दिव्य महायज्ञ का संचालन श्रद्धा एवं भक्ति भाव से किया जा रहा है। यज्ञाचार्य पंडित नलिनीकांत शर्मा के आचार्यत्व में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ में आहुतियां प्रदान कराई जा रही हैं। आकर्षक एवं भव्य रूप से सुसज्जित यज्ञशाला में निर्मित हवन वेदियों पर यजमान श्रद्धापूर्वक आहुतियां अर्पित कर पुण्य लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसी क्रम में 7 मई से 14 मई तक प्रतिदिन श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भी किया जा रहा है। कथा प्रवक्ता गौसेवा कुंज उज्जैन से पधारीं सुश्री सुगना बाईसा अपनी मधुर एवं अमृतमयी वाणी से श्रद्धालुओं को कथा रसपान करा रही हैं। कथा के तृतीय दिवस रविवार को उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा इस संसार सागर से पार लगाने वाली दिव्य कथा है। इसके श्रवण मात्र से मनुष्य के जीवन के पाप नष्ट हो जाते हैं तथा जीवन को सही दिशा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि कलियुग में भगवान के नाम का स्मरण ही सबसे बड़ा आधार है। जिस प्रकार रामसेतु निर्माण में भगवान राम के नाम की महिमा से कार्य पूर्ण हुआ, उसी प्रकार जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु का नाम स्मरण करता है उसका जीवन भी सफल हो जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को संदेश देते हुए कहा कि धन का उपयोग सदैव अच्छे एवं पुण्य कार्यों में करना चाहिए।

# पुलिस द्वारा कांबिंग गशत में 115 वारंटी हुए गिरफ्तार



**समय जगत, कटनी।** जिले में अपराधों पर लगाम कसने और कानून-व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए कटनी पुलिस ने बीती रात 'ऑपरेशन क्लीन' के तहत व्यापक कांबिंग गश्त की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के सीधे निर्देशन में चली इस कार्रवाई ने जिले के आदतन अपराधियों और लंबे समय से फरार वारंटियों की कमर तोड़ दी है। इस विशेष अभियान में विजयराघवगढ़ एसडीओपी धीरेन्द्र धार्वे, डीएसपी मुख्यालय रत्नेश मिश्रा और जिले के सभी 15 थानों के प्रभारियों सहित 150 से अधिक पुलिसकर्मियों ने रात भर सड़कों और संदिग्ध ठिकानों पर दबिश दी। पुलिस ने इस अभियान के दौरान न केवल गिरफ्तारियां कीं, बल्कि गुंडा-बदमाशों के घरों में दस्तक देकर उनकी गतिविधियों का सत्यापन भी किया। कुल 115 वारंटी धरे गए (इसमें 30 स्थाई और 58 गिरफ्तारी वारंटी शामिल हैं) 46 गुंडे और 42 निगरानी बदमाशों के ठिकानों पर अचानक दबिश दी गई। अवैध शराब के 14 प्रकरण दर्ज किए गए और नशे में वाहन चलाने वाले 07 चालकों पर धारा 185 एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई हुई। शांति भंग करने की आशंका पर 100 से अधिक व्यक्तियों पर बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं (170, 126, 135, 129) के तहत केस दर्ज किए गए। गश्त के दौरान पुलिस ने केवल अपराधियों को ही नहीं पकड़ा, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का भी जायजा लिया। कटनी मुख्य रेलवे स्टेशन, मुड़वारा, बस स्टैंड और सलैया स्टेशन पर संदिग्धों से पूछताछ की गई। साथ ही, जिले के सभी वित्तीय संस्थानों और बैंक एटीएम की सुरक्षा जांची गई ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

## दो-तीन पेटी शराब से घटकर सिर्फ 22 पाव, आरोपी और मोटरसाइकिल भी गायब

**समय जगत पथरिया ।** पथरिया पुलिस अपनी कार्यशैली और कारनामों की वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती है, लेकिन हाल ही में सामने आए एक मामले ने उनकी कार्रवाई पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

10 मई रविवार सुबह ग्राम लखरोनी में दो बाइकों की भिड़ंत हुई, जिसमें दोनों पक्ष घायल हुए और अस्पताल में भर्ती हुए। घायल भैयालाल पटैल जब अपनी बाइक से जा रहे थे, तब उनकी बाइक को दमोह रोड स्थित शराब दुकान से अवैध शराब लेकर जा रहे सोनू सेन और सोनू पटैल की बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों को चोटें आई और अवैध शराब बिखर गई।

स्थानीय लोगों ने मौके पर इकट्ठा होकर पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद 112 ने घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई की। लेकिन घटनास्थल से पुलिस की कार्रवाई पर उठ रहे सवाल सबसे अहम हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बाइक पर दो से तीन पेटी अवैध शराब थी, लेकिन थाना तक मामले के रिपोर्ट होने तक यह घटकर सिर्फ 22 पाव रह गई। साथ ही, एक आरोपी और मोटरसाइकिल भी गायब हो गए।



पथरिया थाना प्रभारी उपनिरीक्षक श्याम सुंदर दुबे का कहना है कि मौके से केवल 22 पाव शराब ही जब्त की गई और दोनों पक्षों की सहमति से एक्सीडेंट का मामला नहीं बनाया गया। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी ने मोटरसाइकिल लेकर भाग गए थे और इसलिए वह जब्त नहीं हुई।

हालांकि, इस घटना ने पथरिया पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। घटनास्थल से जब्त होने वाली शराब की मात्रा में भारी अंतर, आरोपी और मोटरसाइकिल का गायब होना, और एक्सीडेंट का मामला दर्ज न करना ये सब बातें यह संकेत देती हैं कि मामला थाने पहुंचने तक पूरी तरह नियंत्रित नहीं रहा।

पथरिया पुलिस पर लगातार ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि शराब माफियाओं के साथ मिलीभगत की चर्चा आम है। समय-समय पर उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही होती रही है, जैसे कि पूर्व थाना प्रभारी अमित मिश्रा को शराब परिवहन में नियंत्रण न रखने और संदिग्ध आचरण के कारण लाइन हाजिर किया गया था। अब सवाल उठता है कि क्या इस नए मामले में भी पथरिया पुलिस की कार्रवाई पर्याप्त और पारदर्शी रही है।

**इनका कहना है-**

उक्त मामले की जांच की जांच की जा रही है रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंपी जाएगी।

**प्रिया सिंघी एसडीओपी पथरिया**

## 65 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**समय जगत, अशोकनगर।** थाना ईसागढ़ पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुए 65 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। उल्लेखनीय है कि रविवार को पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति ग्राम गहोरा के ठेका रोड स्थित कच्चे रास्ते पर अवैध रूप से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब रखे हुए बैठा है। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी हर्देश पुत्र मंगल सिंह लोधी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम गहोरा को पकड़ा उसके कब्जे से कुल 65 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब जप्त की गई जिसकी अनुमानित कीमत 9 हजार 750 रुपये है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि मीना रघुवंशी, प्रधान आरक्षक मनोज कुमार, हरिनारायण सेन, राजीव शर्मा, आरक्षक देवेन्द्र लोधी, आरक्षक रुपेन्द्र तोमर एवं अर्जुन कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

## समयावधि एवं अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में कलेक्टर द्वारा की गई अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों की सराहना



**समय जगत, झाबुआ ।** कलेक्टर डॉ. योगेश तुकाराम भरसट की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में समयावधि एवं अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति, सीएम हेल्पलाइन शिकायतों, जनसुनवाई, पेयजल व्यवस्था, जल गंगा संवर्धन अभियान, वनाधिकार दावे एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर डॉ. भरसट ने हाल ही में आयोजित शनिवार स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहभागिता करने वाले सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि इसी प्रकार सकारात्मक कार्य संस्कृति विकसित कर प्रशासनिक कार्यों में और अधिक सुधार लाया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट करने की सलाह देते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर पहुंचकर समस्याओं का निराकरण करने से योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित होता है। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी.एस. बघेल द्वारा नियमित फील्ड विजिट कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की निगरानी करने की सराहना की। साथ ही जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण हेतु एसडीएम झाबुआ महेश मण्डलोई की प्रशंसा की। जिले में जनगणना कार्य को कुशलतापूर्वक संपादित करने पर जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती रीतिका पाटीदार एवं समस्त जनगणना अमले की सराहना की गई। इसके अतिरिक्त उप संचालक कृषि एन एस रावत एवं जिला आपूर्ति अधिकारी संजय पाटील द्वारा किए जा रहे कार्यों की भी प्रशंसा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने पिछले माह उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभागों एवं सफलता की कहानियों की समीक्षा की।

उन्होंने पीआईसीयू में एक बच्चे का जीवन बचाने वाले चिकित्सकों को प्रोत्साहित करने हेतु डॉ संदीप चोपड़ा को डीओ लेटर जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही उद्यानिकी विभाग के माध्यम से उल्लेखनीय कार्य करने वाले हितग्राही खुशी मिल्क उद्योग की स्थापना करने वाली अनिता चारेल की सराहना हेतु डीओ लेटर जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की विस्तारपूर्वक समीक्षा करते हुए नॉन-अटेंडेंट शिकायतों पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### शनि मंदिर में पूजन-अर्चन, अभिषेक और भंडारे का किया जायेगा आयोजन

## 300 साल बाद अब 4 शुभ योग में मनाई जाएगी शनि जयंती, मंदिरों में होंगे विशेष अनुष्ठान

**समय जगत, पचोर।** ज्येष्ठ कृष्ण अमावस्या पर मनाई जाने वाली शनि जयंती इस वर्ष 16 मई को श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाई जाएगी। इस बार शनि जयंती का विशेष ज्योतिषीय महत्व माना जा रहा है। करीब 300 साल बाद शनि जयंती पर चार शुभ योगों का दुर्लभ संयोग बन रहा है। वहीं 13 साल बाद शनि जयंती शनिवार के दिन पड़ रही है, जिससे इसका महत्व और अधिक बढ़ गया है।

नगर के शनि धाम स्थित शनि मंदिर में इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना, अभिषेक और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। सुबह शनिदेव का सरसों के तेल से अभिषेक किया जाएगा तथा उन्हें नई पोशाक धारण कराई जाएगी। इसके बाद खीर और इमरती का भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया जाएगा। दिनभर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए भंडारे का आयोजन भी रहेगा।

शनि मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रामगिरी महाराज ने बताया कि शनिदेव सूर्यपुत्र हैं और उन्हें न्याय का देवता तथा कर्मफल दाता कहा जाता है। वे मनुष्य को उसके कर्मों के अनुसार फल प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि शनिदेव की कृपा से व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आते हैं, इसलिए उन्हें न्यायाधिपति ग्रह माना गया है।



इस बार शनि जयंती पर शश महापुरुष योग, गजकेसरी योग, बुद्धादित्य योग और सौभाग्य योग जैसे दुर्लभ शुभ संयोग बन रहे हैं। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शनि के अपनी ही राशि कुंभ में स्थित होने से शश महापुरुष योग बन रहा है, जिसे करियर, नेतृत्व क्षमता और स्थिरता के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। वहीं गुरु और चंद्रमा की युति से गजकेसरी योग बन रहा है, जो मान-सम्मान और प्रतिष्ठा प्रदान करने वाला माना जाता है। सूर्य और बुध की युति से बनने वाला बुद्धादित्य योग बुद्धि, व्यापार और सफलता का प्रतीक माना गया है। वहीं सौभाग्य योग सुख-समृद्धि, धन और ऐश्वर्य प्रदान करने वाला योग माना जाता है। ज्योतिषीय दृष्टि से यह दिन शनि उपासना, दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों के लिए अत्यंत फलदायी रहेगा।

**साढ़ेसाती और ढैय्या से पीड़ितों के लिए विशेष दिन:** जिन लोगों की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती, ढैय्या या महादशा चल रही है, उनके लिए यह दिन विशेष फलदायी माना गया है। इस दिन श्रद्धालु ÷? शं शनैश्चराय नमः÷ मंत्र का जाप करते हुए शनिदेव का तिल और तेल से अभिषेक करेंगे। नीले फूल, काली उड़द और इमरती का भोग अर्पित करने का भी विशेष महत्व बताया गया है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन छाता, वस्त्र, भोजन और जरूरतमंदों को दान करने से शनि संबंधी कष्टों में राहत मिलती है। वहीं वट अमावस्या होने के कारण सुहागिन महिलाएं वट वृक्ष की पूजा-अर्चना कर अखंड सौभाग्य की कामना करेंगी।

**क्यों खास है इस बार की शनि अमावस्या:** शनिवार के दिन अमावस्या होने से शनिश्चरी अमावस्या का विशेष संयोग बन रहा है। सौभाग्य और शोभन योग पूजा-पाठ एवं मांगलिक कार्यों के लिए अत्यंत शुभ माने जा रहे हैं।

13 साल बाद ग्रहों की ऐसी स्थिति बन रही है, जिससे शनि दोष और पितृ दोष से मुक्ति के उपाय विशेष फलदायी माने जा रहे हैं।

**शुभ मुहूर्त:** अमावस्या तिथि प्रारंभ- 16 मई, शनिवार प्रातः 5.13 बजे, अमावस्या तिथि समाप्त-17 मई रात्रि 1.31 बजे।

## सार-समाचार

### नगर परिषद भैरुंदा में विकास कार्यों की श्रृंखला जारी वार्ड-11 बजरंग कुटी प्रांगण में हुआ भूमि पूजन



**समय जगत,भैरुंदा ।** नगर परिषद भैरुंदा द्वारा नगर विकास को गति देते हुए वार्ड क्रमांक 11 स्थित बजरंग कुटी एवं खेड़ापति सरकार मंदिर प्रांगण में नवीन पेवर ब्लॉक एवं छोटी कवर्ड नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन संपन्न हुआ। इस निर्माण कार्य की कुल लागत 8 लाख 88 हजार रुपये है। भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वित्त विकास निगम के अध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रितेश मकवाना एवं किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती विद्या राजेश पवार, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, गोपालपुर मंडल अध्यक्ष पंकज पवार , वरिष्ठ भाजपा नेता चंद्रकांत खंडेलवाल , जितेंद्र गौड़ नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश लखेरा , अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी कैलाश धावरे , कपिल खंडेलवाल , संजय पटेल , श्रीमती रचना भार्गव , श्रीमती अलका चौहान विशेष रूप से मौजूद रहे। साथ ही पार्षद ओम प्रकाश पवार, मेहरबान सिंह , गौरव शर्मा , वार्ड के वरिष्ठ नागरिक, वार्ड प्रभारी सचिन राठौर एवं नगर परिषद कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नगर परिषद अध्यक्ष मारुति शिशिर ने कहा कि परिषद नगर के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और हर वार्ड में प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### भीषण गर्मी में विजली कटौती को लेकर विद्यार्थी परिषद ने सौंपा ज्ञापन

**समय जगत, सारंगपुर ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आज एचडीएम के नाम ज्ञापन सौंपकर स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में चल रही परीक्षाओं के दौरान हो रही बिजली कटौती की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। परिषद ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि वर्तमान समय में भीषण गर्मी का दौर जारी है और ऐसे समय में विद्यार्थियों की परीक्षाएं संचालित हो रही हैं। परीक्षा के दौरान बिजली कट जाने से विद्यार्थियों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है, जिससे उनका ध्यान प्रभावित होता है तथा परीक्षा देने में कठिनाइयां उत्पन्न होती हैं। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि कॉलेज में परीक्षा का समय प्राय : दोपहर के समय रहता है, जब गर्मी अपने चरम पर होती है। ऐसे समय में बिजली विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है, जिसके कारण परीक्षा कक्षों में उमस और गर्मी बढ़ जाती है। परिषद ने प्रशासन से मांग की है कि परीक्षा अवधि के दौरान महाविद्यालय की बिजली कटौती पूर्णत : बंद की जाए, ताकि विद्यार्थी बिना किसी बाधा के अपनी परीक्षा दे सकें। परिषद के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों की समस्याओं को विस्तार से प्रशासन के समक्ष रखा तथा शीघ्र समाधान की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि विद्यार्थियों की समस्या का निराकरण जल्द नहीं किया गया तो परिषद आगे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से तहसील संयोजक तुषार चौहान, कॉलेज अध्यक्ष गोविंद सिंह गोम्बकर, कॉलेज मंत्री विजय मालवीय सहित विद्यार्थी परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनावर महाविद्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विविध गतिविधियों का हुआ आयोजन

**समय जगत,मनावर।** कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय मनावर में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक एवं तकनीकी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. आर.सी. पांटेल एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आई.एस. सदस्या के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंतर्गत 9 मई को गणित विभाग के अतिथि विद्वान एवं विषय विशेषज्ञ प्रो. मोहित सोनी द्वारा विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। उन्होंने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 11 मई 1998 को पोखरण में भारत ने तत्कालीन प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में सफल परमाणु परीक्षण कर विश्व में अपनी वैज्ञानिक क्षमता का परिचय दिया था। इसी उपलब्धि की स्मृति में प्रतिवर्ष 11 मई को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि भारत ने विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में तीव्र गति से प्रगति की है। चंद्रयान मिशन, आदित्य उपग्रह, डिजिटल इंडिया, मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने देश में नवाचार और तकनीकी विकास को नई दिशा प्रदान की है। उन्होंने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक सोच विकसित कर तकनीक के रचनात्मक उपयोग के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के अंतर्गत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के लिए गूगल फॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन तकनीकी प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इसके साथ ही यूट्यूब के माध्यम से प्रौद्योगिकी आधारित विषय विशेषज्ञों के व्याख्यान एवं वीडियो का सामूहिक अवलोकन कर विद्यार्थियों को नवीन तकनीकों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. चंद्रकला चौहान ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं नवाचार के प्रति रुचि विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## प्रधान आरक्षक की सतर्कता से रंगे हाथों पकड़ाया चोर

### मंदसौर मील क्षेत्र की घटना, एक आरोपी फरार

**समय जगत, अशोकनगर।** रविवार-सोमवार की दरमियानी रात गश्त पर निकले एक प्रधान आरक्षक की सतर्कता से न केवल एक चोरी की घटना रुक गई बल्कि एक चोर रंगे हाथों पकड़ा भी गया। दरअसल थाना कोतवाली में पदस्थ प्रधान आरक्षक लखन खटीक मंदसौर मील क्षेत्र में गश्त दे रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूने मकान के बाहर से एक संदिग्ध व्यक्ति भागता हुआ दिखाई दिया। प्रधान आरक्षक ने तुरंत उस सूने मकान के पास जाकर देखा तो मकान की छत से एक साड़ी लटकी हुई दिखाई दी तथा घर के अंदर से आवाजें सुनाई दीं। प्रधान आरक्षक द्वारा तत्काल वायरलेस सेट पर सूचना प्रसारित की गई। घटनास्थल निकट होने से थाना प्रभारी कोतवाली तत्काल मौके पर पहुंचे एवं आसपास के गश्ती पॉइंट्स को बुलाया गया। पडौसी के घर से सीढ़ी की व्यवस्था कर जोनल गश्त अधिकारी उपनिरीक्षक पुनीत दीक्षित एवं प्रधान आरक्षक जितेंद्र राजे द्वारा मकान के अंदर पहुंचे जहां उन्हें एक व्यक्ति छिपकर बैठा मिला। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम रामवीर कुशवाह निवासी शंकर कॉलोनी अशोकनगर बताया। एक आरोपी काफी पहले ही मकान में घुसकर छिप गया था जब रात गहराई तो उसने अपने दूसरे साथी को साड़ी के सहारे ऊपर बुलाया और इसकी सहारे चोरी का सामान लेकर नीचे उतारा।

## मांझी समाज की महत्वपूर्ण बैठक हुई आयोजित



**समय जगत, सिलवानी।** नगर के वार्ड क्रमांक 1 स्थित जमुनियापुरा में रामकिशन रैकवार के निवास पर मांझी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के पूर्व वरिष्ठ अध्यक्ष रामभरोसे रैकवार परव ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 15 मई शुक्रवार को केवट जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर राममंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ, कन्या भोजन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने के लिए समाज के सभी लोगों से सहयोग एवं सहभागिता की अपील की गई। बैठक के दौरान मांझी समाज संगठन की नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। सर्वसम्मति से राकेश रैकवार को अध्यक्ष, सौरभ रैकवार को उपाध्यक्ष, जालम रैकवार को महामंत्री, दयाराम रैकवार को सचिव, मनोज बृजेश रैकवार को कोषाध्यक्ष, लखन रैकवार को संगठन मंत्री तथा संतोष रैकवार को प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया। वहीं रामभरोसे रैकवार एवं जेपी रैकवार को संगठन संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। बैठक में उपस्थित समाजजनों ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए समाजहित में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने एमआरपी में पारदर्शिता और विसंगतियों को लेकर तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**समय जगत,औबेदुल्लागंज ।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की जिला इकाई रायसेन द्वारा आज व्यापक राष्ट्रीय जन जागरण कार्यक्रम के अंतर्गत एसडीएम कार्यालय गौहरगंज में तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिला अध्यक्ष शशांक मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने वर्तमान में एमआरपी (अधिकतम खुदरा मूल्य) के नाम पर उपभोक्ताओं के साथ हो रही गफलत और अन्य सामाजिक विषयों पर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का तर्क है कि वर्तमान में MRP उपभोक्ता संरक्षण के बजाय लूट का माध्यम बन गई है। दवाइयों, सौंदर्य प्रसाधनों और कपड़ों पर लागत से कई गुना अधिक मूल्य अंकित किया जा रहा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि सरकार एक स्वायत्त आयोग या रेगुलेटरी बॉडी का गठन करे, जो कॉस्ट ऑफ प्रोडक्शन के आधार पर एमआरपी निर्धारित करने की शक्ति रखे। इसके अतिरिक्त, संगठन ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अश्लीलता रोकने, 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाने और हवाई अड्डों व मॉल में एक ही उत्पाद की अलग-अलग एमआरपी जैसी विसंगतियों को दूर करने की पुरजोर मांग की है। इस अवसर पर संगठन के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिन्होंने ग्राहकों को चीट होने से बचाने और आर्थिक रूप से सशक्त भारत बनाने का संकल्प दोहराया। ज्ञापन में एमआरपी निर्धारण के लिए पारदर्शी नीति, लागत मूल्य और अंकित मूल्य के बीच के अंतर को नियंत्रित करने हेतु सरकारी हस्तक्षेप, ओटीटी कंटेंट और बच्चों के लिए सोशल मीडिया सुरक्षा की मांग की गई है।

## नौगजा शाह दाता के दरबार में 30-31 मई को सजेगी कव्वाली की शानदार महफिल




**समय जगत, उचेहरा ।** नौगजा शाह दाता रहमतुलल्ला अलैह के उर्स-ए-मुबारक मौके पर 30 एवं 31 मई की रात शानदार कव्वाली के प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के जाने माने फनकार टीवी और रेडियो सिंगर फैजान ताज (नागपुर), नईम साबरी (बदायूं) और मशहूर कव्वाला नेहा सुल्तानी (उन्नाव) अपने सूफियाना कलाम और दिलकश आवाज़ से अकीदतमंदों को रूहानी माहौल से सराबोर करेंगी। पूरी रात चलने वाली इस महफिल-ए-समा में हजारों की संख्या में दूर-दराज के लोग शामिल होते हैं, यहां कव्वाली ही नहीं बल्कि हिंदू-मुस्लिम एकता और मोहब्बत का शानदार दृश्य देखने को मिलेला है। हर साल की तरह इस बार भी दोनों समुदायों के लोग मिल-जुलकर उर्स-ए-मुबारक में शरीक होंगे और गंगा-जमुनी तहज़ीब की बेहतरीन मिसाल पेश करेंगे ऐसी उम्मीद जताई जा रही है।

**दोनो संतों की थी दोस्ती :** हज़रत नौगजा शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह और संत विदेहीं दास जी की दोस्ती के किस्से आज भी बड़े बुजुर्गों से सुने जा सकते हैं। यह मुक़द्दस सरज़मीं पूरे संभाग में आपसी सौहार्द, इंसानियत और हिंदू-मुस्लिम एकता की पहचान की एक मिसाल मानी जाती है। जो लोगों के दिलों को जोड़ने का काम करती है। उर्स कमेटी के सदर मुबारक अली भूरा ने तमाम अकीदत मंदों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उर्स-ए-मुबारक में शरीक हों, औलिया अल्लाह की बारगाह में उपस्थिति दर्ज कराएं और इस रूहानी व भाईचारे से भरी महफिल का हिस्सा बनें।

स्वत्वाधिकारी, समय जगत मीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक, मुद्रक अशोक त्रिपाठी द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स प्लॉट नं. 21, सेक्टर-एच, गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया, भोपाल 462011 से मुद्रित कर जी-1 गोयल निकेत अपार्टमेंट प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 एमपी नगर भोपाल म.प्र. से प्रकाशित। पिन नं. 462011, संपादक **अभिनव त्रिपाठी।**
RNI-MPHIN/2004/13180 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार) सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। **फोन :** 0755-4700402, ई-मेलः dainiksamayjagat@gmail.com

# तखत ग्रुप की ऐतिहासिक मुहिम को मिला भव्य विराम

**नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ ने कराया समापन**

**आठ दिनों में 4 हजार से अधिक जलपात्रों का वितरण**

**डीएम ने किया था शुभारंभ, बच्चों से बुजुर्गों तक हर वर्ग बना अभियान का सहभागी**



**समय जगत, ललितपुर।** भीषण गर्मी में पक्षियों को राहत पहुंचाने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया गया आठ दिवसीय जलपात्र वितरण महाअभियान रविवार को भावनात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हो गया। नपाध्यक्ष सोनाली जैन और अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से अभियान को औपचारिक विश्राम देते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी और अनुकरणीय पहल बताया। लगातार आठ दिनों तक शहर के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों, गलियों और आवासीय क्षेत्रों में चलाए गए इस विशेष अभियान के दौरान 4 हजार से अधिक जलपात्रों का वितरण किया गया। तखत ग्रुप के सदस्यों ने घर-घर पहुंचकर न केवल जलपात्र वितरित किए, बल्कि लोगों को गौरैया सहित अन्य पक्षियों के संरक्षण, संवर्धन और उनके लिए नियमित दाना-पानी की व्यवस्था करने का संदेश भी दिया। इस अनूठी सामाजिक पहल ने केवल ललितपुर ही नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश सहित कई राज्यों तक अपनी सकारात्मक पहचान बनाई। सोशल मीडिया, फोन कॉल और व्यक्तिगत संपर्कों के माध्यम से विभिन्न जिलों और राज्यों से लोगों ने तखत ग्रुप की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्रोत बताया। समापन अवसर पर मुन्नालाल जैन, विवेक जैन जिम्मी, मज्जू सोनी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह सिसौदिया, अभय पारौल, ब्रजेश जैन बल्ची, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, अशोक अनौरा, मकरंद किलेदार विक्की, मनीष मिंटू सिंघई, राजेश दुबे, मनोज शर्मा, गौरव जैन, गोलू अनौरा, आशीष चौबे लंबरदार, विद्या मालवीय, जगदीश सोनी, रिंकू बबेले, मनीष फोटो, रामकोटि तिवारी, राजीव चौबे बुढ़वार, सुमेर जैन, सुदामा मिश्रा, अमित लखेरा, विजय शर्मा कुक्कन, दीपक चौरसिया, आशीष हुण्डैत, हृदेश हुण्डैत, भूपेन्द्र सोनी, राजीव शर्मा, नीलेश तिवारी, विवेक पण्डा, जितेन्द्र गोस्वामी गप्पू, पप्पू पटवा, बेबी नामदेव, नीरज लखेरा, लाले ताम्रकार, सीमांत समैया, बृजेश लाला, अमित तिवारी के अलावा पार्षद अम्मू रजक, पार्षद प्रतिनिधि अमित कुशवाहा, रमाकांत तिवारी, नवीन जैन, राजवीर जाट, लक्ष्य शर्मा, रुद्राक्ष शर्मा, नक्ष किलेदार, पीहू लखेरा, वैष्णवी लखेरा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। समापन अवसर पर संचालन राजीव चौबे बुढ़वार ने किया, जबकि अंत में शहरवासियों, सभी सदस्यों का आभार मज्जू सोनी ने जताया।

**हर वर्ग में दिखा उत्साह, बच्चों से बुजुर्गों तक जुड़ा समाज** अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी देखने को मिली। बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने अपने घरों की छतों, बालकनियों और आंगनों में जलपात्र लगाने का संकल्प लिया। कई स्थानों पर लोगों ने स्वयं आगे बढ़कर तखत ग्रुप सदस्यों का स्वागत किया और पक्षियों के लिए पानी भरने की जिम्मेदारी भी ली।

**नपाध्यक्ष बोलीं-यह सिर्फ अभियान नहीं, सामाजिक चेतना है**

समापन अवसर पर नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि तखत ग्रुप द्वारा चलाया गया यह अभियान केवल जलपात्र वितरण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसने समाज में पर्यावरण और जीव-जंतुओं के प्रति संवेदनशीलता जागृत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि पक्षियों के लिए पानी और दाना उपलब्ध कराना मानवता का सबसे सुंदर रूप है।

**ईओ बोले-आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनेगी यह पहल**

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि शहरभर में जिस समर्पण और सेवा भावना के साथ यह अभियान चलाया गया, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि यह पहल आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 33,978 वादों का हुआ निस्तारण

## 5.43 करोड़ रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित



**समय जगत, ललितपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्षता जनपद न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने की। आयोजन की देखरेख एडीजे (डकैती) एवं प्रभारी नोडल अधिकारी सुनील सिंह तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव देवप्रिय सारस्वत द्वारा की गई। राष्ट्रीय लोक अदालत का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान न्यायालय परिसर में मेडिकल हेल्थ चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। साथ ही उद्योग विभाग द्वारा वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट और वन डिस्ट्रिक्ट वन व्यंजन प्रदर्शनी भी आकर्षण का केन्द्र रही। लोक अदालत में विभिन्न न्यायालयों एवं विभागों से संबंधित कुल 33,978 वादों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण किया गया। इसमें 5 करोड़ 43 लाख 62 हजार 90 रुपये की समझौता धनराशि निर्धारित की गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी राकेश वर्मा ने 12 वादों का निस्तारण करते हुए पीड़ितों को 20.50 लाख रुपये का प्रतिकर दिलाया। प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय नन्दप्रताप ओझा ने 42 पारिवारिक वादों का निस्तारण किया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मयंक जायसवाल ने 2,512 वादों का निस्तारण करते हुए 2.46 लाख रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े 410 वादों का भी सफल निस्तारण हुआ, जिसमें 4 करोड़ 57 लाख 54 हजार 760 रुपये की समझौता राशि निर्धारित की गई। इसके अलावा दूरसंचार, उपभोक्ता आयोग, स्टाम्प विभाग एवं प्रशासनिक विभागों से जुड़े हजारों मामलों का भी निपटारा किया गया। विशेष रूप से परिवार न्यायालय में 06 दंपत्तियों के वैवाहिक विवाद सुलह-समझौते के आधार पर समाप्त कराए गए। सभी दंपत्तियों ने एक-दूसरे को माला पहनाकर नई शुरुआत की, जो लोक अदालत का भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण रहा। राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, बैंक अधिकारियों, कर्मचारियों एवं वादकारियों की सक्रिय भागीदारी रही।

# योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर के आदेश पर अधिकारियों ने शासकीय संस्थाओं का किया सघन निरीक्षण



**समय जगत, निवाड़ी।** शासकीय संस्थाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन सुनिश्चित हेय कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन में जिला प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न संस्थाओं का सघन निरीक्षण किया।

जिला स्तरीय अधिकारियों के दल ने शासकीय विद्यालयों, स्वास्थ्य केन्द्र, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन एवं उचित मूल्य दुकानों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों ने उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान किसानों से संवाद कर समस्याएं भी पूछीं। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत प्रगतिरत एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्टाफकी उपस्थिति, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली व्यवस्था, अभिलेखों का संधारण, मध्यान्ह भोजन व पोषण आहार की गुणवत्ता तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति देखी गई। संस्था निरीक्षण की बारीकी से रिपोर्ट तैयार की गई। अधिकारियों ने कहा कि शासकीय योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। लापरवाही मिलने पर जवाबदेही तय की जाएगी। निरीक्षण में एसडीएम, जनपद सीईओ, बीईओ, बीएमओ व अन्य विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

# माँ के त्याग और तपस्या से ही व्यक्ति के जीवन का निर्माण होता है : कंचन चंदा

## माँ जैसा ममत्व त्याग स्नेह कोई और नहीं दे सकता : दीपिका सिंह

**माँ जैसा दुनिया में कोई और हो भी नहीं सकता है : गुलाबबाई सेन**

**21 महिलाओं का मातृ शक्ति सम्मान से सम्मानित हुयीं**



**समय जगत, ललितपुर।** बुंदेलखंड महिला विकास सेवा समिति द्वारा 10 मई दिन रविवार को स्थान होटल द ग्रांड सिद्धि (ललित पैलेस) में मातृत्व दिवस समारोह का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ की समाजसेविका कंचन चंदा रहीं, जबकि अध्यक्षता समिति अध्यक्ष गुलाब बाई सेन ने की। विशिष्ट अतिथि इटावा से निशा वर्मा, सुल्तानपुर से रंजना गुप्ता, जीजीआईसी तालबेहट की पूर्व प्रधानाचार्या मधुलता राही, ललितपुर से सुनन्दा वर्मा, कन्नौज से अतुली शुक्ला, झांसी से संगीता वर्मा, झांसी से जयामित्रा राही, झांसी से शकुन भारती रहीं। सर्वप्रथम समिति सचिव गीता सेन एवं सभी पदाधिकारियों द्वारा सभी अतिथियों को पगड़ी, शॉल, बैच अलंकरण एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ की समाजसेविका कंचन चंदा ने कहा कि मां के त्याग और तपस्या से ही व्यक्ति के जीवन का निर्माण होता है। माँ के द्वारा दिये गये संस्कार प्रगति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। मां के आशीर्वाद से ही व्यक्ति हर मुकाम पा सकता है। विशिष्ट अतिथि कानपुर की समाजसेविका दीपिका सिंह ने कहा कि माँ जैसा ममत्व त्याग स्नेह कोई और नहीं दे सकता। माँ के आशीर्वाद एवं उनके द्वारा दिये गये मार्गदर्शन से जीवन की धारा को प्रवाहित करके अपने लक्ष्य पर खड़े हो जाते हैं। विशिष्ट अतिथि सुल्तानपुर से आयीं रंजना गुप्ता ने कहा कि माँ हमेशा बिना किसी भेदभाव के हमारे जीवन को उज्जवल भविष्य (मानव जीवन में) की राह दिखाती है। हमें माँ का सम्मान करना चाहिए एवं उनके बताये मार्ग पर चलना चाहिए। अध्यक्षता कर रही बुन्देलखण्ड महिला विकास सेवा समिति की अध्यक्ष गुलाबबाई सेन ने कहा कि मां जैसा दुनिया में कोई और नहीं हो सकता मां हमेशा हमें जीवन जीने एवं जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास करती है जिससे एक अच्छे विकासशील मार्ग की ओर प्रशस्त हो सके। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया है।

समारोह में महिलाओं का मातृशक्ति सम्मान से सम्मान हुआ, जिनमें रामसखी शुक्ला, शशि जैन, सुजाता जैन, नन्हींबाई कुशवाहा, वन्दना कुशवाहा, प्रेमबाई पाल, क्रान्ति पाटकार, मीरा कुशवाहा, शकुन्तला सविता, सुनीतादेवी कुशवाहा, रतिबाई यादव, फूलवती कुशवाहा, श्रीबाई तिवारी, पुष्पा साहू, तुलसादेवी साहू, गुडडी सेन, मोनिका गोस्वामी, पुष्पा नामदेव, शारदा प्रजापति, श्रीबाई पाल, कामिनी सविता आदि का सम्मान किया गया है। समिति सचिव ने कहा कि मां की ममता का कोई मोल नहीं है। माँ जीवन को अनमोल बना देती है। माँ हमारी पहली गुरु मेरी प्रेरणा मेरी शक्ति है। आपके द्वारा दिये गये संस्कार हमारे जीवन को सुखमय एवं प्रकाशवान बनाते हैं। विशिष्ट अतिथि इटावा से आयीं समाजसेविका निशा वर्मा ने कहा कि माँ सिर्फ एक शब्द नहीं पूरी दुनिया होती है। उनके प्यार और त्याग एवं आशीर्वाद से ही हमारी दुनिया खूबसूरत बनती है। हर मुश्किल में साथ देने वाली बिना कहे समझने वाली मेरी माँ ही होती है। विशिष्ट अतिथि कन्नौज से आयीं समाजसेविका अंजुली शुक्ला ने कहा कि भगवान हर माँ को हमेशा खुश और स्वस्थ रखे क्योंकि माँ की बदौलत ही हम क्षेत्र विजयश्री के मुकाम को हासिल कर परिवार देश, समाज का नाम गौरवान्वित करते हैं। इस दौरान अध्यक्ष गुलाबबाई सेन, उपाध्यक्ष रामदेव सेन, सचिव गीता सेन, कोषाध्यक्ष सुमन सेन, ऑडीटर डोली सेन, सदस्य प्रियंका सेन, सदस्य प्राची सेन, सुशीला राजपूत, सोमवती याज्ञिक, वर्षा कुशवाहा, रामदेवी निरंजन, रानी पंथ, नीलम जैन, सुमन जैन, सुमन प्रजापति, ममता पाल, पिस्ता वर्मा, रचना राजपूत, कमला साहू, राजकुमारी सिंह, सरोज, कमला झा, रानी श्रीवास्तव, किरण, उर्मिला, सूरज, पूनम कोरी, रामसखी, कौशल्या, मोहिनी, जमना देवी, पूजा, राधा, तारादेवी, ममता, पूनम, मनीषा, उमा सेन, ललिता शर्मा, रजनी, वर्षा, प्रीति, पूनम, नेहा, संगीता, शारदा, अर्चना के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## बाई पास रोड समाप्त होते ही ढाल से उतरते बड़े वाहनों को सामने शराबियों को भी बचाना होगा

**उरई।** बड़ी माता मंदिर, रविदास मंदिर के पास ही देशी और विदेशी शराब दुकान मोहल्ले वालों ने किया विरोध - निवाड़ी नगर के सबसे बड़े धार्मिक स्थलों बड़े माता मंदिर एवं अभी हाल ही में बने रविदास मंदिर के नजदीक और निवाड़ी के बाई पास निवाड़ी तिगैला मार्ग पर देशी एवं विदेशी दुकान खोले जाने की परमीशन दे दी है एक शराब दुकान पहले से ही थी एक और प्रारंभ हो गई जबकि इसका मोहल्ले वालों ने बहुत विरोध किया नगर परिषद निवाड़ी द्वारा बाई पास के झांसी मऊ से आने पर टीकमगढ़ पृथ्वीपुर जाते जाने में स्टार्टिंग प्वाइंट है जहां अभि हाल ही नगर परिषद द्वारा सड़क के दोनों साइड सुंदर पार्क बनाए जिसमें झरना बहता है सुंदर सेल्फी प्वाइंट भी है अच्छे पार्क हैं के पास ही शराब दुकान की अनुमति दे दी और दूकान भी खुल गई संपूर्ण मोहल्ला वासियों ने इसके विरुद्ध मे शासन प्रशासन को लिखित में विरोध पत्र दिया है ।

# मानव जीवन के लिए जल, जंगल और ज़मीन का संरक्षण अति आवश्यक : दिनेश उमरैया

**ग्राम पंचायत बिरोरा खेत में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हनुमान मंदिर तालाब परिसर में जल चौपाल आयोजित**



**समय जगत, निवाड़ी।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिड़े के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद निवाड़ी के ब्लॉक पृथ्वीपुर की ग्राम पंचायत बिरोरा खेत में श्जल गंगा संवर्धन अभियानश् के तहत हनुमान मंदिर तालाब परिसर में जल चौपाल आयोजित की गई।

इस अवसर पर पीपल वृक्ष पूजन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संभागीय समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया, जिला समन्वयक डॉ सुनील कटियार, ब्लॉक समन्वयक राजकुमार पाठक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संभागीय समन्वयक दिनेश कुमार उमरैया ने उपस्थित लोगों को जल , जंगल और ज़मीन को संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया गया इस दौरान उन्होंने कहा जल, मिट्टी और पेड़ों का संरक्षण हमारे पर्यावरण और मानव जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है। ये तीनों प्राकृतिक संसाधन एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अनिवार्य हैं। नशा मुक्ति एवं ग्राम को साफएवं स्वच्छ रखने की शपथ लेने के पश्चात संभागीय समन्वयक एवं अधिकारियों द्वारा नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के कार्यालय का निरीक्षण किया गया। साथ ही संभागीय समन्वयक द्वारा ग्राम की नर्सरी का भ्रमण किया गया है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था कन्हैयालाल जनसेवा समिति जेवरा मोराप्रमुख अरुण सिरवैया हेमंत नामदेव नरेश दांगी अरुण बबेले एवम ग्राम विकास प्रस्फुटन समितयो से बिक्रम दांगी राजा दांगी सौरव जैन ब्रज बिहारी मिश्रा हरिराम यादव सुरेश रजक हरदयाल माते एवम सीएमसीएलडीपी के छात्र एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# मां की ममता रसोई से लेकर सम्पूर्ण सृष्टि तक पुदीने की तरह महक रही

## स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने मातृत्व की महिमा पर रखे विचार

ललितपुर। विश्व मातृ दिवस के अवसर पर स्तम्भकार सिद्धार्थ शर्मा ने मातृत्व की महिमा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मां केवल एक सम्बोधन नहीं, बल्कि सम्पूर्ण सृष्टि की सबसे कोमल, करुणामयी और जीवनदायिनी शक्ति है। मां का वात्सल्य केवल घर-आंगन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि समाज, संस्कृति, राष्ट्र और सम्पूर्ण मानवता के जीवन मूल्यों में निरंतर स्पंदित होता रहता है। उन्होंने कहा कि संसद से लेकर न्यायपालिका, विद्यालयों से लेकर चिकित्सालयों तक संवेदना, संरक्षण और सृजन का जो भाव दिखाई देता है, उसकी मूल प्रेरणा मातृत्व ही है। धरती की मां केवल अपने बच्चों की ही नहीं, बल्कि समस्त मानवता के सुख और कल्याण की कामना करती है। भारतीय संस्कृति में मातृत्व की सर्वोच्च अभिव्यक्ति माता यशोदा और भगवान कृष्ण के संबंध में देखने को मिलती है। उन्होंने कहा कि मातृत्व केवल जन्म देने का नहीं, बल्कि प्रेम, संरक्षण और संस्कार देने का भी नाम है। यही कारण है कि कृष्ण को संसार यशोदानंदन कहकर अधिक आत्मीयता से स्मरण करता है। स्तम्भकार ने कहा कि मां ही बच्चे की प्रथम गुरु होती है। वह केवल बोलना ही नहीं सिखाती, बल्कि प्रेम करना और प्रेम बांटना भी सिखाती है। मां का स्नेह जीवन के कठिनतम संघर्षों में भी व्यक्ति को टूटने नहीं देता। प्रसिद्ध शायर निदा फाजली की पंक्तियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि मां के त्याग, श्रम और ममता की सुगंध हर व्यक्ति के जीवन में सदैव बनी रहती है। वहीं विश्व साहित्य में मैक्सिम गोर्की के उपन्यास मां का उदाहरण देते हुए मातृत्व को सामाजिक परिवर्तन और मानवीय संघर्ष की प्रेरक शक्ति बताया। उन्होंने कहा कि आज के भौतिकतावादी और भागदौड़ भरे दौर में मातृत्व का शीतल स्पर्श समाज को मानवीय बनाए रखने का सबसे बड़ा आधार है। विश्व मातृ दिवस केवल शुभकामनाओं का अवसर नहीं, बल्कि मां के उस अनंत ऋण को स्मरण करने का दिन है, जिसे कोई भी संतान जीवनभर नहीं चुका सकती।

# बाल विवाह की सूचना पर सक्रिय हुई टीम, नाबालिग बेटी की शादी रुकवाई

**समय जगत, ललितपुर।** जनपद में बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को महिला एवं बाल कल्याण विभाग की टीम ने थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम बिलाटा में एक नाबालिग बालिका का विवाह रुकवाकर सराहनीय कार्य किया। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह के निर्देशन में चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट को सूचना मिली थी कि ग्राम बिलाटा में लगभग 17 वर्षीय नाबालिग बालिका का विवाह कराया जा रहा है। सूचना मिलते ही टीम तत्काल मौके पर पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से बाल विवाह रुकवाया। टीम ने वर-वधू पक्ष और ग्रामीणों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों एवं इसके दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही संबंधित परिवार को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित होने की सलाह दी गई। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण और बाल विवाह रोकथाम को लेकर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। गांव-गांव जाकर टीमों द्वारा लोगों को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मौके पर चाइल्ड हेल्पलाइन से अजय कुशवाहा, अतुल कुमार, मंसूर अंसारी तथा सखी वन स्टॉप सेंटर से पूनम शर्मा और रेशमा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## प्रोजेक्ट नई किरण से बिखरे परिवार में लौटी खुशियां

**समय जगत,ललितपुर।** परिवारों को टूटने से बचाने और दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य स्थापित करने की दिशा में चलाए जा रहे नई किरण प्रोजेक्ट के तहत रविवार को पुलिस लाइन ललितपुर में एक परिवार का सफल पुनर्मिलन कराया गया। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में नई किरण प्रोजेक्ट की टीम ने परिवार के सदस्यों को समझाइश दी और आपसी संवाद के माध्यम से दोनों पक्षों में सुलह कराई। समझौते के बाद परिवार के सदस्य खुशी-खुशी साथ रहने को तैयार हो गए। इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर रिश्तों में मिठास और विश्वास का संदेश दिया।

# अपर जिलाधिकारी ने पत्रकारों को कराया ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन

## प्रेस क्लब में स्वगणना का प्रशिक्षण

**समयजगत, ललितपुर।** भारत की आगामी जनगणना-2027 को लेकर जनपद में स्वगणना अभियान ने गति पकड़ ली है। इसी क्रम में शनिवार को ललितपुर स्थित प्रेस क्लब में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां अपर जिलाधिकारी एवं जिला जनगणना अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने मीडिया प्रतिनिधियों को स्वगणना प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अधिकारियों ने पत्रकारों को ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वगणना करने की पूरी प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया। इस दौरान सभी मीडिया कर्मियों ने मौके पर ही अपने मकानों का ऑनलाइन सूचीकरण किया और आवश्यक जानकारी दर्ज कर स्वगणना पहचान संख्या प्राप्त की। अधिकारियों ने सलाह दी कि इस पहचान संख्या को भविष्य के लिए सुरक्षित रखा जाए, क्योंकि आगामी डोर-टू-डोर सर्वे के दौरान इसी नंबर के आधार पर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

अधिकारियों ने बताया कि जनपद में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के निर्देशन में 07 मई से 21 मई 2026 तक स्वगणना का कार्य किया जा रहा है, जबकि 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर गणना की जाएगी। मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि नागरिक अपने मोबाइल, लैपटॉप या कम्प्यूटर के माध्यम से घर बैठे आसानी से स्वगणना कर सकते हैं। इसके लिए जनगणना स्वगणना पोर्टल पर लॉगिन कर राज्य, जिला, ग्राम एवं पते से संबंधित जानकारी भरनी होगी। इसके बाद मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से पंजीकरण पूरा किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि स्वगणना के अंतर्गत मकान और परिवार से जुड़ी 33 बिंदुओं की जानकारी दर्ज करनी होगी। इसमें मकान की संरचना, स्वामित्व, कमरों की संख्या, पानी और बिजली की व्यवस्था, शौचालय, रसोई, ईंधन, घरेलू संसाधन, शिक्षा, व्यवसाय, परिवार मदस्यों का विवरण सहित अन्य महत्वपूर्ण शामिल हैं।

## बच्चों की टोली बनी आकर्षण का केन्द्र

**उरई। स**मापन दिवस पर छोटे बच्चों की टोली ने भी अपनी भागीदारी से सभी का दिल जीत लिया। लक्ष्य शर्मा, रुद्राक्ष शर्मा, नक्ष किलेदार, पीहू लखेरा और वैष्णवी लखेरा ने गलियों में पहुंचकर जलपात्रों के साथ टॉफियों का वितरण किया और लोगों को पक्षियों के प्रति जागरूक किया। बच्चों का यह समर्पण अभियान का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायक दृश्य रहा।जिलाधिकारी ने किया था शुभारंभगौरैया संरक्षण और पक्षियों को शीतल पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस अभियान का शुभारंभ 3 मई को जिलाधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा उनके कैम्प कार्यालय से किया गया था। डीएम ने इस पहल को समाज के लिए उल्लेखनीय बताते हुए इसे पर्यावरण संरक्षण की दिशा में हो ।

# रामपुर में लगा श्रमिक जागरूकता एवं पंजीयन शिविर



ललितपुर। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों को उनके अधिकारों, सरकारी योजनाओं और सामाजिक सुरक्षा से जोडने के उद्देश्य से ग्राम रामपुर में असंगठित कर्मकार मजदूर यूनियन के तत्वावधान में श्रमिक जागरूकता एवं पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का नेतृत्व यूनियन अध्यक्ष अमित प्रजापति ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लेकर श्रमिक पंजीयन कराया तथा श्रम विभाग की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। शिविर के दौरान उपस्थित श्रमिकों को बताया गया कि श्रमिक पंजीयन के माध्यम से मजदूरों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकता है, जिनमें सामाजिक सुरक्षा, आर्थिक सहायता, बच्चों की शिक्षा, चिकित्सा सहायता और अन्य कल्याणकारी सुविधाएं शामिल हैं। यूनियन पदाधिकारियों ने श्रमिकों को जागरूक करते हुए कहा कि असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले मजदूर अपने अधिकारों के प्रति सजग रहें और समय रहते पंजीयन कराकर सरकारी योजनाओं से जुड़ें। कार्यक्रम में ग्राम रामपुर के प्रधान प्रतिनिधि दयाराम ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ तभी संभव है जब मजदूर जागरूक होकर अपना पंजीयन कराएं।

उन्होंने गांव के सभी श्रमिकों से आगे आकर योजना का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर के.पी., अजय साहू, संगठन मंत्री सुरेंद्र साहू, उपाध्यक्ष देवेंद्र साहू, महामंत्री महेंद्र झा, कोषाध्यक्ष महेंद्र तथा प्रचार मंत्री रूपेश साहू सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे। सभी वक्ताओं ने श्रमिकों से अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराने और अपने साथ अन्य मजदूरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। शिविर के सफल आयोजन पर ग्रामीणों और श्रमिकों ने आयोजकों का आभार व्यक्त किया तथा ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों को आगे भी जारी रखने की मांग की।

# चोरल नदी में पानी नहीं छोड़ने से पेयजल संकट गहराया

## पीड़ित ग्रामवासियों के समक्ष अस्तित्व का संकट मंडराया

**समय जगत, बड़वाह ।** भीषण गर्मी और निरंतर बढ़ते तापमान के कारण बड़वाह क्षेत्र के ग्राम अरोदा,कुंडिया, बेकलिया,थरवर, बरझर,रामकुल्ला, झिगड़ी एवं रूपाबेड़ी की आबादी विकट जल संकट से जूझ रही हैं। जल संकट से जूझ रहे ग्रामवासियों ने शासन से चोरल नदी में तत्काल पानी छोड़ने की पुरजोर मांग की है। इस संबंध में विधायक सचिन बिरला ने चोरल नदी में जल छोड़ने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव को पत्र प्रेषित किया है।





**पेयजल के लिए त्राहि-त्राहि- :** पत्र में कहा गया है कि बड़वाह क्षेत्र के अरोदा, कुंडिया,,बेकलिया, थरवर,बरझर, रामकुल्ला,झिगड़ी एवं रूपाबेड़ी आदि ग्रामों के निवासी जल संकट के कारण भारी कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।पेयजल पाने के लिए भी ग्रामवासियों को भारी मशक्कत करना पड़ रही है।ज्ञातव्य है कि इन ग्रामों का प्रमुख जल स्त्रोत चोरल नदी है। लेकिन अल्प वर्षा के कारण चोरल नदी पूरी तरह सूख चुकी है।चोरल नदी का सूखना क्षेत्र के लिए एक भयावह पर्यावरणीय त्रासदी है। ग्रीष्मकाल में प्रतिवर्ष ग्राम चोरल स्थित गंभीर परियोजना के पीएस-3 से चोरल नदी में पानी छोड़ा जाता है।जिससे निचले प्रवाह क्षेत्र के ग्रामों की आबादी,वन्य जीवों,पशुधन और पक्षियों को ग्रीष्मकाल में पानी मिलता रहे। विधायक ने इस वर्ष चोरल नदी में पानी छोड़ने में हो रहे विलंब पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि ग्रामीण क्षेत्रों में भूजल का स्तर अत्यधिक नीचे जा चुका है। इस कारण हैंडपंप और कुएं सूख गए हैं। पानी के अभाव में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। जल संकट से जूझ रहे ग्रामों का पशुधन एवं चोरल नदी के किनारे स्थित जंगलों के वन्यप्राणी भी पानी की एक-एक बूंद के लिए भटक रहे हैं। यदि चोरल नदी में तत्काल पानी नहीं छोड़ा गया तो क्षेत्र में बड़ी संख्या में मूक पशुओं और वन्यजीवों की अकाल मृत्यु होना निश्चित है। पत्र के अनुसार जल संकट से पीड़ित ग्रामवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।ग्रामवासियों का बढ़ता आक्रोश बड़ी अप्रिय स्थिति का कारण बन सकता है। पत्र में मुख्यमंत्री से मांग की गई है कि संबंधित विभाग ओएसपी नहर संभाग धामनोद को ग्राम चोरल स्थित गंभीर परियोजना के पीएस-3 से चोरल नदी में प्रतिवर्षानुसार तत्काल प्रभाव से पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ने के निर्देश दिए जाएं।

**अस्तित्व का संकट :** विधायक ने इस तारतम्य में ओएसपी नहर संभाग धामनोद जिला धार के कार्यपालन यंत्री एवं निचली नर्मदा परियोजना इंदौर मुख्य अभियंता को भी पत्र प्रेषित किया है। पत्र में कहा गया है कि बड़वाह के निचले प्रवाह क्षेत्र के ग्राम जल की कमी के कारण अस्तित्व के संकट से जूझ रहे हैं।इसलिए गंभीर परियोजना की पीएस-3 से तत्काल पर्याप्त मात्रा में पानी छोड़ा जाए। पानी छोड़ने में थोड़ा सा भी विलंब अपूरणीय क्षति का कारण बन सकता है।

# सोमनाथ स्वाभिमान पर्व : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में सोमनाथ से हुआ मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण

**धौलपुर, समय जगत।** सोमनाथ मंदिर पर हुए प्रथम आक्रमण के 1000 वर्ष पूर्ण होने तथा मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर कला एवं संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार सोमवार को देशभर में «सोमनाथ स्वाभिमान पर्व» का आयोजन श्रद्धा एवं गौरव के साथ किया गया। इसी क्रम में धौलपुर जिले में जिला प्रशासन एवं देवस्थान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महादेव जी की बगिया मंदिर में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने भाग लिया।



कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्रीनिधि बी.टी., भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, देवस्थान विभाग के अधिकारी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान शिव का अभिषेक एवं महाआरती की तथा जिले की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ हुआ, जिससे पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

मंदिर परिसर में आयोजित महाआरती एवं भजन संध्या के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने दीप प्रज्वलित कर भगवान शिव की आराधना की तथा «हर-हर महादेव» के जयघोष से वातावरण को शिवमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास एवं भारतीय संस्कृति की अखंड परंपरा को स्मरण करते हुए राष्ट्र की एकता, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

मुख्य राष्ट्रीय कार्यक्रम गुजरात स्थित सोमनाथ मंदिर में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसका राज्य के प्रमुख शिवालयों सहित धौलपुर जिले के महादेव जी की बगिया मंदिर में भी लाइव प्रसारण किया गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने बड़ी श्रद्धा और उत्साह के साथ कार्यक्रम का अवलोकन किया।

इस दौरान जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी ने कहा कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारतीय संस्कृति, श्रद्धा और राष्ट्रीय अस्मिता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ मंदिर का इतिहास हमें यह संदेश देता है कि हमारी आस्था और सांस्कृतिक मूल्यों को कोई भी शक्ति समाप्त नहीं कर सकती। यह पर्व देशवासियों में अपनी सांस्कृतिक विरासत के प्रति सम्मान और जुड़ाव को और अधिक मजबूत करता है। इस दौरान मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ, डॉ. शिवचरण कुशवाह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### नाली निर्माण की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**समय जगत, बांदा।** मवई बुजुर्ग के निवासियों ने जिलाधिकारी को लिखित ज्ञापन देकर गांव में गंदे नाले के कारण बने कीचड़ भरे रास्तों की समस्या को उजागर किया है ।ग्रामीणों ने कहा कि कई वर्षों से यह समस्या बनी हुई है ।जिससे रोजमर्रा की आवाजाही और बच्चों के स्कूल जाने में काफी दिक्कत हो रही है। गांव में नाले का गंदा पानी रास्तों पर बहने से कीचड़ जमा रहता है ।बारिश के मौसम में तालाब का पानी भी रास्तों पर आ जाता है ।इससे न केवल आने-जाने वाले रास्ते बंद जैसे हो जाते हैं,बल्कि बच्चों को स्कूल पहुंचने में भी बहुत ही मुश्किल होती है ।मांग की कि तुरंत स्थल का निरीक्षण कर रास्तों और नाली की मरम्मत,निर्माण कराया जाए ताकि उनकी दैनिक परेशानी दूर हो सके ।ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से इस समस्या को लेकर कई बार शिकायत की गई ।लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई ।जिला प्रशासन से जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान करने को कहा गया है ।इस मौके पर श्यामबाबू,राजू वर्मा, राहुल,गीता,पचुवा प्रजापति,रामदुलारी,सुशीला ,मैना, फूलकुमारी,शियापति,राजेन्द्र सहित अन्य लोग मौजूद रहें।

### शार्ट सर्किट से ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, विद्युत विभाग का अमला पहुंचा

**समय जगत, हमीरपुर।** मौदहा कस्बे के मोहल्ला हुसैनगंज नहरिया स्थित शेख चांद बाबा के पास सोमवार को विद्युत ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट होने से भीषण आग लग गई। आग ने कुछ ही मिनटों में रौद्र रूप धारण कर लिया और पूरा ट्रांसफार्मर आग के गोले में तब्दील हो गया। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग धीरे-धीरे ट्रांसफार्मर से जुड़ी विद्युत केबलों तक पहुंच गई, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई। भीषण आग और धमाकों जैसी आवाजों से दहशत में आए लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। मोहल्लेवासियों ने तत्काल विद्युत विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के लाइनमैन अबरार और शीलू मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया, जिसके बाद मोहल्लेवासियों ने राहत की सांस ली। घटना के बाद इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित रही और लाइनमैन क्षतिग्रस्त विद्युत लाइन को दुरुस्त करने में जुटे रहे। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।

### कल्प वृक्ष परिसर में गूंजी श्रीकृष्ण की महिमा, श्रद्धा के साथ मनाया गया गोवर्धन उत्सव

**समय जगत, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम लोदीपुर निवादा स्थित सुप्रसिद्ध कल्प वृक्ष परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। कथा व्यास निशा मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक लीलाओं का वर्णन करते हुए गोवर्धन पूजा का प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर भक्त भावविभोर हो गए ।कथा व्यास निशा शुक्ला ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि जब इंद्र के अहंकार के कारण ब्रज पर भारी वर्षा हुई, तब भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की थी। उन्होंने बताया कि गोवर्धन पूजा हमें प्रकृति से जुड़ने और गौ सेवा का संदेश देती है ।कथा के दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पित किए गए और प्रतीकात्मक गोवर्धन पर्वत बनाकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे और पूरा वातावरण गिरिराज धरण की जय के जयकारों से गूंज उठा। इस अवसर पर गांव के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष श्रद्धालु मौजूद रहे ।कार्यक्रम का आयोजन स्वामी भुजानंद महाराज की प्रेरणा से मुख्य रूप से शिवनारायण सिंह ,जीतेन्द्र सिंह चंदेल ,कामोद सिंह परिहार ,ओमेंद्र सिंह चंदेल द्वारा सभी ग्रामीणों से सहयोग से कराया जा रहा है।

### विवाद के चलते महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**समय जगत, महोबा।** जहां एक ओर पूरे विश्व में 10 मई को मदर्स डे पर बच्चों द्वारा मां के त्याग और संघर्ष की मूर्ति के रूप में याद करते हुए नमन कर स्नेह रूपी सम्मान से नवाजा जा रहा था। वहीं शहर के कबरई रोड पर पुलिस अधीक्षक आवास के पीछे स्थित कांशीराम कॉलोनी निवासी एक दो बच्चों की मां ने अपनी मां से हुए विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। फांसी के फंदे पर लटकी मां को बचाने के लिए नौ वर्षीय बेटी और उसकी दादी पड़ोसियों से मदद मांगती रही लेकिन किसी का दिल नहीं पसीजा और कुछ देर में महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज मामले की जाँच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली कुलपहाड़ के ग्राम मौहारी निवासी पूजा पत्नी रघुवीर सिंह उम्र 26 साल पिछले दो साल से अपनी दो बेटियों के साथ अपनी मां सीमा पत्नी राकेश के साथ शहर के कबरई रोड पर पुलिस अधीक्षक आवास के पीछे स्थित कांशीराम कॉलोनी में रहती थी। उसका पति रघुवीर सिंह हीरापुर मध्य प्रदेश में ट्रक चालक है। रविवार 10 मई को जब पूरे विश्व में मदर्स डे मनाया जा रहा था तभी शाम के समय खाना बनाने को लेकर पूजा का अपनी मां सीमा से नौक झौंक हो गई। इसी विवाद से क्षुब्ध होकर पूजा ने कमरे के अन्दर साड़ी से फांसी का फंदा बनाकर झूल गई तभी उसकी नौ वर्षीय बड़ी बेटी जिया पहुंच गई। उसने मां को फांसी पर लटका देख अपनी दादी सीमा और पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। आरोप है कि उस समय महिला जीवित थी। फांसी पर जिन्दगी और मौत के बीच झूल रही पूजा की जान बचाने के लिए मां सीमा और बेटी जिया रो रोकर पड़ोसियों से मदद की भीख मांगती रही। लेकिन किसी भी पड़ोसी का दिल नहीं पसीजा और दूर से तमाशा देखते रहे। परेशान नातिन और दादी ने पुलिस को घटना की सूचना दी। पुलिस जब तक पहुंची तब तक महिला की सांसे थम चुकी थीं। पुलिस ने शव को रात्रि में जिला अस्पताल महोबा की मोर्चरी में रखवाया।

# मनेंद्रगढ़ जुआ मामले में पुलिस कार्रवाई से ज्यादा सवालों की चर्चा

**आनंद शर्मा -समय जगत मनेंद्रगढ़।** शनिवार को कथित 52 परियों के जुए के खुलासे के बाद एक बार फिर सिटी कोतवाली मनेंद्रगढ़ की कार्रवाई सवालों के घेरे में आ गई है। रविवार को पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर 6 जुआरियों से 1लाख 20000 रुपए नगदी बरामद करने का दावा किया, लेकिन इस पूरी कार्रवाई ने जितने जवाब दिए उससे कहीं अधिक सवाल खड़े कर दिए हैं। शहर में चर्चा इस बात की है कि आखिर यह कार्रवाई वास्तव में सख्त पुलिसिंग थी या फिर केवल खानापूर्ति कर बड़े चेहरों को बचाने का प्रयास?

**थाना के बजाय साइबर सेल कार्यालय क्यों? :** सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि जब पुलिस ने जुआरियों को मौके से पकड़ा, तो उन्हें सीधे सिटी कोतवाली लाने के बजाय साइबर सेल कार्यालय क्यों ले जाया गया? आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां थीं कि सामान्य कानूनी प्रक्रिया से अलग रास्ता अपनाया गया? शहर में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि क्या पूरी कार्रवाई को नियंत्रित माहौल में रखने के लिए ऐसा किया गया ताकि कुछ असहज सवालों और संभावित चेहरों को सामने आने से रोका जा सके।

कार्रवाई को लेकर एक और चौंकाने वाली बात सामने आई है। पुलिस ने नगदी, ताश पत्ती, गमछा और चार्जेबल बल्ब जब्त करने की जानकारी दी, लेकिन किसी भी आरोपी के पास से मोबाइल फोन बरामद नहीं दिखाया गया। आज के दौर में क्या कोई व्यक्ति बिना मोबाइल फोन के जंगल में जुआ खेलने पहुंचता है? आखिर संपर्क किस माध्यम से हुआ? किसने बुलाया? रकम की व्यवस्था कैसे हुई? क्या मोबाइल फोन का इस्तेमाल ही नहीं हुआ? यह सवाल आम लोगों के गले नहीं उतर रहा।



इतना ही नहीं, मौके पर पहुंचे आरोपियों के वाहन भी जब्त नहीं किए गए। आखिर छह लोग जंगल तक पहुंचे कैसे? यदि वाहन थे, तो उन्हें जब्त क्यों नहीं किया गया? या फिर जानबूझकर उन वाहनों को नजरअंदाज किया गया ताकिमनेंद्रगढ़ जुआ कांड- पुलिस कार्रवाई से ज्यादा सवालों की चर्चा कुछ नाम सामने न आएं? शहर में अब यह सवाल भी उठने लगा है कि क्या पुलिस केवल छोटे खिलाड़ियों पर कार्रवाई कर बड़ी मछलियों को बचाने में लगी हुई है?

**कार्रवाई पर उठे सवाल, जांच की मांग तेज :** सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक पाटले की कार्यशैली पहले भी विवादों में रही है। शहर में लगातार आरोप लगते रहे हैं कि सट्टा, कबाड़, अवैध कारोबार और जुए जैसे मामलों में कार्रवाई केवल दिखावे तक सीमित रहती है। हर बार प्रेस नोट में बड़ी कार्रवाई का दावा किया जाता है, लेकिन जमीनी स्तर पर अवैध गतिविधियां बंद होने के बजाय और मजबूत होती दिखाई देती हैं।

अब सबसे अहम सवाल यह उठ रहा है कि लगातार विवादों और सवालों के बावजूद आखिर सिटी कोतवाली प्रभारी को अब तक क्यों नहीं बदला गया? जब कार्रवाई पर बार-बार सवाल उठ रहे हैं और जनता के बीच पुलिस की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है, तब भी जिम्मेदार अधिकारी पद पर कैसे बने हुए हैं? क्या किसी अदृश्य संरक्षण का खेल चल रहा है या फिर उच्च अधिकारियों तक पूरी सच्चाई पहुंच ही नहीं रही?

हालांकि जिले की पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक लगातार जिले की छवि सुधारने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के प्रयास कर रहे हैं। पुलिस अधीक्षक स्तर पर अभियान भी चलाए जा रहे हैं, लेकिन सवाल यह है कि क्या जमीनी स्तर पर कुछ अधिकारी उनकी मंशा पर पानी फेर रहे हैं? क्या अधीनस्थ पुलिसकर्मी ही विभाग की छवि को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं?

### अचानक तबियत बिगड़ने से नवविवाहिता की उपचार दौरान मौत



**महोबा।** शहर के एस आर पेट्रोल पम्प वाली गली धुबियानापुरा गांधीनगर निवासी एक महिला की संदिग्ध अवस्था में उल्टी दस्त से मौत हो गई। मायके पक्ष बांदा के मड़ियां नाका निवासी भाई द्वारा दहेज हत्या का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने मृतिका के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के रिलायंस पेट्रोल पम्प के सामने वाली गली धुबियानापुरा गांधीनगर महोबा निवासी रश्मि पत्नी राजेन्द्र सोलंकी उम्र 32 साल की रविवार मदर्स डे की रात्रि अचानक तबियत ज्यादा बिगड़ने पर पति राजेन्द्र सोलंकी द्वारा इलाज के लिए जिला अस्पताल महोबा के इमरजेंसी अनुभाग में ले जाया गया। जहां रात्रि इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डाक्टर अमित कुमार राजपूत द्वारा परीक्षण उपरान्त महिला को मृत घोषित कर शव को मोर्चरी में रखवा मामले की लिखित सूचना शहर कोतवाली महोबा पुलिस को भेजी गई। पति द्वारा उल्टी दस्त होने से तबियत बिगड़ना और मृत्यु होने की बात कही गई। वहीं सोमवार सुबह जिला अस्पताल महोबा मोर्चरी हाउस पहुंचे मृतिका रश्मि के भाई दिलीप कुमार श्रीवास निवासी मड़ियां नाका बांदा ने दहेज हत्या के गम्भीर आरोप लगाते हुए बताया कि उन्हें रात्रि आठ बजे बहिन रश्मि की मृत्यु होने की बात बताई गई जब वे लोग महोबा आए तो उन्हें बहिन देखने को नहीं मिली। मृतिका के भाई दिलीप कुमार श्रीवास पुत्र स्व. श्रीमूलचंद्र उर्फमुल्लू ने बताया कि उन्होंने बहिन रश्मि की शादी 28 नवम्बर 2023 में धूमधाम से की थी और भरपूर दान दहेज दिया था। भाई ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष कम दहेज लाने का ताना मारते हुए मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते हुए मारपीट करते थे। किसी से बात नहीं करने देते थे। घर से बाहर भी निकलने नहीं देते थे यदि हम लोग फोन पर बात कराने के लिए कहते तो घर से बाहर होने का बहाना बनाकर बात नहीं कराते थे। अगर बहिन को लिवाने आते तो कहते थे कि पहले डायवोर्स (तलाक) के पेपर लेकर आओ फ़िर लिवा ले जाओ। आरोप लगाया कि बहिन उन्हें ससुराल पक्ष द्वारा की जा रही प्रताड़ना के बारे में बताती थी।

### स्वगणना अभियान को गति देने हेतु तहसील स्तर पर समीक्षा बैठकें संपन्न

**समय जगत चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशानुसार जनपद की विभिन्न तहसीलों में स्वगणना कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गई, इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य गणना कार्य की प्रगति की समीक्षा करना और सुपरवाइजरों को शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति हेतु निर्देशित करना रहा। उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सुपरवाइजरों को संबोधित करते हुए कहा गया कि गणना कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए उन्होंने डेटा की शुद्धता और समयबद्धता पर विशेष बल दिया। उप जिलाधिकारी मुहम्मद जसीम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सुपरवाइजरों को क्षेत्र में सक्रिय रहने के निर्देश दिए।

# कानाखेड़ा के पास बोलेरो पलटी, बुजुर्ग किसान की मौत

**पैलानी।** महोबा जनपद से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे लोगों से भरी बोलेरो सोमवार दोपहर पैलानी थाना क्षेत्र के कानाखेड़ा गांव स्थित गौतम मार्केट के सामने अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गई।दर्दनाक हादसे में एक बुजुर्ग किसान की मौत हो गई,जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जसपुरा में प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया।ग्राम गाजीपुर थाना जसपुरा निवासी चालक बिसंभर सिंह पुत्र रामसनेही सिंह अपनी चार पहिया गाड़ी से अपने परिवार के लोगों को लेकर महोबा जनपद के चिचौरा गांव गए थे। बताया गया कि वे जयदेव सिंह की पत्नी पूजा देवी को लेकर वापस गांव लौट रहे थे। दोपहर को कानाखेड़ा गांव के पास गौतम मार्केट के सामने तेज रफ्तार बोलेरो अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में जा गिरी और पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों और डायल 112 पुलिस की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर सीएचसी जसपुरा पहुंचाया गया। वहां चिकित्सकों ने बसंत सिंह उर्फ बसंतलाल (70) पुत्र सुखराम/सहदेव सिंह को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल बिसंभर सिंह, जयदेव सिंह, पूजा देवी और जय सिंह को जिला अस्पताल रेफर किया गया। अन्य यात्रियों को मामूली चोटें आई।परिजनों ने बताया कि मृतक बसंत सिंह अविवाहित थे और खेती-किसानी कर अपना जीवनयापन करते थे। वह परिवार के साथ रहते थे और अपने पीछे मां, भाइयों और बहन को रोता-बिलखता छोड़ गए। हादसे की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। थाना प्रभारी राजेश वर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है।

# जगदगुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय चित्रकूट का नवम दीक्षांत समारोह हुआ संपन्न

**समय जगत चित्रकूट।** दीक्षांत समारोह का प्रारंभ शोभायात्रा से किया गया जिसमें बैंड की मधुर धुन के साथ माननीय अतिथि गण, कुलाधिपति तथा विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों का गरि मापूर्ण ढंग से दीक्षांत स्थल की ओर प्रस्थान करना देखते ही बन रहा था। इसके पश्चात उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की वंदना तथा दीप प्रज्वलन करके दीक्षांत समारोह का परंपरागत ढंग से शुभारंभ किया। मंच पर उपस्थित समस्त अतिथियों का स्वागत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ , स्मृति चिन्ह प्रदान कर किया। इस अवसर पर अपने स्वागत भाषण में संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर शिशिर कुमार पांडेय ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है राज्य सरकार के द्वारा प्रतिष्ठापित होने के पश्चात यह गौरवपूर्ण समावेशी पर्यावरण में आयोजित होने वाला दीक्षांत समारोह स्वयं ऐतिहासिक होकर बुंदेलखंड क्षेत्र का ही नहीं बल्कि संपूर्ण देश के दिव्यांगजनों को सहज में आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में विश्वविद्यालय की



उपलब्धियां का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों की संख्या में आशातीत वृद्धि से लेकर विभिन्न नए पाठ्यक्रमों का प्रारंभ तथा विश्वविद्यालय की प्रगति का विस्तार से विवरण प्रस्तुत किया। तत्पश्चात पैरालंपिक खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके रजत पदक प्राप्त करने वाले आईएएस अधिकारी सुहास एल वाई को तथा चित्रकूट धाम मंडल के मंडल आयुक्त अजीत कुमार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण, खेल एवं लोक प्रशासन में उत्कृष्ट योगदान के लिए मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में इस अवसर पर विश्वविद्यालय की शोध पत्रिका समानु भूति के नवीन अंक का विमोचन, विश्वविद्यालय के जीवन पर्यंत कुलाधिपति स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी द्वारा रचित श्री रामचरितमानस का संपादकीय तथा संस्कृत वांगमय में जगद गुरु रामभद्राचार्य का योगदान, पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। दीक्षांत समारोह में 2417 उपाधियां, 141 स्वर्ण पदक, 6 कुलाधिपति पदक, 39 शोध उपाधि प्रदान की गई।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्रदेश के दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री नरेंद्र कश्यप ने कहा यह विश्वविद्यालय भारत का ऐसा विश्वविद्यालय है जो पूर्ण रूपेण दिव्यांगों की उच्च शिक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने दीक्षांत समारोह में उपाधि धारकों को बधाई देते हुए कहा कि इस विश्वविद्यालय को दिव्यांग जन सशक्तिकरण विभाग से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नवीन कीर्तिमान स्थापित करने के लिए प्रत्येक प्रकार की सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नए केंद्र तथा बुनियादी सुविधाओं में सुधार किया जाएगा। उन्होंने जगद गुरु स्वामी श्री रामभद्राचार्य जी के योगदान को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि जगद गुरु जी के सपनों कीव साकार करके इस विश्वविद्यालय को वैश्विक पटल पर स्थापित करने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

इसके लिए नेक की मूल्यांकन से लेकर अन्य सुविधाओं को मुहैया कराने हेतु उन्होंने सरकारी सहायता देने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में डिजिटल माध्यम से केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि दीक्षांत समारोह में भले मैं उपस्थित नहीं हूं लेकिन मैं मन से सभी उपाधि धारकों तथा विश्वविद्यालय परिवार को हार्दिक बधाई देता हूं और मैं शीघ्र ही विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय की प्रत्येक प्रगति में अपना यथासंभव योगदान दूंगा। स्थापना कल से ही मेरी इस विश्वविद्यालय में रुचि एवं आस्था रही है और मैं हर संभव सहायता प्रदान कर विश्वविद्यालय के विकास में सहभागी बनूंगा।

### बाड़ी कोतवाली पुलिस की बड़ी सफलता : 3 साल से फरार 5 हजार का इनामी बदमाश अचार उर्फ बंटी गिरफ्तार



**धौलपुर, समय जगत।** धौलपुर जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बाड़ी कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तीन साल से फरार चल रहे 5 हजार रुपए के इनामी एवं मफरूर स्थाई वारंटी बंटी उर्फ अचार सिंह मीणा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से राजस्थान और मध्यप्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में छिपकर फरारी काट रहा था। विकास सांगवान के निर्देशन एवं पुलिस मुख्यालय जयपुर के आदेशानुसार जिलेभर में हार्डकोर अपराधियों, इनामी बदमाशों, टॉप-टेन अपराधियों, हत्या, लूट, डकैती, हत्या के प्रयास एवं आर्म्स एक्ट में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बाड़ी कोतवाली पुलिस ने यह महत्वपूर्ण कार्रवाई की। थाना प्रभारी देवेंद्र शर्मा ने बताया कि के अनुसार आरोपी बंटी उर्फ अचार सिंह पुत्र हरफूल मीणा निवासी खानपुर मीना थाना बाड़ी सदर के खिलाफ थाना बाड़ी में दर्ज मुकदमा संख्या 216/2011 में न्यायालय श्रीमान सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संख्या-01 बाड़ी द्वारा स्थाई वारंट जारी किया गया था। आरोपी लंबे समय से पुलिस गिरफ्त से दूर था और लगातार अपने ठिकाने बदलकर बचने का प्रयास कर रहा था। थाना प्रभारी ने आगे बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक धौलपुर द्वारा उस पर 5 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। इसके बाद बाड़ी थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मानवीय सूचनाओं के आधार पर लगातार निगरानी रखी ।पुलिस टीम को विश्वसनीय सूचना मिली कि आरोपी गजपुरा मोड़ क्षेत्र में आने वाला है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को गजपुरा मोड़ बाड़ी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में अपराधियों के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है।

**इनका कहना है-**

थाना प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में अपराधियों और फरार वारंटियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस सफल कार्रवाई में सूबेसिंह, राजेन्द्र, सतीश कुमारआदि की विशेष भूमिका रही। पुलिस टीम की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना हो रही है।

# डीएम द्वारा जनसुनवाई में भूमि पर कब्जा संबंधित शिकायतों पर किया गया फोकस

## जनता दर्शन में जिलाधिकारी सख्त, अन्य को शिकायतों का मौके पर निस्तारण के दिए निर्देश



**समय जगत, झांसी।** जिलाधिकारी श्री गौरांग राठी ने आज कलेक्ट्रेट कक्ष में जनता दर्शन के दौरान आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना। आज भूमि विवाद एंव भूमि पर अवैध कब्जा संबंधित शिकायतों पर अधिक फोकस रहा, जिलाधिकारी ने तत्परता दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके पर जाकर कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान जनपद में गर्मी के दृष्टिगत जनमानस को पर्याप्त विद्युत एवं पेयजला पूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए निर्देश दिए कि जहां भी पेयजल आपूर्ति बाधित है, वहां तत्काल टैंकर के माध्यम से पेयजलापूर्ति सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान तहसीलदारों, खण्ड विकास अधिकारियों एवं अन्य अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का मौके पर जाकर समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केवल औपचारिकता पूर्ण करने से काम नहीं चलेगा, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए।उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जहां संभव हो, दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से विवादों का समाधान कराया जाए, जिससे अनावश्यक मुकदमेबाजी एवं तनाव से बचा जा सके।

जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता की शिकायत सुनते हुए चेतावनी दी कि लापरवाही अथवा शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब जनसुनवाई की सीधी मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय से की जा रही है।अतः जनता दर्शन के समय प्राप्त शिकायतों को संवेदनशील और गंभीरता से सुना जाए और निस्तारण संवेदनशील होकर किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान श्रीमती पुष्पा पत्नी, स्वर्गीय नरेंद्र यादव निवासी बबीना ने शिकायती पत्र देते हुए निवेदन किया कि प्रार्थिया आराजी स0- 2328 मि0 रकवा 0,228 एवं 2329मि0 रकवा 0,033 हे0 स्थित ग्राम बबीना परगना व जिला झाँसी की संक्रमणीय भूमिधर काविज व दाखिल है, उक्त आराजी मे प्रार्थिया का पुराना बाड़ा बना है। जिसमे आम व शीशम के पेड़ लगे हुये है जिसमे प्रार्थिया की चारो ओर से बारी लगी हुई है। जिसे ग्राम प्रधान ताकत के बल पर प्रार्थिया की परिस्थिति का फायदा उठाकर जे0सी0बी0 से बारी तोड़कर व पेड़ गिराकर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है।

प्रार्थिया द्वारा मना करने पर प्रार्थिया से गाली गलौज व धमकी देता है तथा कहता है कि यह भूमि पत्थर की है, तुम्हारी आराजी की आकृति कम है। इस कारण यह बाड़ा पत्थर भूमि में पड़ता है जिसे हटाने का मुझे अधिकार है। प्रार्थिया द्वारा बहुत विनम्रता से प्रार्थना करते हुये वारी हटाने से रोका किन्तु वह नही माना तथा कहता है कि तुमसे जमीन खाली कराकर दूसरे को देना है व मुझे रूपये दे रहे है तुम्हे लेना हो तो मुझे रूपये दो। मै कई व्यक्तियों को जमीन दे चुका हूँ। जिससे प्रार्थिया काफी श्भयभीत व परेशान है प्रार्थिया का उक्त बाड़ा व पेड, पत्थर भूमि पर नही है तथा आकृति दुरूस्ती का वाद प्रार्थिया कर रही है तब तक ग्राम प्रधान को जबरन पेड गिराने व बाडे को जे0सी0बी0 से हटाकर कब्जा किये जाने से रोका जाना आवश्यक है।

अतः श्रीमान जी से निवेदन है कि प्रार्थिया जो एक गरीब विधवा महिला है का बाडा गाटा सं0-2328 मि0 रकवा 0,228 एवं 2329 मि0 रकवा 0,033 हे0 के जुजभाग मे स्थित है को जबरन ताकत के बल पर ग्राम प्रधान श्री दीनदयाल अहिरवार ग्राम बबीना को जबरन जे सी बी से बाडे की बारी व पेड को गिराने व प्रार्थिया के शांन्तिपूर्ण कब्जे मे दखल करने से रोके जाने तथा प्रधान के खिलाफ रूपये लेकर फर्जी जमीन पटटा देने के खिलाफ कार्यवाही करने की कृपा करे। जिलाधिकारी ने शिकायत की गंभीरता को समझते हुए तत्काल उपजलाधिकारी सदर को निर्देश दिए कि संलग्न अभिलेखों के आधार पर जांच करते हुए प्रार्थी की विधिक भूमि पर अवैध कब्जा न हो।इसे कड़ाई से सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने सोमवार कलेक्ट्रेट चौंबर में जनता दर्शन के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि अब जनसुनवाई की लाइव मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री कार्यालय से की जाएगी। सुनवाई से पूर्व प्रदेश के समस्त जनपदों के डीएम की मौजूदगी को देखा गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री शिव प्रताप शुक्ल, एडीएम न्याय श्री अरुण कुमार गौड़, एसीएम श्री अजय कुमार यादव एवं संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद धनवंतरि शाखा की बैठक आयोजित



**समय जगत,झांसी।** भारत विकास परिषद धनवंतरि शाखा की अति महत्वपूर्ण बैठक वीरांगना नगर, मेडिकल कॉलेज के पास, डॉ दीपा राय (अध्यक्ष) जी के आवास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला समन्वयक भारत विकास परिषद डॉ रवि कुमार जी ने की बैठक का संचालन सचिव श्रीमति ममता निरंजन ने किया।

बैठक में कोषाध्यक्ष श्रीमती संगीता गुप्ता जी ने नए सत्र में ज्यादा से ज्यादा लोगों को सदस्य बनने और आगामी सत्र में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए कोष एकत्रित करने पर बल दिया।

अध्यक्ष डॉ दीपा राय ने नए सत्र में नए दायित्व धारियों के नाम पर विशेष चर्चा कर उनके नामों की सूची प्रस्तुत की।सभी प्रकल्पों के नाम पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की शाखा गतिविधि संयोजक सेवा शाखा गतिविधिसंयोजक संपर्क शाखा गतिविधि संयोजक संस्कारशाखा गतिविधि संयोजक महिला शाखा गतिविधि संयोजक पर्यावरण आदि के रूप में प्रमुख दायित्व सौंपने पर चर्चा हुई।।बैठक की अध्यक्षता करते हुए डा रवि कुमार ने कहा धनवंतरि शाखा का शपथ ग्रहण जल्द से जलद संपन्न कराने हेतु उपस्थित सदस्यों और पदाधिकारियों से अनुरोध किया। शाखा के वरिष्ठ सदस्य एवम् शाखा गतिविधि संयोजक संपर्क के प्रमुख श्री अवधेश निरंजन जी ने शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में किसी राज्य स्तरीय नेता या उच्च प्रशासनिक अधिकारी को बुलाए जाने पर बल दिया, जिसे सर्व सम्मति से स्वीकार कर लिया गया।। शपथ ग्रहण समारोह की तारीख अतिशीघ्र घोषित की जाएगी।।इस बैठक में डॉ एच पी राय डॉ वी के निरंजन शाखा प्रबंधक विनोद निरंजन ओ पी गुप्ता नीलम रवि कुमार आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार डॉ दीपा राय ने व्यक्त किया।

# बरार समाज की बैठक में कुरी तियों से दूर रहकर शिक्षा व एकता पर दिया गया बल



**समय जगत, गुरसरांय (झांसी)।** 10 मई रविवार को हुल्की माता मंदिर पर वरार समाज एकता समिति गरौठा के तत्वाधान में मासिक बैठक संपन्न हुई। जिसमें क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वक्ताओं ने सामाजिक शशक्तिकरण को लेकर अपने विचार व्यक्त किये।

जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता कैलाश फौजी तहसील अध्यक्ष ने की और उनकी सर्व सहमति से हरगोविंद वरार चौकरी को ब्लॉक अध्यक्ष गुरसरांय बनाया गया। जिसमें कार्यक्रम का संचालन भानु प्रताप वरार ने किया एवं सभी का आभार इंजीनियर प्रदीप वर्मा ने किया। इस मौके पर रामसेवक माते टहरौली, हरीबाबू वरार भसनेह, गुलाब माते,छन्नू लाल वरार, प्रकाश वरार,अर्जुन बौद्ध विजौरा, अनिल माते, मुन्नालाल सिर्वो, बैजनाथ चौकरी,साकेत वरार, सरोज करोटिया, लालाराम माते फत्तेहपुर,प्रकाश माते बामौर,मुखिया वरार गरौठा,रामदीन बाबूजी बरौरा,गुल्ली वरार,शैलेन्द्र वरार आदि लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। अध्यक्षता करते हुए कैलाश फौजी ने कहा की सबको कुरितियों से दूर रहकर शिक्षित और एकता पर विशेष ध्यान रखते हुए समाज को आगे बढ़ाना होगा।

# एमबीबीएस डॉक्टर बने सत्यम गुप्ता, सत्यम गुप्ता के एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर लोगों ने जताया हर्ष



**समय जगत गुरसरांय।** नगर के प्रमुख व्यवसायी विनोद कुमार गुप्ता उर्फपप्पी सेठ के पुत्र सत्यम गुप्ता ने एमबीबीएस की परीक्षा 72 प्रतिशत अंक लेकर उत्तीर्ण की है। सत्यम गुप्ता ने गजरा राजा मेडिकल कॉलेज ग्वालियर से पांच वर्षीय एम बी बी एस की पढ़ाई पूरी कर एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है।

सत्यम गुप्ता को एमबीबीएस की डिग्री मिलने पर नगर के प्रमुख समाजसेवी रमेश मौर्य, अखिलेश पिपरैया, प्रसिद्ध नारायण यादव, सतीश चंद्र चौरसिया, डॉ सुकदेव व्यास, अखिलेश कनकने, बसंत मोदी, अरविंद गुप्ता हाटी वाले, पुरुषोत्तम पटेल, रामनारायण पस्तोर, आत्माराम फौजी आदि लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# पत्नी पर नगदी, जेवरात एवं कीमती सामान ले जाने का आरोप, थाने में दी तहरीर

**समय जगत, गुरसराय (झांसी)।** कस्बा गुरसराय निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी सहित अन्य लोगों पर घर से नगदी, सोने-चांदी के जेवरात एवं अन्य कीमती सामान ले जाने का आरोप लगाते हुए थाना गुरसराय में तहरीर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाजार गुरसराय निवासी रमाशंकर अग्रवाल पुत्र मल्लू प्रसाद अग्रवाल ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि दिनांक 9 मई 2026 को उनकी पत्नी प्रियंका अग्रवाल उर्फक्रांति अग्रवाल ने पुलिस हेल्पलाइन 112 पर फोन कर उनके विरुद्ध शिकायत की थी, जिसके बाद पुलिस उन्हें थाना गुरसराय ले गई थी।

आरोप है कि इसी दौरान उनकी पत्नी ने मारुति कार संख्या न्च93ठल1511 बुलाकर घर से लगभग 20 हजार रुपये नगद, सोने-चांदी के जेवरात एवं अन्य कीमती सामान लेकर चली गई। देर रात थाने से वापस घर पहुंचने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई।

पीड़ित के अनुसार घर से लगभग 20 नग बुफर, सोने की जंजीर, सोने की चूड़ियां, मंगलसूत्र, चांदी की कमर पेटी, चांदी की पायल सहित अन्य सामान गायब मिला। उन्होंने आरोप लगाया कि इस घटना में प्रियंका उर्फक्रांति, रिया तथा एक अन्य व्यक्ति भी शामिल थे।प्रार्थी ने यह भी बताया कि उसके और उसकी पत्नी के बीच दहेज उत्पीड़न से संबंधित मुकदमा माननीय न्यायालय हमीरपुर में विचाराधीन है, जिसका मुकदमा संख्या 196/2019 है। पीड़ित ने थाना गुरसराय पुलिस से मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में विधि छात्रों के साथ हुई मारपीट के मामले ने पकडा तूल



**समय जगत, झांसी।** बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में विधि छात्रों के साथ हुई मारपीट का मामला अब तूल पकड़ता लिया। आज छात्रों के भारी विरोध प्रदर्शन और विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार की तालाबंदी के बाद प्रशासन को झुकना पड़ा है।प्रदर्शन का मुख्य कारण विधि विभाग के छात्र मानव श्रीवास और रोहित पाठक के साथ पिछले दिनों हुई मारपीट की घटना ने तूल पकड़ा। छात्रों का आरोप है कि दोषियों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई थी, जिसके विरोध में आज एकजुट होकर प्रदर्शन किया गया। छात्रों की इस मांग को विभिन्न संगठनों और वरिष्ठ छात्र नेताओं का पुरजोर समर्थन मिलारू जिसमें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषदसमाजवादी छात्रसभा,एन.एस. यू. आई और आजाद समाज पार्टी का छात्र संगठन के प्रमुख छात्र प्रतिनिधि मौजूद रहें वही वरिष्ठ छात्र नेता बुन्देलखण्ड विश्विद्यालय लव सिन्हा, विभाग संगठन मंत्री विद्यार्थी परिषद निर्भय प्रताप जी, वासुदेव पोखरेल ,आजाद यादव (मम्मा) और अन्य छात्र प्रतिनिधियों ने मोर्चे की अगुवाई की व पूर्ण समर्थन छात्रों को दिया। आक्रोशित छात्रों ने विश्वविद्यालय के मुख्य गेट को लगभग 5 घंटे तक बंद रखा, जिससे परिसर का कामकाज पूरी तरह ठप हो गया।

छात्रों के भारी दबाव को देखते हुए वाइस चांसलर (कुलपति) ने तत्काल प्रभाव से पत्र जारी किया। मारपीट की घटना में संलिप्त पाए गए एक सिक्योरिटी गार्डों अमित को निलंबित कर दिया गया है।

**छात्रों की भविष्य की चेतावनी**

यद्यपि निलंबन की कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन छात्र अभी भी पूर्ण संतुष्ट नहीं हैं। उनकी मांगें स्पष्ट हैंरू

जिन अन्य छः गार्डों ने छात्रों के ऊपर हाथ उठाया या जांच में बाधा डाली, उन पर भी निलंबन की कड़ी कार्रवाई हो साथ ही साथ सार्वजनिक माफी मंगवाओ व मुख्य गार्ड को बदला जाए।छात्रों ने कुलपति ऑफिस में कुलपति से वार्ता कर स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगामी 7 दिनों के भीतर उनकी सभी मांगें पूरी नहीं की जातीं, तो वे क्रमिक अनशन (भ्नदहमत ैजतपाम) शुरू करने के लिए बाध्य होंगे। विश्वविद्यालय परिसर में स्थिति फिलहाल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में है। भारी पुलिस बल और सुरक्षाकर्मियों की मौजूदगी के बीच प्रशासन छात्रों को शांत करने का प्रयास कर रहा है। इस मौके पे मानव श्रीवास रोहित पाठक, वासुदेव पोखरेल, वरिष्ठ छात्रनेता लव सिन्हा, हर्ष शर्मा,इकाई अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सूर्या प्रताप सिंह , इकाई अध्यक समाजवादी छात्रसभा हर्षवर्धन यादव, सुधांशु दुबे,श्याम जी शर्मा,कार्तिक,विश्व प्रताप सिंह,विराट सिंह (छिरौना),देव सिंह कुशवाहा, लवकुश पटेल,नितेश यादव,आदर्श, हिमांशु यादव उत्तम सिंह राजपूत,श्याम सुंदर राजपूत, अविनाश, रितेश शुक्ला, शिवांक शर्मा , युवराज राठौर,आदि सैकड़ों छात्र मौजूद रहे।

# रोटरी - इंटरेक्टर्स ने लिया जन सेवा का संकल्प

**समय जगत,झांसी।** रोटरी क्लब ऑफ झांसी संरक्षित इंटरेक्ट क्लब का प्रथम लर्निंग सेमिनार अध्यक्ष रोटे0 सी0 बी0 राय की अध्यक्षता, श्रीमती डॉ0 कुसुम सुधाकर पांडे के मुख्य आतिथ्य में एवं सुश्री डा0 कल्पना सिंह जी के विशिष्ट आतिथ्य' में संपन्न हुआ।

'वरिष्ट रोटे सीताराम श्रीवास्तव एड0 एवं पी0 के0 भटनागर ने 24 सदस्यों के कोमल मन आंगन में रोटरी के अंकुर रोपित करते हुए भविष्य के कुशल रोटेरियन के रूप में पुष्पित पल्लवित होने के गुर सिखाए'।

'इंटरेक्ट अध्यक्ष कु सोनी नामदेव ने पूरे जोश के साथ अपनी टीम को लेकर रोटरी के सेवा पथ पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ कुसुम सुधाकर पांडे ने इस नए इंटरेक्ट ग्रुप के उत्साह की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी साथ ही रोटरी की इस उपलब्धि की सराहना भी की'।

'कार्यक्रम का संचालन रोटे0 डा0 प्रदीप श्रीवास्तव एवं आभार सचिव रोटे विजय कुमार खरे ने व्यक्त किया'।

# कालपी सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों के बीच पहुँचे सांसद अनुराग शर्मा, शोक संवेदना व्यक्त कर 5-5 लाख रुपये की सहायता राशि के चेक दिए



**समय जगत, महरौनी/ललितपुर।** कालपी के पास नेशनल हाईवे 27 पर अयोध्या धाम के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं के साथ हुई भीषण दुर्घटना में जान गंवाने वाले महरौनी के नौ निवासियों के परिजनों से मिलने आज झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद श्री अनुराग शर्मा जी महरौनी पहुँचे।

अत्यंत भावुक क्षणों के बीच, सांसद जी ने माननीय विधायक श्री रामरतन कुशवाहा जी एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में पीड़ित परिवारों से भेंट की और उन्हें ढांढस बंधाया। इस दौरान सांसद जी ने मुख्यमंत्री राहत कोष व अन्य योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत 5-5 लाख की आर्थिक सहायता राशि के चेक प्रत्येक पीड़ित परिवार को वितरित किए। शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता परिवारों का दुख सांसद अनुराग शर्मा पीड़ित परिवारों से भेंट के उपरांत सांसद श्री अनुराग शर्मा जी ने कहा कि, आज मन अत्यंत व्यथित और भारी है। अयोध्या से दर्शन कर लौट रहे हमारे क्षेत्र के नौ परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, यह क्षति अपूरणीय है। यद्यपि कोई भी धनराशि जीवन की कमी को पूरा नहीं कर सकती, लेकिन शासन की ओर से यह एक छोटा सा प्रयास है कि पीड़ित परिवारों को इस कठिन समय में संबल मिल सके। हम हर कदम पर इन परिवारों के साथ खड़े हैं।

इस अवसर पर जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे, जिन्हें सांसद जी ने निर्देशित किया कि शासन की अन्य योजनाओं का लाभ भी इन परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर दिलाया जाए।

इस दौरान विधायक श्री रामरतन कुशवाहा जी ने भी अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और पीड़ित परिवारों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भी इस दुखद घड़ी में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की।

# भाजपा कार्यकर्ता का बार बालाओं के साथ वीडियो वायरल होते ही नगर विधायक ने झाड़ा पल्ला

## नगर विधायक ने पत्र जारी कर प्रतिनिधि के संबंध में दिया स्पष्टीकरण

**समय जगत, झांसी।** बीते रोज़ भाजपा के एक कार्यकर्ता का बार बालाओं के संग डांस करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में चर्चाओं का बाजार गर्म है बताया जाता है कि उक्त कार्यकर्ता स्वयं को नगर विधायक रवि शर्मा का प्रतिनिधि बताता था लेकिन बीते रोज़ बार बालाओं के साथ अश्लील वीडियो वायरल होने के बाद नगर विधायक रवि शर्मा ने मीडिया मे पत्र जारी कर उक्त व्यक्ति को किसी भी पद य प्रतिनिधि बनाने की बात से साफइंकार कर दिया जो लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि थाना प्रेम नगर क्षेत्र अन्तर्गत राजगढ़ के रहने वाले आदर्श शर्मा उर्फलाला शर्मा भाजपा के कार्यकर्ता हैं और खुद को नगर विधायक रवि शर्मा का प्रतिनिधि बताते थे एवं पार्टी के सभी छोटे बड़े कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हैं लेकिन बीते रोज़ बार बालाओं के साथ अश्लील गाने पर डांस करते हुए वीडियो वायरल होते ही भाजपा पार्टी की जिला इकाई में हड़कंप मच गया सोशल मीडिया पर आ रहे लाखों लोगों के कमेंट ने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में खलबली मचा दी आनन-फानन में नगर विधायक रवि शर्मा ने सोमवार को मीडिया के नाम पत्र जारी कर स्पष्ट किया कि राजगढ़ निवासी आदर्श शर्मा उर्फलाला को उन्होंने कभी अपना प्रतिनिधि नहीं बनाया सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो एंव चल रही ख़बर पूर्णतया असत्य है।

साथ ही साथ उक्त पत्र के साथ एक पत्र और सलंग्न किया जिसमें पूर्व में नियुक्त जनप्रतिनिधियों से 10 जुलाई 2025 को सभी दायित्वों को तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया गया है।नगर विधायक रवि शर्मा द्वारा जारी पत्र के बाद उक्त मामला लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया पर आदर्श शर्मा उर्फलाला शर्मा ने एक वीडियो जारी कर भी नगर विधायक रवि शर्मा द्वारा जारी पत्र के हवाले से बताया कि वह नगर विधायक रवि शर्मा के कार्यालय एंव निवास पर सिर्फएक कार्यकर्ता की हैसियत से जाते थे उन्हें कभी जनप्रतिनिधि नहीं बनाया गया।

# सनशाइन क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में सनशाइन क्लब की दूसरी आमसभा होटल यात्रिक में हुई संपन्न



**समय जगत, झांसी।** सनशाइन क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में सनशाइन क्लब की दूसरी आमसभा होटल यात्रिक में संपन्न हुई।

आमसभा में विगत माह संपन्न हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। संपन्न हुए कार्यक्रमों के संयोजकों को सफलतापूर्वक कार्यक्रमों को संयोजित कराए जाने पर उनका आभार व्यक्त किया गया, तत्पश्चात आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस, विश्व रक्तदान दिवस, विश्व योग दिवस,

मनाए जाने के साथ-साथ वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर, शर्बत वितरण पर विचार विमर्श किया गया।

अन्य विषय के अंतर्गत सदस्यों द्वारा जनहित में अपने-अपने विचार व्यक्त किए गए।

आम सभा में चंद्रशेखर तिगुनायक, श्याम मुरारी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, वैदेहीशरण सरावगी, उमेश गुप्ता, सीए रोहित जायसवाल, अमित जैन, रामकुमार अग्रवाल, डॉक्टर एल सी अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, शरद पहारिया, संजय कानोडिया, त्रिलोकीनाथ अग्रवाल, अरुण पाठक, अरविंद लोहिया, सुरेंद्र नौगरिया, आशीष सोनी, आशीष कुमार सोनी पीएनबी, संजीव कुमार नायक, संतोष कुमार अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, राजीव नगरिया, संदेश अग्रवाल, पवन गुप्ता, अजय निगम, पंकज अग्रवाल, डॉ0 दीपक उपाध्याय, आनंद बंसल, राजेश अग्रवाल, अरुण कुमार गुप्ता इत्यादि सम्मिलित हुए।

अंत में सचिव विलास गुप्ता द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

# मुख्यमंत्री को पंजाब में जीत का टास्क पूरा करने की मिली जिम्मेदारी



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शनिवार को बंगाल के सीएम के रूप में सुवेंदु अधिकारी के दायित्व ग्रहण समारोह के साक्षी बने तो रविवार को असम में हिमंत बिस्वा सरमा को मुख्यमंत्री के रूप में चुने जाने के लिए सह पर्यवेक्षक की भूमिका में नजर आए। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व की निगाह में निरंतर लोकप्रियता हासिल कर रहे नायब सैनी का दिल्ली, राजस्थान, बिहार, मध्यप्रदेश, असम और बंगाल की जीत में अहम योगदान रहा है। नायब सैनी इन राज्यों की जितनी विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए गए, वहां भाजपा उम्मीदवारों की जीत हुई। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने नायब सिंह सैनी को अब पंजाब में जीत की भूमिका तैयार करने का टास्क सौंप रखा है। इसे पूरा करने की कड़ी में नायब सैनी हर रोज न केवल पंजाब के नेताओं व कार्यकर्ताओं से चंडीगढ़ में मुलाकात कर रहे हैं, बल्कि स्वयं पंजाब जाकर वहां धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल हो रहे हैं। भाजपा नेतृत्व ने असम में जगत प्रकाश नड्डा को केंद्रीय पर्यवेक्षक और नायब सिंह सैनी को सह पर्यवेक्षक बनाकर भेजा था। नड्डा और सैनी की मौजूदगी में हिमंता बिस्वा सरमा को असम का भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हिमंता बिस्वा सरमा को असम का सीएम बनने पर बधाई दी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। जेपी नड्डा और नायब सैनी दोनों गुवाहटी स्थित माता कामाख्या देवी के मंदिर में गए और पूजा अर्चना की। एक पर्यटन स्थल पर हिमंत बिस्वा सरमा भी नड्डा और नायब के साथ पहुंचे। मुख्यमंत्री ने बंगाल में सुवेंदु अधिकारी और असम में हिमंता बिस्वा सरमा के मुख्यमंत्री बनने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब पंजाब की बारी है। पंजाब के लोग पहले कांग्रेस से तंग थे और अब आम आदमी पार्टी की सरकार से तंग आ चुके हैं। उन्हें केंद्र की मोदी सरकार और हरियाणा की भाजपा सरकार के विकास का माडल बहुत पसंद आ रहा है। इसलिए वह दिन दूर नहीं, जब पंजाब में भी भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता के हित में काम करेगी।

# हरियाणा निकाय चुनाव में 54 फीसदी हुई वोटिंग



**समय जगत, चंडीगढ़।** हरियाणा के सात शहरी निकायों में रविवार को हुए चुनाव में मतदान का प्रतिशत सामान्य रहा। अंबाला, पंचकूला और सोनीपत नगर निगम, रेवाड़ी नगर परिषद, धारूहेड़ा, सांपला और उकलाना नगरपालिकाओं में शाम सात बजे तक 54.1 प्रतिशत मतदान हुआ। यह दर्शाता है कि आधे से कम मतदाताओं ने निकाय चुनाव में मतदान करने में रुचि नहीं दिखाई। शहरों में विकास कार्यों की कमी, खराब सड़कें और बिजली-पानी की समस्याओं के बावजूद लोग मतदान के लिए घरों से नहीं निकलते हैं। मतदान के दौरान विभिन्न शहरी निकायों में मामूली झड़प और विवाद की घटनाएं हुई। राज्य चुनाव आयुक्त देवेंद्र सिंह कल्याण ने कहा कि नगर निकाय एवं पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुए हैं। मार्च 2025 में हरियाणा के 36 नगर निकायों में औसत मतदान 46.5 प्रतिशत रहा था। रविवार को अंबाला नगर निगम में 54.5 प्रतिशत और उकलाना नगरपालिका में 75.7 प्रतिशत मतदान हुआ। पंचकूला में केवल 52.2 प्रतिशत मतदाता ही मतदान के लिए निकले। हरियाणा के शहरी निकाय चुनाव में 8 लाख 73 हजार 177 मतदाताओं में से 4 लाख 72 हजार 8 ने अपने वोट का उपयोग किया। मेयर के चुनाव में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच रहा।

## सार-समाचार

### ओसीईएमएस न लगाने पर फैक्टरियों को किया गया सील

**साहिबाबाद।** ऑनलाइन निरंतर उत्सर्जन निगरानी प्रणाली (ओसीईएमएस) नहीं लगाने वाली गाजियाबाद की 14 फैक्टरियों को सील कर दिया गया। रविवार को जिला प्रशासन, ऊर्जा निगम और पीसीबी की संयुक्त टीम ने अभियान चला कर औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से पिछले दिनों ओसीईएमएस न लगाने वाली औद्योगिक इकाइयों की सूची जारी कर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के आदेश जिला प्रशासन को दिए थे। आदेश के बाद अपर जिलाधिकारी विकास कश्यप ने पांच अलग-अलग टीम गठित की, जिसे रविवार को अलग-अलग औद्योगिक क्षेत्र में भेजा गया। टीम को कई जगह ओसीईएमएस लगे हुए भी मिलेए लेकिन वह चालू स्थिति में नहीं थे। ऐसे में इन फैक्टरियों का विद्युत कनेक्शन काटते हुए इन्हें सील किया गया। क्षेत्रीय प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी ने बताया कि बार-बार औद्योगिक इकाइयों को नोटिस जारी किया जा रहा था, बावजूद इसके ओसीईएमएस नहीं लगाया गया। ऐसे में जिला प्रशासन की संयुक्त टीम के साथ कार्रवाई की गई। सभी फैक्टरी संचालकों को ओसीईएमएस लगाने और उसे चालू करने की चेतावनी दी गई है।

### रोजगार के अवसरों पर हुई चर्चा

**फरीदाबाद।** आईएमटी इंडस्ट्रीज एसोसिएशन फरीदाबाद (आईआईएएफ) की ओर से शनिवार को ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई, जिसमें औद्योगिक विकास और रोजगार के अवसरों पर चर्चा हुई। इसके साथ ही आईआईएएफ के अध्यक्ष प्रमोद राणा ने एसोसिएशन द्वारा संचालित जॉब पोर्टल प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया। प्रमोद राणा ने कहा कि आईआईएएफ जॉब पोर्टल वर्तमान में भी कई उद्यमियों को उनकी जरूरत के अनुसार कुशल कारीगर और युवाओं को बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने में सेतु का काम कर रहा है। बैठक में शामिल अन्य उद्यमियों ने भी सुझाव दिए।

### सेवा, संस्कार और राष्ट्र निर्माण का उत्सव सुरक्षित बचपन परियोजना हुई शुरू

**फरीदाबाद।** सेक्टर-14 स्थित निजी स्कूल के ऑडिटोरियम में सुनहरी किरण सामाजिक संस्था के 20 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने पर सामाजिक यात्रा एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और उन्होंने सुरक्षित बचपन परियोजना का शुभारंभ किया। समारोह में समाज सेवा शिक्षा और जनजागरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान से हुई। संस्था पदाधिकारियों ने मुख्य अतिथि का स्मृति चिन्ह और पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। अपने संबोधन में विपुल गोयल ने कहा कि सेवा ही समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और एकात्म मानववाद के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए युवाओं से समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम में मेयर प्रवीण बत्रा, पार्षद रश्मि यादव समेत कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। संस्था अध्यक्ष अरुण सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों और स्वयंसेवकों ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते पदक

**गाजियाबाद।** लाल कुआं स्थित जेएसआर बैंक्ड ट्रैक पर रविवार को हुई चौथी इंटरस्कूल स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने प्रतिभा का परिचय देकर पदक जीते। यूपी स्पीड स्केटिंग एसोसिएशन के सचिव रवि कुमार वर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में गाजियाबाद, नोएडा व दिल्ली से 32 विद्यालयों के लगभग 600 प्रतिभाशाली युवा स्केटर्स ने भाग लिया। इसमें अंडर-8 बालिका वर्ग में वेदांशी ने पहला, काव्या ने दूसरा व कनक ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में सिद्धार्थ ने पहला, अनुराग ने दूसरा व पार्थ ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-10 बालिका वर्ग में दृष्टि ने पहला व अकीरा ने दूसरा स्थान हासिल किया। बालक वर्ग में चिराग ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं अंडर-13 बालक वर्ग में शक्ति ने पहला, विवान ने दूसरा व उत्कर्ष ने तीसरा स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में हत्साह ने पहला, अवनिका ने दूसरा व वर्णिका ने तीसरा स्थान हासिल किया। टीम वर्ग में इंदिरापुरम के सेंट टेरेसा पब्लिक स्कूल ने पहला व डीपीएसजी मेरठ रोड ने दूसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता व उपविजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री राव नरवीर सिंह ने सम्मान समारोह को किया संबोधित

**गुरुग्राम।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष के अनुभवों से सीखते हुए इस बार जलभराव नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान उत्पन्न परिस्थितियों और प्रबंधन के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए इस बार प्रशासन द्वारा पहले से व्यापक तैयारियां की गई हैं ताकि आमजन को समस्याओं का सामना न करना पड़े। पिछले वर्ष गुरुग्राम में 158 जलभराव बिंदु चिन्हित किए गए थे, जिन पर लगातार कार्य किया गया है और इस बार प्रयास है कि बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो। कैबिनेट मंत्री रविवार को गुरुग्राम के सेक्टर-15 पार्ट-2 में आरडब्ल्यूए द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। राव नरबीर सिंह ने कहा कि गुरुग्राम में जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए वह स्वयं लगातार प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर कार्यों की प्रगति की निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लेग-1, लेग-2 और लेग-3 की सफाई का कार्य निरंतर जारी है। साथ ही एसपीआर रोड पर नई ड्रेन का निर्माण किया गया है, जिससे घाटा चौक की ओर से पुराने शहर की तरफ आने वाले पानी की निकासी अब सुचारू रूप से हो सकेगी। इससे पुराने गुरुग्राम क्षेत्र में बरसात के समय जलभराव का दबाव काफी हद तक कम होगा। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री ने आमजन से प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सरकार द्वारा वर्ष 2013 से पॉलिथीन के उपयोग और बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा लगातार जांच अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों को भी इस अभियान में सहभागी बनना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सके। राव ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते एक्यूआई स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार द्वारा प्रदूषण नियंत्रण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

## 18 साल के बाद भी सरकार रखेगी ख्याल

# दिल्ली में आफ्टरकेयर स्कीम को दी गई मंजूरी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने 18 साल के बाद चाइल्ड केयर संस्थानों से बाहर आने वाले अनाथ और जरूरतमंद युवाओं के लिए आफ्टरकेयर स्कीम लागू की है। योजना के तहत पढ़ाई, नौकरी और आर्थिक मदद देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर जोर दिया जाएगा। चाइल्ड केयर संस्थानों से 18 साल की उम्र के बाद बाहर आने वाले अनाथ और जरूरतमंद युवाओं की देखभाल के लिए दिल्ली सरकार ने 'आफ्टरकेयर स्कीम' को मंजूरी दे दी है। सरकार की इसके जरिए ऐसे युवाओं को पढ़ाई, नौकरी और आर्थिक मदद देकर आत्मनिर्भर बनाने की तैयारी है। मातृ दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इन युवाओं को स्नेह भरा तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को संस्थागत देखभाल छोड़ने वाले युवाओं के लिए आफ्टरकेयर स्कीम फॉर यंग पर्सन्स की घोषणा की। इस योजना का मकसद उन युवाओं को सहारा देना है, जो 18 साल की उम्र पूरी होने के बाद चाइल्ड केयर संस्थानों से बाहर निकलते हैं और जीवन की नई चुनौतियों का सामना करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल बच्चों को संरक्षण देना नहीं है, बल्कि उन्हें ऐसा भविष्य देना है, जहां वे खुद को सुरक्षित और सक्षम महसूस करें। उन्होंने कहा, कोई भी बच्चा बालिग होने के बाद खुद को अकेला न समझे, सरकार उसका साथ नहीं छोड़ेगी। इस योजना के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में 3.5 करोड़ रुपये का बजट तय किया गया है। इसके तहत जरूरत के हिसाब से युवाओं की पहचान की जाएगी और उनके लिए अलग-अलग प्लान तैयार किए जाएंगे, ताकि उन्हें सही समय पर सही मदद मिल सके। मुख्यमंत्री ने मातृ दिवस पर लाजपत नगर स्थित विलेज कॉटेज होम का दौरा भी किया और बच्चों से मुलाकात की। यहां उन्होंने बच्चों से बातचीत कर उनका हाल जाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। दिल्ली में इस समय 88 चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशंस (सीसीआई) चल रहे हैं, जिन्हें सरकार और गैर-सरकारी संस्थाएं मिलकर संचालित करती हैं। इन संस्थानों में 18 साल तक के बच्चों को रहने, पढ़ाई, सुरक्षा और अन्य जरूरी सुविधाएं मिलती हैं। इसके अलावा दो आफ्टरकेयर होम भी हैं। एक लड़कों और एक लड़कियों के लिए है, जहां 18 साल से ऊपर के युवाओं को सीमित समय के लिए सहारा दिया जाता है। सरकार के मिताबिक हर साल करीब 150 से 200 युवा 18 साल की उम्र के बाद इन संस्थानों से बाहर आते हैं। संस्थान के अंदर उन्हें काफी मदद मिलती है, लेकिन बाहर निकलने के बाद पढ़ाई जारी रखना, नौकरी ढूंढना, रहने की व्यवस्था करना और आर्थिक समस्याओं से जूझना उनके लिए बड़ी चुनौती बन जाता है। कई बार उन्हें परिवार का सहारा भी नहीं मिल पाता। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए ये नई योजना तैयार की गई है। इसके तहत युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए सहायता दी जाएगी, ताकि वे कॉलेज या अन्य पढ़ाई जारी रख सकें। साथ ही स्किल डेवलपमेंट और व्यावसायिक प्रशिक्षण के जरिए उन्हें रोजगार के लिए तैयार किया जाएगा। योजना में इंटर्नशिप और नौकरी के अवसरों से जोड़ने पर भी खास जोर रहेगा। आर्थिक मदद के रूप में मासिक स्टाइपेंड देने का प्रावधान किया गया है, जिससे शुरुआती दौर में उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। इसके अलावा काउंसलिंग, मेंटरिंग, करियर गाइडेंस और भावनात्मक सहयोग भी दिया जाएगा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें। जरूरत पड़ने पर युवाओं को इमरजेंसी सहायता और केस-आधारित मदद भी मिलेगी। सरकार का कहना है कि हर युवा की स्थिति अलग होती है, इसलिए योजना को लचीला रखा गया है ताकि जरूरत के हिसाब से सहायता दी जा सके। योजना के बेहतर संचालन के लिए राज्य और जिला स्तर पर निगरानी व्यवस्था भी बनाई जाएगी। राज्य स्तर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के सचिव की अध्यक्षता में स्टेट आफ्टरकेयर कमेटी गठित होगी।

# गर्मी से बीमार मरीजों की संख्या मेले में रही अधिक

**गाजियाबाद।** आरोग्य स्वास्थ्य मेलों में रविवार को बड़ी संख्या में मरीज इलाज कराने पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्रों पर वायरल बुखार, पेट दर्द, उल्टी, कमजोरी और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे अधिक रही। डॉक्टरों ने लोगों को मौसम में सावधानी बरतने और खानपान का विशेष ध्यान रखने की सलाह दी है। नोडल अधिकारी डॉ. राकेश गुप्ता ने बताया कि जिले के 66 केंद्रों पर आरोग्य मेलों का आयोजन किया गया। इन मेलों में 4085 मरीजों ने इलाज कराया। इनमें से 562 मरीजों को गंभीर स्थिति या विशेष जांच के लिए अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया, जबकि 98 मरीजों को भर्ती कर उपचार दिया गया। मेले में गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान भी चलाया गया। इस दौरान 354 गर्भवती महिलाओं को टिटनेस के टीके लगाए गए और 325 बच्चों का नियमित टीकाकरण किया गया। वहीं, 38 लोगों को एंटीरेबीज टीका लगाया गया। नगरीय स्वास्थ्य केंद्र घूकना के प्रभारी डॉ. ललित कुमार ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ वायरल संक्रमण और पेट संबंधी बीमारियों के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। उन्होंने लोगों को अधिक मात्रा में पानी और अन्य तरल पदार्थ लेने की सलाह दी। साथ ही धूप में निकलने से बचने, हल्का भोजन करने और बाहर जाते समय सिर ढककर रखने को कहा। विजयनगर निवासी 42 वर्षीय राजेश कुमार पिछले दो दिनों से तेज बुखार और शरीर में कमजोरी महसूस कर रहे थे, लेकिन अस्पताल जाने का समय नहीं मिल रहा था। रविवार को उन्होंने आरोग्य मेले में जांच कराई। डॉक्टरों ने वायरल संक्रमण की पुष्टि कर दवा दी। राजेश ने बताया कि मुफ्त जांच और दवा मिलने से उन्हें काफी राहत मिली। नंदग्राम निवासी पूजा अपने तीन वर्षीय बेटे को लेकर दीनदयाल पुरी नगरीय स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित मेले में पहुंचीं। बच्चे को उल्टी और पेट दर्द की शिकायत थी। जांच के बाद डॉक्टरों ने दवा दी और खानपान को लेकर जरूरी सलाह भी दी। पूजा ने बताया कि मेले में जल्दी इलाज मिल गया। इससे उन्हें निजी अस्पताल जाने की जरूरत नहीं पड़ी।

# जिले में संक्रामक बीमारियों के बढ़ रहे हैं मामले

## जिला नागरिक अस्पताल में बाल रोग वार्ड हुआ फुल



**फरीदाबाद।** लगातार बढ़ रही गर्मी अब बच्चों की सेहत पर भारी पड़ने लगी है। जिला नागरिक अस्पताल में बुखार, डायरिया, उल्टी, डिहाइड्रेशन और वायरल संक्रमण से पीड़ित बच्चों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। स्थिति यह है कि बाल रोग वार्ड पूरी तरह भर चुका है और एक बेड पर दो-दो बच्चों को भर्ती कर इलाज करना पड़ रहा है। अस्पताल में सुबह से ही बच्चों को लेकर पहुंचने वाले अभिभावकों की लंबी कतारें लग रही हैं। डॉक्टरों का कहना है कि तेज धूप और गलत खानपान की वजह से अधिकतर बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। छोटे बच्चों में पानी की कमी और संक्रमण के मामले सबसे ज्यादा सामने आ रहे हैं। अस्पताल में भर्ती बच्चे की मां शबाना ने बताया कि उसके बेटे को तेज बुखार और उल्टियों की शिकायत थी। अस्पताल पहुंचने पर वार्ड में जगह नहीं मिली, जिसके कारण काफी परेशानी उठानी पड़ी। वहीं किरण ने कहा कि गर्मी के कारण उसकी बेटी की तबीयत अचानक बिगड़ गई। अस्पताल में मरीजों की संख्या अधिक होने से इलाज में भी समय लग रहा है। वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास गोयल ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में बच्चों में वायरल बुखार, डायरिया और डिहाइड्रेशन के मामलों में तेजी आई है। उन्होंने कहा कि गर्मी में बच्चों को बाहर खेलने से बचाएं और पर्याप्त मात्रा में पानी पिलाएं।

खाने-पीने की चीजों में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। डॉ. गोयल ने अभिभावकों को सलाह दी कि बच्चों को ताजा और हल्का भोजन दें तथा बाहर का खुला खाना खाने से बचाएं। उन्होंने कहा कि यदि बच्चे को लगातार बुखार, उल्टी या दस्त की शिकायत हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अतिरिक्त व्यवस्थाएं की जा रहा हैं।

# दिल्ली मेट्रो ने लॉन्च किया विशेष स्मार्ट कार्ड

## अब एक कार्ड से मेट्रो-बस समेत कई सेवाओं में पेमेंट




**ई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) ने एयरटेल पेमेंट्स बैंक के साथ साझेदारी कर को-ब्रांडेड रुपे ऑन द गो कार्ड नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड (एनसीएमसी) लॉन्च किया है। इस कार्ड की मदद से यात्री देशभर में मेट्रो, बस और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में एक ही कार्ड से भुगतान कर सकेंगे। डीएमआरसी मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार और एयरटेल पेमेंट्स बैंक के एमडी एवं सीईओ अनुब्रत बिस्वास मौजूद रहे। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्ड डेबिट कार्ड और प्रीपेड ट्रांजिट कार्ड दोनों की तरह काम करेगा। डीएमआरसी ने बताया कि अगले 10 दिनों में यह कार्ड सभी मेट्रो स्टेशनों पर उपलब्ध होगा। यात्री डीएमआरसी या एयरटेल ऐप के जरिए इसे डिजिटल रूप से रिचार्ज भी कर सकेंगे। इससे टॉप-अप के लिए स्टेशनों पर लगने वाली कतारें कम होंगी। डीएमआरसी के अनुसार, यह पहल केंद्र सरकार के वन नेशन, वन कार्ड विजन के अनुरूप है। मौजूदा दिल्ली मेट्रो कार्ड केवल मेट्रो नेटवर्क तक सीमित हैं, जबकि नया एनसीएमसी कार्ड कई शहरों और परिवहन प्रणालियों में इस्तेमाल किया जा सकेगा। पुराने कार्ड पहले की तरह काम करते रहेंगे।

## सदर बाजार की पार्किंग औपचारिक रूप से शुरु

**गुरुग्राम।** नगर निगम की ओर से सदर बाजार में बनी शहर की बहुमंजिला पार्किंग रविवार से आम जन के लिए शुरु हो गई। स्थानीय विधायक और नगर निगम मेयर राजरानी मल्होत्रा की मौजूदगी में इसे शुरु किया गया। उद्घाटन के तुरंत बाद ही पार्किंग पर ताले लग गए थे जिसके चलते नेताओं के बीच आपस में खिंचतान होने की बात कही जा रही थी। इसके चालू होने के बाद आम जन को राहत मिलेगी और आस-पास लगने वाले जाम से निजात मिलेगी। विधायक मुकेश शर्मा ने नगर निगम के अधिकारियों और शहर की प्रथम नागरिक यानी मेयर को भरोसे में लिए बिना ही पार्किंग का उद्घाटन कर दिया था। चौंकाने वाली बात यह है कि विधायक ने बिना टेंडर जारी किए ही पार्किंग को शुरू कर दिया। जबकि एक निजी एजेंसी को यह टेंडर खोला जा चुका है। विधायक ने अपने स्तर पर ही कुछ स्थानीय पार्षदों और अपने समर्थकों व कार्यकर्ताओं को मौके पर इकट्ठा किया और आनन-फानन में नारियल तोड़कर पार्किंग का ताला खोलकर उसे शुरू कर दिया।

## शक्तिखंड की सड़कों पर सीवर का पानी भरने से लोगों की बढ़ी परेशानी

**इंदिरापुरम।** शक्तिखंड इलाके में सड़कों पर सीवर का पानी भरने से स्थानीय लोगों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। जगह-जगह गंदा पानी जमा होने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी मुकेश शर्मा का कहना है कि सीवर ओवरफ्लो होने से सड़कों पर गंदा पानी फैल गया है। इससे पूरे इलाके में बदबू और गंदगी का माहौल बना हुआ है। लोगों का आरोप है कि बारिश के बाद स्थिति और ज्यादा खराब हो गई है। कई जगहों पर सड़कें जलभराव की वजह से कीचड़ में तब्दील हो गई हैं। रोजाना आने-जाने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालक फिसलने के डर से परेशान हैं, वहीं पैदल चलने वालों को भी काफी दिक्कत हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से समस्या बनी हुई है, लेकिन समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा। जल्द सीवर व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। लोगों ने नगर निगम से जल्द सफाई और सीवर लाइन की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके। जलकल के अवर अभियंता मयंक मिश्रा ने बताया कि पाइप लाइन फटने की वजह से दिक्कत हुई थी। इससे जलभराव होने की वजह से लोगों को परेशान होना पड़ा। पाइप लाइन की मरम्मत करा दी गई है। अब समस्या नहीं होगी।